मंडै ऋतु पावस पावस जात, घनै सरदा सर-दादि सुहात । ऋतू ऋतुवंत रसाल विवेक, मंडे तर-कारिय भांति अनेक ॥ १२८ ॥

किते पटवानि के हट्ट प्रधांन, गंठैं बहु भूषन पाट विन्नान । किते करि दंत चढ़ाइ षरादि, उतारहिं नूटक चंग प्रसाद ॥ १२९ ॥

कितै तहं बौहरे आसुर वृंद, करैं बहु वस्त्र व्यापार समुंद । कराहिय कंटक लोह कुठार, सचैं गुजरातिय कग्गर तार ॥ १३० ॥

लसैं कोटवालि सु चौतरे उंच, बैठे कोटवाल करैं षल षंच । निवेरहिं सत्य असत्य सु न्याउ, बहू चर वृंदनि सेवत पाउ ॥ १३१ ॥

कहूं सु जगातिय लेत जगाति, रहैं रखवारि किते दिन राति । गहैं कर षौंचिय इंच सु दांन दियावहि श्री महारानु सु आंन ॥ १३२ ॥

सुजी भरभुंजे कंसार ठंठार, धरैं सिकली गर सस्त्र सुधारि । किते रंगरेज रगैं बहु रंग, सु चूंनरि पाग कसुंभिय रंग ॥ १३३ ॥

किते इक मोचिय बाजि पलांन, रचैं शूरवार सु पाइनि त्रान । जिती जग जाति तिते तिन कर्म्म, सबैं सुष लोक बढ़ैं धन धर्म्म ॥ १३४ ॥

क्तिते मन हट्टिय कंगहि काच, बहू विधि मुंदरी हार सु वाच । पंना नग मुत्तिय लाल प्रवाल, करी रद कुंपिय विंदुलि भाल ॥ १३५ ॥

किते षट दर्शन् आश्रम श्रैंन, सा लाजल वेग समेत सचैंन । लहैं बहु दांनरू मांन भुगत्ति, सबै जग सेवत योग युगत्ति ॥ १३६ ॥

कहूं कठियार क्रीणंत कबार, भरे केउ मोहन इंधन भार । अलेषहि लादे पशूनि सुचार, करैं क्रय घासिय घास अपार ॥ १३७ ॥

कहूं नट नच्चत जूझत मल्ल, कहूं कहुं पिक्खन ष्याल नवल्ल । कहूं बर पंडित बोलत बाद, कहूं निपजंत नए सु प्रसाद ॥ १३८ ॥

कहूं तिय सोहव गावति गीत, बजैं डफ ढोल मृदंग पुनीत । कहूं नृप दासि बडारनि झुंड, सजै तनु सार सिंगार सु मंड ॥ १३९ ॥

कितेइ सौदागर अश्व सिंगारि, दिषांउन आंनहि राज दुआरि । बहू रंग चंचल वेग विग्यान, ततथेइ थेइ सु नच्चत तांन ॥ १४० ॥

किते उमराव हयग्गय सेन, किते बहु सेठरु साहस चैंन । किते पशु वृंद किते नर नारि, मचैं बहु भीर बजार मझार ॥ १४१ ॥

दोहा ।

धान-मढ़ी लोनह-मढी, रुई-मढी सुभ संज ।
अनछादित सुस्थित अमित, गिरिवर सम बहु गंज १४२
बंधि गंठि बहु भंतिकन, ढोवत किते हमाल ।
के वारदि केई सकट, सब दिन रहत सु काल ॥१४३॥
सुंदर तिय केऊ सहस, शीश सुघट पनिहारि ।
कोकिल ज्यों कलरव करहिं, भरहि छानि वर वारि१४४
किते पषालिय महिष वृष, भरे मसक के नीर ।
हय गय नर तिय पन घटहिं, सब दिन रहत सभीर१४५
मेद पाट जन पद सु मधि, सहर उदय पुर साज ।
महारांन करनेश सुव, जगत सिंह युवराज ॥१४६॥
रानि जनादे रूप रति, सत सीता सु विचारि ।
राजसिंह राना रतन, जाए जिन जय कार ॥१४७॥

कवित्त ।

संबत सोरह सरस बरस छह असिय बखानह ।
असि अमृत ऋतु सरद, धरा निप्पनिय सुधानह ॥
मंगल कातिक मास पढ़म पष बीय पवित्तह । बल-
वंतो बुध वार निरषि भरनी सुनषत्तह ॥ निसि नाथ
उदित गय पहर निशि मेष लगन मन्यों सु मन ।
जगतेश रान घर सुत जनम राजसिंह राना रतन १४८

विकसत हरि हर ब्रह्म सूर ससि अधिक सुहाइय ।
इंद ताम उच्छाह सकल सुर हरष सवाइय ॥ गावहिं

अपछरि गीत व्योम दुंदुही सु बज्जय । षल मंदिर षर हरिय धमकि आसुरि धर धुज्जिय । गिरि परिय ताम तुरकनि गरभ यवन करत केऊ यतन । जगतेश्श रान घर सुत जनम राजसिंह राना रतन ॥१४८॥

जगतेश्श रान घर सुत जनंम । धर हरिय असुर धर तबहि धंम । गिरि परिय ढरिय यवनेश्श गेह । खल नगर शीश्श बरसंत षेह ॥ १५० ॥

अति इंद्रलोक मंड्यो उछाह, सुर कहत सद्द जय जय सराह । गावंत मधुर अच्छरि सु गांन वज्जंत देव दुदुंभि विमान ॥१५१ ॥

दीनी सु बधाई दासी दोरि । गय गमनि हसित मुषि जानि गोरि । यहु सुनत ताहि कीने पशाव । झिगमिगत अंग भूषन जराव ॥ १५२ ॥

बर विविधि घोष नौवति सु बज्जि, गगनहि गँभीर प्रति सद्द गज्जि । गावंत नारि सोहव सुगीत, पटकूल पहिर भूषन सुपीत ॥ १५३ ॥

वीती सु निसा प्रगट्यो विहान, झलहलत तेज उग्यो जु भान । रस रंग चित्त जगतेश्श रान, दीन्हें अनेक हय गय सु दान ॥ १५४ ॥

रुपि जन्म गेह रंभा रसल, बहु लंब भुंब पत्रहि विशाल । बंधनह मुक्कि तव बंदिवांन, हरखे सु लोक सब हिंदुयान ॥ १५५ ॥

बंदननिमाल घर घरहि वार, सब सहर हट्ट पट्टन सिंगार । तोरन सु बंधि प्रति द्वार तुंग, रवि मंडियान देषंत रंग ॥ १५६ ॥

वसुपाल वेगि जोइसि बुलाय, आसीस विप्र दीनी सु आय । रवि रूप चिरं जगतेश रांन, थिर करहु रद्य पहु हिंदुयान ॥ १५७ ॥

दीनो समान बैठक्क दीन, पढ़ि लिषत जन्म-पत्री प्रवीन । मंड्यो सुताम धुर लगन मेष, वहु वीर्य चित्त कारक विशेष ॥ १५८ ॥

वपु भुवन लगन अज शशि बइट्ठ, बहु ऋद्धि वृद्धि कारक बलिट्ठ । दुतिवंत सहज सुंदर सुदेह, नर नारि निरषि दृग धरत नेह ॥ १५९ ॥

गिनि मिथुन लगन वर सहज गेह, अति उच्च राहु लच्छी अछेह । मन हरष नित्य मंगल महंत, बल चित्तकार पंडित वदंत ॥ १६० ॥

अरि भवन लगन कन्या उमंग, सविता बइट्ठ बर बुद्ध संग । भाषे सुजांन रिपु करन भंग, अति तेज वंत जंगहि अभंग ॥ १६१ ॥

कहियै सु लगन कुल गृह कलित्र, प्रगटे सु तहां भृगु शनि पवित्र । भामिनी भूरि संपजै भोग, संपदा शुक्र निज गृह संयोग ॥ १६२ ॥

कृत धर्म भवन धन लगन केत, दिल शुद्ध होइ इह दान देत । भल मकर लगन गुरु भवन भाग, भूपाल एह निश्चै सभाग ॥ १६३ ॥

बर एह जन्मपत्री विचार, कहियै सु नवग्रह सुख कार । रचि जन्म नाम तह मेष राशि, पुक्कारि योनि नर गन प्रकाशि ॥ १६४ ॥

नर नाथ चिरंजी उम सुनंद, दुतिवंत देह अभि-नव दिनंद । इन आउ दीर्घ ए हम असीस, जगदीस सकल पूरहु जगीश ॥ १६५ ॥

सुन बिप्र बचन मन भयो सुख, दीनौ सुद्रव्य नट्ठौ यु दुख । गुरू मान देइ मुक्के सुगेह, उच्छाह अन्य कीने अछेह ॥ १६६ ॥

बर पत्त जाम तीजौ बिहांन, भनि मंत्र दिखाए सोमभांन । जन्म ते रयनि छट्ठी जगाय, श्री फल तमोर दीने सुभाइ ॥ १६७ ॥

बहु करत क्रीड दस दिवस वित्त, वकसंत हेम हय गय सुवित्त । सूतक निवारि किय जननि स्नान, सुत निरषि २ हरषत सुजान ॥ १६८ ॥

अनुक्रमें दिवस द्वादशम आइ, महाराण सकल परिजन मिलाइ । जेउन सु चितबंछित जिवाँइ, पहिराय बसन भूषण बढ़ाइ ॥ १६९ ॥

बोले सुराण तिन अग्ग वत्त, पत्ता सु एह हम पटम पुत्त । श्री राज कुंआर सु नाम संच, पभनहु सुनु महिं मिलि मांन पंच ॥ १७० ॥

कवित्त ।

राज राज रखन सु राज, रिपु राजदवन रिन । राज रूप रति रवन राज दरसन सुरसाइन ॥ राज कनक तनु रंग राज सुर पति चित रंजन । राज नाउ युग रघूराज कहिये रिपु भंजन ॥ अवतार लयो मेटन असुर शीसोदा त्रिहु जग सुजस । जगतेश रान नद नज्जयो राजसिंह वर बीर रस ॥ १७१ ॥

छन्द मोती दाम ।

कहे तब नाम सुराज कुंवार, प्रमोदित चित्त सबै परिवार । दिए वर विप्रनि कंचनदत्त, पहुं जगतेश महो सुखपत्त ॥ १७२ ॥

सिंगारिय सिंधुर अश्वसनूर, सु त्रंबल बद्यत नौवति तूर । हलाल संजोति सु गीति सहर्ष, पुजी जल देविय उज्जल पख ॥ १७३

दिनं दिन बाढत सुन्दर देह, निशापति सेत पुखे जनु नेह । बियो नर मास प्रमान बधंत, तिते दिन एकहि मध्भ तुलंत ॥ १७४ ॥

पलं पल प्यावत मा पय पान, बधै जिन कंति महा बलवान । धराधिप रक्खिय पंच सुधाइ, करावहिं मज्जन न्हाइ सुकाइ ॥ १७५ ॥

अलंकृत कुंदन अंग उपंग, उमंगहि रखत धाय उछंग। झलंमल तेज जरक्कस झूल, फबे तिन ऊपर बूंटिय फूल ॥ १७६ ॥

खिलावहि मुक्कि सु खेलन अग्ग, गहै युग हक्कि सु ढोरिय लग्ग। लिलाटहि केसर आड अनूप, रमै रस रंगहि पिखन रूप ॥ १७७ ॥

हिंदोलत माइ सुवर्ण हिंदोल, लसैं जनु सारंग लोचनलोल। सु गावहि संहुल राउर गान, सदा सुख पेखत सुख बिहान ॥ १७८ ॥

किलक्कत माइ निहारि कुंआर, हियै बढ़ि हर्ष दुहू घन प्यार। हसंत सु आनन अंबुज अप्प, सदा सु प्रसाद विषाद बिलेप ॥ १७९ ॥

करे महाराणा सु नंदन कोड, हलै किन ओर नरिंद हिडोड। तुला प्रति मासहि मुत्तिन तोल, उमेदहि देत सुदान अमोल ॥ १८० ॥

बिनोदहि वत्सर एक व्यतीत, पयंबर चाल चले सु पुनीत। चढ़ैं कबहूं हय चंचल चित्त, दुहूं दिसि हत्थ समाहत दुत्त ॥ १८१ ॥

सुकेलि चढ़ै कबहूं करिकुंत, उदै युत पिखत रूप अचंभ। सुखासन बैठत अप्प सु साज, रघू जग राण सु नंदन राज ॥ १८२ ॥

दिनं दिन आवहि राजं दिवान, सबै नृप बर्ग करै सनमांन। अतिद्युति अंग सु पुन्य अंकूर, सभा मधि उग्गिय जांनि कि सूर ॥ १८३ ॥

अनुक्रम बर्ष दुतीय सुआइ, सबै नर नारि सुनंत सहाइ। बोले तब राज कुंआर सु बोल, सुधा रस सक्कर के सम तोल ॥ १८४ ॥

तनू सुख पत्त सु वर्ष तृतीय, प्रमोदित भोजन भुंजत प्रीय। मया करि अप्प जिववति माइ, अपूरब चीरहि बाउ उडाइ ॥ १८५ ॥

रच्यो बर आसन आडनि रूप, संथप्पिय कुंदन थार सरूप। कमोदिय तंदुल जानि कपूर, परोसिय घीउ सु सक्कर पूर ॥ १८६ ॥

सुभाउत तीउन भूरि संधान, प्रसंसिय ऊपर तें पय पान। अघाइ चलू भरि वारि अमोल, तईवर तांमल बंग तमोल ॥ १८७ ॥

चतुर्थ सु पंचम षष्टम चार, अतीत संवत्सर यौं अबिकार। संपत्तिय वर्ष सु सत्तम सार, करैं वर केलि सु राज कुमार॥ १८८ ॥

प्रधान सु बंधहि लीलक पाघ, अमोलिक अंशुक जामैं आघ ॥ विराजत अरकस के कटिबंध. सुकंठहि चौसर फूल सुगंध ॥ १८९ ॥

प्रधान सुधोत पटोरे सुहाइ। जिगमिग मो जरि योति जराइ ॥ सु सोभित कंचन हीर सिंगार, कला-कर रूप कि देव कुमार ॥ १८० ॥

बषानिय या बिधि अष्टम वर्ष, हूवै निज आठोहि जांम सु हर्ष। लरावहि मल्ल महारस लुद्ध, करी मद मत्त भरे बर क्रुद्ध ॥ १८१ ॥

नवं नव नाटिक गीत सुनित्त, दिजैं दशमैं बहु वंदिन दत्त। एकादश बर्षाहि अंग अनंत रमै कबि मांन सदा रस रंग ॥ १८२ ॥

इति श्रीमन्मान कवि विरचिते श्री राजबिलास शास्त्रे द्वितीयो विलासः ॥ २ ॥

दोहा।

पानि ग्रहन बुंदी प्रथम, कीनो राज कुंआर।
कवि वर चित्त प्रमोद करि, अरकैं सो अधिकार ॥१॥

कवित्त।

हाडा नृप अति हठी हसम जित्तन रखन हठं। सबर राव छत्रसाल मारि सब शत्रु किए मठ ॥ राज थांन रमनीक बिकट बुंदी गढ़ बिलसत। विविधि वस्त्र बाजार सकल श्री युत जन सोभित ॥ बहु वाग वावि सर जल बहुल गुरू उतंग जिन बिष्णु गृह। कबि अप्प कहै ऊपम्म किंती अलकापुर सम सोभ इह ॥२॥

दोहा।

कन्या दो तिन भूप कै, सुंदर तनु सु कमाल।
वर प्रापति अवलोकि वर, मंत्रि बोलि महिपाल ३॥
कहै सुमंत्री मंत कहि, वर प्रापति भइ बाल।
सबर सगप्पन अटक रहु, बर घर रिद्धि विशाल॥४॥
सगपन कीनौ सबर सौं, वेगि होइ वरदाइ।
समर सीह रावर सजे, प्रथु दिल्लीश सहाइ॥ ५॥
तिन कारन हो मंत्री तुम, सगपन सबर संभारि।
कन्या दीजै हरषि करि, सुजस लहै संसारि॥ ६॥

छंद भुजंगी।

सुनौ साइ मंत्री कहै मंत सच्चं, इलानाह जोई जिनं वंस उच्चं। धुअं जास राजं धरै क्षत्रि धर्म्मं, सबै हिंदु अंगार सारं सु शर्म्मं॥ ७॥

उथप्पै दलं बद्दलं आसुरानं, पनं पावनं नीति थप्पै पुरानं। अभंगं अभीतं उतंगं अजेजं, असंकं सु कंकं अरीणाम हेजं॥ ८॥

अनेकं अभेदं अनोपं अठिल्लं, अरोगं सु भोगं अरीणाम पिल्लं। अनेकं बलं बुद्धि विग्यान अंगं, जयं जैत हत्थं महा जोध जंगं॥ ९॥

सरं सद्दबेधी वरं सूर वीरं, धकै धींग धुज्जै अरी व्है अधीरं। करे कें विकालं कृपानं करालं, पठावै पिशूनं जनं जेपयालं॥ प्रभा कोटि रूपं प्रचण्डं

प्रतापं, दमैं दैंत्य देहं सहै कौन दापं। हठालं हियालं गहैं आन हद्दं, सुवर्णाद्रि तुल्लं अडुल्लं सु सद्दं ॥१०॥

हलक्कैं सुहेरे हरावै हमीरं, उडावै अरिं पुंभिका ज्यौं समीरं । बहू आयुधं युद्ध सन्नद्ध बद्धौ, बली कौन जा मुख मंडै विरुद्धौ ॥ ११ ॥

बसे गेह जाकै महालच्छि वासं, बलं चातुरंगं सु चंगं विलासं । धनी हिंदुआनं सदा नीति धारै, महामाइ महिषेशज्यौं मीर मारै ॥ १२ ॥

जसं राजसं तामसं जासि जोरै, रसा कौंन राजा रनं ताहि रोरे । षलं षग्ग मग्गैं करै षंड षंडं, अनत्थान नत्थै सु दंडै अदंडं ॥ १३ ॥

सदा सान कोभं हयं दंति दोत्तं, सदा जा सुरेशं सराहै सु सत्तं । बदं एक जीहा गुनं के बषाना, रजै आज जग मन्य जगतेश राना ॥ १४ ॥

प्रभू मोहि जो सच्चि कर मंत पूछै, इला ईश महराण जगतेश अच्छै । चहौ विश्व मै. और अवनीश ऐसै, तुम्है मन्न मन्नै महीपाल तैसै ॥ १५ ॥

यही हिंदुनाथं यही हिंदु ईशं, यही हिंदु पालं महंतं महेशं। यही हिंदु आधार हिंदूनि त्रानं, प्रजा पालकं पाल गो विप्र प्रानं ॥ १६ ॥

नियं वंस अवनीश नसु.पाट नंदं, दुतिं दीपए देह मानो दिनंदं । तिनं अंग वर लछिनं दोइ तीशं, अषे कोटि वर्षं प्रजा दै असीसं ॥ १७ ॥

नरा रत्न श्री राज कूंआर नामं, धराधीश सच्चौ कला कोटि धामं । बहू धीर गंभीर दातार वित्तं, भन्यो जास अवतार अवतार भुत्तं ॥ १८ ॥

एवं गारुहं पिखि वेरी प्रकंपै, चमू जोर वर आसुरी सीम चंपै । मनो म्लेछ ईषं त्रिनं तूल मातं, गुरु र्नयन हेमं समं गोर गातं ॥ १९ ॥

मही तें जिने षेदि कट्टैं मेवासी, वसें वानरं ज्यों दरी मध्य वासी । रुरै जास भै काननं म्लेछ रामा, ससी आननी नैंन सारंग श्यामा ॥ २० ॥

बियौ नाहि एसौ वरं वाल कज्जं, शिवं सुंदरं गंसरूवं स कद्यं । सुधर्म्मा सु कर्म्मा सु संतं सुहाई, जरें जुद्ध भारी जिनैं जैति पाई ॥ २१ ॥

वसुद्धाधिपं वीर आजान बाहू, किये कोटि जा होड चल्लै न काहू । धुवं विरुद एराज कूंआर धारै, अजेजा उथप्पै सु पखा उधारै ॥ २२ ॥

कबित्त।

कहिये राज कुंआर सार अरि उर संचारन। सबर स्वकुल सिंगार अवनि शिर भार उतारन ॥ अति दत चित्त उदार मर्दन मूरति मन मोहन । गोरीसं गज गृहन रेर रिन घन्न रिपु रोहन ॥ वर एह बाल कज्जैं सु वर सकल अवनि नृप कुल शिरह । किज्जैं वय है मंत्री कह्यौ इन सो नहिं को अब्बर वर ॥२३॥

दोहा ।

सत्य वचन अवनीश सुनि, मंत्रि सु मंत्री मंत ।
समझि रांन जगतेश सुअ, कन्या योगहि कंत ॥२४॥
निश्चै ईह अवै नृपति, कुलमनि राजकुंआर ।
हमहू मन याही सुमति, सगपन यह अोकार ॥२५॥
आगै हू इन अप्पनैं, सगपन सरस संबंध ।
ए आहुट्ठ अनन्त बल, बंधन मेछहि बंध ॥ २६ ॥
रूपवती दुति जानि रति, गुरु पुत्री हम गेह ।
राज कुंआरहिं रीझिकैं, सा हम दई सनेह ॥२७॥
यों कहि सद्दे अवनि पति, जे वर योतिस जान ।
लिखे सु पानि गृहन लगन, कारन कोरि कल्यान २८॥
लिखसु तबहि नृप लिक्खैं, योग्य रांन जगतेश ।
बधै प्रीति ता बांचतैं वायक बिने विशेश ॥ २९ ॥

छन्द पद्धरी ।

स्वस्ति श्री उदयापुर सुथांन, रवि हिन्दवान जगतेश रांन । कालंकि राय कट्टन कलंक, बंकाधि-राय कट्टन सुबंक ॥ ३० ॥

आजान बाहु अनमी अभंग, आचारि राय रवि कुल उतंग । मेवासिराय भंजन मेवास, तुरकेश वंधि दीजे यु त्रास ॥ ३१ ॥

आहुट्ठ राय दल बल असंक, झूझार राय रिपु करन झंख । आजेज राय नत्थे अनत्थ, सामंत राय सेना समत्थ ॥ ३२ ॥

छत्रपति राय सिर एक छत्र, श्री सबर राय साधंत शत्रु । ध्रुव देव धराधर सरिस धीर, बसुधाधिराय बल बिकट बीर ॥ ३३ ॥

प्रचलंत यवन पति जाप यान, भरि गेन रेनु धुन्धरिग भांन । दिगपाल दसैं भज्जै दहक्कि, किलकै सुबीर उठै कुहुक्कि ॥ ३४ ॥

वैताल फाल मंडै विनोद, मिलि चलैं झुण्ड चौसट्ठि मोद । हरषै सु रुद्र करि अट्टहास, सुर कहत सद्ध जय जय सभास ॥ ३५ ॥

सलसलत सेस कलमलत कच्छ, झलझलत उदधि रलरलत मच्छ । षरभरत चित्त षल दल अधीर, चलचलत चक्र चहुं डुलत नीर ॥ ३६ ॥

धसमसत धरनि गिरिवर धसक्कि, सर सरित कलित इह सलिल सुक्कि । मचि जोर सोर परि अमग मग्ग, जनु लंक लेन रघुबीर जग्ग ॥ ३७ ॥

संजनिज चित्र सुर राय संक, बीराधि बीर अरि हरन बंक । भय जास भीम पर धर भजंत, तिय पुत्र भ्रात परि जनत जंत ॥ ३८ ॥

अरि बांम बाल बन गिरि अटन्त, फल फूल खाइ अह निसि कटन्त । सुख सेज सुक्कि के शत्रु नारि, नठ्ठी सुनिसा औासर निहारि ॥ ३९ ॥

आषंत षग्ग बल जसु अपार, जगतेश रांन जग जैतवार । सोभंत सोभ सुरपति समांन, नर नाह भव्य ऊपम निधांन ॥ ४० ॥

लिखितं सुबुन्दि गढ़तें यु लेष, बर छत्र साल रावह विशेष । पय कमल सत्त बेरहि प्रणाँम, संदेस एह बीनवै श्यांम ॥ ४१ ॥

सुख सकल अत्र प्रभु तुम सुदृष्टि, आरोग्य लाभ संयोग इष्ट । इच्छैं यु तुम्ह उत्तम उदंत, बंछंत चित्र ज्यों पिक बसंत ॥ ४२ ॥

निय धर्म्म धरन तुम गुरु नरिंद, दीपंत तेज हिन्दू दिनेंद । भूपाल तुम सु हैं परम भृत्य, निश्चै यु एह बर रीति नित्य ॥ ४३ ॥

गुरु पुत्ति अच्छि बर हम सुगेह, रति रंभ सरिस गति रूप देह । श्री राज कुंअर बर लहइ सोइ, हम हृदय हरष तव सिद्धि होइ ॥ ४४ ॥

किज्जेब एह हम चित्र कोड, जुगती सु जांनि जग एह जोड । लच्छीस योग ज्यों तीय लच्छि, संयोग सची सुरराय स्वच्छि ॥ ४५ ॥

श्री रांम जोग ज्यों जानि सीय, पढि नल नरिंद दमयन्ति मीय । त्यौं युगत एह मंनैात हत्ति, सगपन संबंध किज्जेब सत्ति ॥ ४६ ॥

इहि भंति लिख्यौ कग्गद अनूप, भल दीन मिती सिर नाँउ भूप। हरषंत राव दिय अनुग हच्छ, सद्दे यु तास प्रोहित समच्छ ॥ ४७ ॥

बोलैं नरिन्द सुनु राज बिप्र, हम काम उदयपुर नगर क्षिप्र । थिर रिद्धि मान तहँ हिन्दुयाँन, श्री जगत सिंह राना सुजांन ॥ ४८ ॥

तिन पाट पुत्र निय राज रूप, भल राज कुआ-रहिं नवत भूप । सो इच्छ सेन चतुरंग सज्जु, कन्या सुजिट्ठ हम बरन कज्जु ॥ ४९ ॥

ल्यावहु सुबेगि इन लगन लील, ढलकंति ढाल मम करहु ढील । आगम सुतास हम सुख अनंत, मनौं सु सच्च सब एह मंत ॥ ५० ॥

दोहा ।

मन हरषंत सु पट्ठवै, नालिकेर नर नाव ।
तपनिय साकति बर तुरग, भूषन कनक सुभाव ॥५१॥
ज़रकस के बहु योग युत, प्रवर भंति सिर पाउ ।
मुक्ता फल माला समनि, जरित कटार जराउ ५२॥
मेवा षादिम बहु मधुर, अरु कहि बहु अरदास ।
पठयौ प्रोहित उदयपुर, अप्पि सुदल उल्हास ॥५३॥

कवित्त ।

सुमति राव छत्रसाल दुतिय लहु पुत्रि अप्प दिय ।
गजसिंह सु नृप गेह पुत्र जसवन्त सिंह प्रिय ॥ मारु

वारि महिपाल रनहिं रट्ठौर रढालह । निपुन बुद्धि बर न्याउ प्रवर स्वप्रजा प्रतिपालह ॥ इक दिनहिं दोइ पठए अनुग सदल सज्ज श्री फल सुकर । इक पत्र उदय पुर बर उमगि पत्ता इव्व सुयोध पुर ॥ ५४ ॥

दोहा ।

प्रोहित भेटे हिन्दुपति, जगत सिंह बरजोर ।
राण तषत राजै रघू, उभय चौंर दुहुं ओर ॥५५॥

बेठे निज निज बैठकहिं सुभट राय साधार ।
हय गज रथ पायक हसम, पिरवत नाँवहि पार ५६॥

अखिय बिप्र आसीस इह, जय नुराँण जगँतेश ।
चिर जीवहु चीतौर पति, बंछित फलहु विशेष ५७॥

कवित्त ।

पुच्छैं यों महिपाल राँण जगपति जग रखन । कहो बिप्र तुम कहाँ बास बर नगर बिअखन ॥ किन भूपति संदेस कोंन कज्जैं इत आए । अखहु सकल उदन्त पास हम किन सु पठाए ॥ कहि बिप्र बास हम बुन्दि गढ़ हाडा रावहिं मुक्क लिय । तिन पुत्रि दई प्रभु कुंअर प्रति रंगरसाल सुमनरलिय ॥ ५८ ॥

दोहा ।

सुनि हरषे जगपति श्रवन, सगपन जानि सुमंत ।
भली मंडि प्रोहित भगति, आादर करिग अनंत५९

नालिकेर अप्यौ नृपति, सद्दल सजाई सच्छ ।
प्रोहित राज कुआर के तिलक कट्टि निय हच्छ ६०
जैवन्ता दम्पति युगल, हौ तुम पूरन हाम ।
हौंस हमारे हृदय की, कीजै देव सकाम ॥ ६१ ॥
प्रोहित ए आशीश पढ़ि, उत्सव मंडि अमोल ।
घन ज्यौं घन त्र्यंबक घुरत, बोले निश्चल बोल६२॥

कवित्त ।

प्रोहित सच्छ प्रसन्न राँन जगपति जग रूपह । दीन अनग्गल दाँन अश्व शिर पाव अनूपह ॥ कनक रजत पट कूल बसन भूसन बहु बित्तह । आदर भाव अनंत प्रेम पोषंत प्रवित्तह ॥ आयो सु निकट तब लगन अह प्रोहित अरिक नरिन्द प्रति । श्री करण राँण पाटहिं सधर प्रत पौराना जगतपति ॥ ६३ ॥

दोहा ।

प्रत पौराना जगतपति, एह सुनौ अरदास ।
आयो निकट सु लगन अह, अब हम पूरहु आस ॥६४
सच्छ सेन चतुरंग सजि, राजकुंअर बर रूप ।
प्रभु बुन्दीगढ पाठवहु, अबला बरन अनूप॥ ६५ ॥

छन्द बृद्धि नाराच ।

सुनन्त राज बिप्र सद्द नेह हिन्दु नायकं ।
सजी सु चातुरंग सेन लच्छि ईश लायकं ॥

प्रधाँन सज्जि दंति पंति सेन अग्ग संचला।
सिंदूर पूर जास सीस चारु चौंर चंचला ॥ ६६ ॥
सुमुत्ति माल बिंटि कुंभ सोहए सु सिंधुरं।
ठनं ठनंकि घंट घोष घं घमंकि घुंघरा ॥
मदोनमत्त धत्त धत्त पील वाँन पट्टयं।
चरखि दार कुक्क ए गयन्द जोर गट्टयं ॥ ६७ ॥
सु बास दाँन गच्छ सूच्छ गुञ्जए मधूपयं।
सुण्डाल माल के बिकाल उद्धतं अनूपयं ॥
मनौं महन्त मेघ माल हल्लई हरें हरें।
बदंत के बिरुद्ध बंदि भूमि पाइ जै भरें ॥ ६८ ॥
झिलन्ति रंग रंग झूल पट्ट कूल पेसलं।
ढलक्कई सुपुट्टि ढाल ढंकि बास उज्जलं ॥
पताक लील रत्त पीत सोहई स चिन्हयं।
सु दट्ट दन्त कंति सेत काय सैल किन्हयं ॥ ६९ ॥
हयं सु बंस जाति हंस कासमीर कच्छि के।
कबिल्ल के कंबोज के बिकोकनी सु लच्छि के ॥
उतंग अंग आरबी औराक के उवन्नयं।
सु पौंन पानि पन्थ के यु पाइ ज्यों पवन्नयं ॥७०॥
बंगाल देश के सुबेश साजि बाजि सोचनं।
कुरंग फाल उच्च षन्ध लोल लोल लोयनं ॥
नृतत्व येइ येइ नृत्य नट्ट ज्यों सु नच्चई।
दिनेद जास रूव देखि रथ्य काम रच्चई ॥ ७१ ॥

चलंत बेग चंचलं उतंग दुग्गं आरुहैं ।
पुरी प्रद्वार बज्जि खोनि षेल षुन्द नास है ॥
सुनन्त हींस सोर श्रोंन शत्रु चित्त संकई ।
उच्चैश्रवा अनोप रूप बोलि कन्ध बंकई ॥ ७२ ॥
प्रऊट गूढ़ पक्ष राज पुच्छ चोर पिक्खिए ।
भले भले चढे यु भूप ते जि भोंर तिक्खए ॥
अचण्ड रूप पयदलं जवान दीग्घ जंघ के ।
उडंत लोह वार पार सार धार सिंघ के ॥ ७३ ॥
भुजा प्रलंब रूप भीम साह सीक सूर जू ।
युद्धन्त युद्ध योग जानि सायुधेस नूर जू ॥
मरोर तेसु पानि पुच्छ गाढ़ के गयन्द से ॥
अरोह कोह लल्ल अखि ज्यों समंद मल्ल से ॥ ७४ ॥
बहंत ते बिरुद्द बंक सद्द बेधि सायकं ।
कठोर जोर पानि कंक घेरि मिच्छ घायकं ॥
धरन्त पाय धायतें धरातलं धमक्कई ।
हठाल बीर जैत हच्छ रुद्द सेन रुक्कई ॥ ७५ ॥
भरे सु यान भंति भंति राशि हेम रूप सों ।
पटंबरं बिशाल पाल यामरी रु सूप सों ॥
सु षग्ग तोंन चाप सेल कत्ति के कटारयं ।
सनाह टोप आदि सज्ज भूप योग भारयं ॥ ७६ ॥
असंख यों चमू उमंडि भंति मेघ भद्दयं ।
दिशा दिशान पूरि भूरि ज्यों जलं समुद्दयं ॥

घुरंत दंति पुट्ठि घोष नोवती निसान जू।
सु गझ्झि व्योम जास सद्द षोनि षोभ मान जू ॥७७॥
चढे तुरंग चंचलं कुंआर राज काम से।
सु सेहरा बिराजि सीस ईस साभिराम से ॥
ढुरंत चौर दिग्घ चारु वारि धार वर्णयं।
उतंग रूप आातपत्र दंड जा सुवर्णयं ॥ ७८ ॥
अनेक राय जूथ सत्थ पत्थ से समत्थ है।
वहै बिरुद्द बंक वीर हेम दैंन हत्थ है ॥
दिनेश कंति दिग्घ देह दुट्ठ सेन दावटैं।
अडोल बोल आखनै अनंत ते असी झटैं ॥ ७९ ॥

सलक्कि सेस सेन भार कुम्भ संक सक्कई।
प्रकंपि मेरु पव्वयं धरातलं धसक्कई ॥
झलक्कि सिंधु नीर जग्गि ईस जोग आसनं।
रविंद बिंब ढंकि रेतु संकि पाकसासनं ॥ ८० ॥
उमग्ग मग्ग सैल भग्ग भग्गि भूमि आसुरी।
बजैं सु षोनि वाजि बेग बिद्यु जो षिवे षुरी ॥
सिवास थांन मुक्कि मिच्छ भग्गि मंनि तं भयं।
सरोवरं सलित्त सुक्कि सिंधु नीर सोसयं ॥ ८१ ॥
महंत सेन यों उमंडि जों पयोद पावसं।
न वुष्भीयेस्व आांन मांन है दलं चहैा दिसं ॥
क्रमं क्रमैं करंत कूच मंडि कैं मुकामयं।
संपत्त राज विंद सूरं बुंदियं सुठामयं ॥ ८२ ॥

कबित्त ।

संपत्ते सजि सेन कुँमर श्रीराज कुमारह। बुंदी बढ़िय अवाज हरषि हाडा परवारह ॥ छत्रसाल महा-राव सेन चतुरंगनि सज्जिय। हय गय पयदल हसम राज बरसन मुख रज्जिय ॥ संपत्त तबहिं फुनि राठ-वर जसा कुवर गजसिंह सुव। वर पानिगृहन कद्यो व्रिहसि धीर वीर रिनधर सु धुव ॥ ८३ ॥

दोहा ।

उभय राज बर लगन इक, कन्या उभय सु कज्ज ।
पत्ते नियनिय दल प्रचुर, कैलपुरा कमधज्ज ॥८४॥

कवित्त ।

उभय राज वर अनम उभय रिनधीर अनग्गल । उभय जोर अहंकार उभय अति रोस महद्दल ॥ उभय व्याह इह प्रथम उभय हठवंत हठालह। उभय अगंज अभंग उभय वायक प्रतिपालह ॥ इक मक्कि भये बुंदी उभय हाडा दरबारहिं हरषि। श्रीराज कुंआर महासबर, नाहर ज्यों कमधज निरषि ॥ ८५ ॥

दोहा ।

नाहर ज्यों नाहर निरषि, कोपहि होत कराल ।
त्यों दुहुं आपस में सु तकि, लोयन करिय सु लाल ॥८६॥

कवित्त ।

लोयन करिय सु लाल कही कमधज्ज कहा-निय। हम नरनाह अनादि हद्द रक्खन हिंदवानय ॥

हमसे कोइ न हठी होड हम किन पै हल्लय। संग्रामहि हम सूर दुट्ठ दानव पय डुल्लय॥ बंदिहुं प्रथम तोरन बिहसि तरकि कलहंतन करों। अति तुंग सिषर धर वर अचल पूरब तैं पछिम धरौं॥ ८७॥

दोहा।

पूरब गिरि पच्छिम धरों, हों कमधज्ज हठाल।
बंदहु तोरन अप्पवर, कहा किये विढ साल॥८८॥
कथन एह कमधज्ज के, सुनि श्री राजकुँआर।
हुंकरि थप्पि स्वकंध हय, बोले यों बबकार॥८९॥

कबित्त।

कब के तुम नर नाह कहौ कमधज्ज कहानिय। जीति कहा तुम जंग हद्द राखी हिंदुवानिय॥ तुम आसुर आधीन धीय दै धरनि सु रक्खहु। इन करनी हम अग्ग, उंच मुह करि करि अक्खहु॥ पच्छे यु पाउ धरने नहीं, अग्ग आउ चौगान महि। पुरुषातन अद्य परेखियैं कुप्पि सुराज कुमार कहि॥ ९०॥

दोहा।

कुप्पिय राज कुंआर रिन, अभिनव ग्रीषम अग्गि।
कटुक रूप कमधज्ज कै, बचनहि बचन विलग्गि ९१

कवित्त।

बचनहि बचन विलग्गि, सूरनिय निय संमाहिय। बज्जि सिंधु सहनाद, ईश युग्गनि उंमाहिय॥ छुट्टि

करी मदछक्क हक्क बज्जी चावद्दिसि । कंपत कायर काय मिलिय दुहु सेन कट्टि असि ॥ तब बीच कीन हाडा नृपति छत्रसाल रावहि अजब । संगहिय बाहु कमधज्ज कों समझावै बिधि अखिल सब ॥ ८२ ॥

हो कमधज्ज कुंआर मार इन सों नन मंडहु । कैल पुरा राठूर भूलि मम अप्प न भंडहु॥ इनसों रर भर कहा कही युग युग हिंदूपति । अप्पन अनुग समान मिच्छ आधीन प्रजाभति ॥ आदित्य अपर ग्रह अंतरा अंतर त्यों इन अप्पनहि । इनसों यु टेक किज्जे नही ए असुरेश उथप्पनहि ॥ ८३ ॥

दोहा ।

सुनि समझ्यो कमधज्ज सुत, जग जसवंत सु आप ।
राज कुंअर घन रोस रस, पेषे प्रबल प्रताप ॥८४॥
तोरन तब बंदिय प्रथम, राज कुंआर रढाल ।
सिंह रूप सीसोद सौं अरि को मंडय आल ॥८५॥

कबित्त ।

अरि को मंडय आल देव दानव दिगपालह । मानव किती कमात प्रेत दीजै सायालह ॥ जिनके हरि किय जेर गिने नहि सो वर गडर । पीवहि जेहि पयोधि कहा तिन अग्ग गाउ सर ॥ जगतेश-राण सुअ जंग जह डुलय तहां असुरेश दल । श्रीराज कुंआर सु सनमुषहि वपु कमधज्ज कितोक बल ॥८६॥

रढनिय इहि परि रखि बंदि तोरन बर बीरहि। श्रीबर राजकुआर सरसि सोभा सु सरीरहि ॥ घन ज्यों त्रंबक घुरत बिरुद वंदी बहु बुल्लत । हय गय रथ बर थट्ट परज पिखत बहु अद्भुत ॥ लखिए न बैर तिहि अप्प पर मनु नर सायर उल्लटिय । गावंत गीत गोरी गहक्कि तांन मांन नव नव थटिय ॥ ९७ ॥

दोहो ।

ता पाछैं कमधज्जनैं, बंदिय तोरन वार ।
उभयराज वर इंद ज्यौं, बरसै कंचन धार ॥ ९८ ॥

कबित्त ।

बरसै कंचन धार गज्जि घन ज्यौं बुंदी गढ़ ।
परनि प्रिया पदमनी रघू राखी सु अप्प रट ॥
राजकुली छत्तीश मध्भ नायक मुंछालह ।
शीशोदा बर सूर कुंअर राजेशर ढालह ॥
जसवंत परनि कमधज्ज कुल नायक नृप गजसिंह सुत।
हाडा नरिंद मंड्यौ हरष संतोषे षट वरन युत ॥९९

दोहा ।

वर संतोषे षट वरन, हृदय सु पूरिय हांम ।
छत्रसाल वर राव छिलि, देत दाइजै दांम ॥१००॥

कबित्त ।

देत दाइजै दांम हत्थि हय हेम सज्ज सजि । सज्जि सार सुखपाल सेभ बाले सु वृषभ रजि ॥ दासी

सुन्दर देह सकल श्रीकला सुलच्छन । मुक्ता फल मनि मढ़े अंग कंचन आभूषन ॥ दिन्ने यु गांव हय लेव दत कसब पटंबर विविधि भति । श्रीराज कुंआर सु सनमुखहि धरिय भेट हाडा नृपति ॥ १०१ ॥

दोहा ।

धरिय भेट हाडा धनी, हय गय दासी हेम ।
अधिक रठ्ठवर अग्गलै, पेषिय प्रवर सु प्रेम ॥१०२॥

कबित्त ।

पेषिय प्रवर सु पेम व्याह किन्नौ सु वेद विधि । सुर नर करहि सराह राखि रस रीति महा रिधि ॥ जलधर ज्यों याचकनि, देइ घन कंचन दत्तह । अनुक्रमि आए गेह, उभय वर राज उमत्तह ॥ जगतेश रांण सुअ करि सुजय पत्ते इहि बिधि उदयपुर । प्रज मिलिय राज वर पिक्खनहि अति दलमलियत उरहि उर ॥ १०३ ॥

दोहा ।

अति दलमलियत उरहि उर, मिलिय सघन नर नारि
पिरवहि राज कुंआर प्रति, अनमिष नैन निहारि १०४

कवित्त ।

अनमिष नैन निहार चित्त चिंतहिं मृगनेनिय ।
गोरी गज गामिनी सकल कल विधु वर वैनिय ॥
रासु इंद आकार, कुंअर श्रीराज कुंआरह ।
इन जननी सु प्रमान कहिय करमेत अपारह ॥

धनि धनि सु इनहि घर गेह निय हरषैं जिन
पूज्यौ सु हर ।
जो देइ देव तो दिज्जिए भव भव इनहि समान वर १०५

दोहा ।

वर वामा मिलि मिलि बदै, भव भव हम भरतार ।
देव दया करि दीजिए, इहिं वर कै अधिकार १०६॥

कवित्त ।

इहि वर के अधिकार, नही को अवर नरिंदह।
इंद चंद अनुहार देह दुति जांनि दिनंदह । बहु नर
वर विंटयो गिनति को करै हयग्गय ॥ पायक को
नहि पार जपत बंदी सु जयज्जय । श्रीराज राण
जगतेश सुत्र बुंदी गढ़ सुंदरि बरिय ॥ निज महल
आइ जननी सुनमि सकल मनोवांछित सरिय ॥१०७॥

इति श्री राजविलास शास्त्रे श्री राज कुंआर जी कस्य
श्री बुंदी दुर्गे प्रथम पाणिगृहणावसरे कमधज्जेन शांकं
जय प्राप्ति नाम तृतियो विलास संपूर्णम् ॥ ३ ॥

———:o:———

कबित्त ।

राजसिंह महारांण पुहविपति अप्प कुंवरपन।
विपुल लगायो बाग वियो बसुधा नंदन-वन ॥ प्रवर
कोटि तिन परधि भुंड सतपत्र कनक भर । वृद्धि
तहां वापिका कही सनमुख दक्षन कर ॥ निज नगर
उदयपुर निकट तें अगिनंकोन घां अक्खियै । सब रितु
विसाल तसु न्नंम सति नयन सु महल निरीखिये ॥१॥

छंद बिद्युन्माला ।

बिबिधि सघन वृक्ष, लुंब झुंब केउ लक्ष ।
बाग सो बहु बिशाल, रितुषट हूं रसाल ॥२॥
जु जुई सकल जाति, वेलि गुल्ल कै बिभाति ।
भरित अठारह भार, परधि बन्यौ प्रकार ॥ ३ ॥
सारनी बहत सार, वृक्ष वृक्ष मूलवार ।
गिनिये सदा गंभीर, सुरभि चले समीर ॥ ४ ॥
अंबर बिलगि अंब, करनी बहु कदंब ।
आंबिली तरू असोक, थट्ठे सु अज्ञान थोक ॥ ५ ॥
आंवरी अगछि अैंन, चंपकइ दोष चैन ।
अति अखरोट अखि, चारू चार जीह चखि ॥ ६ ॥
कटल बढल कुंद, मालती रु मचकुंद ।
करना कनेर केलि, राइनि सु राइबेलि ॥ ७ ॥
केतकी रु कचनार, केवरा प्रमोद कार ।
षारिक पिंड षजूर, भाषिये अँगूर भूरि ॥ ८ ॥
गिनती कहा गुलाब, जंभीरि जुही जबाब ।
जासूल जंबू सुजाइ, नारंगी निबो निन्याइ ॥ ९ ॥
ज्योंजा तूत नालिकेर, गुलतररा गिरि मेर ।
चंदन महक्क चारु, दारिम सु देवदारु ॥ १० ॥
तजरु तारु तमाल, मोगरा मधुप माल ।
दमन पतंग दाष, पिसता यूराक पाख ॥ ११ ॥
फबत तरू फरास, पारस पीपर पास

पाडल बहू प्रसंस, वेतस विदाम बंस ॥ १२ ॥
बटबोर सिरिबोर, जानियै सुवर्ण जोर ।
सुपारी सरोस सेव, सिंदूरी सदा सुटेव ॥ १३ ॥
संगर सरस दल, सुरुझना सदाफल ।
बाग में गिनै विवेक, इत्यादि तरु अनेक ॥ १४ ॥
करत विहंग केल, मियुन मियुन मेल ।
मैन सारि सुआ मोर, चंचल बहू चकोर ॥ १५ ॥
सुनियै सबद्द सारु, हरष कुही हजारु ।
कोकिल करैं कुहक्क, मंजरी भषैं नहक्क ॥ १६ ॥
काबरि कपोत कोरि, तूती फरु लेत तोरि ।
लावारु तीतर लख, चंचु चारु मेवा चख ॥ १७ ॥
बटेर बाज बखान, सग गरुड़ सिंचान ।
जोराबर जहां जन्त, अश्व ते न आवे अन्त ॥१८॥
महल तहां महन्त, कनक कलस कन्त ।
रायांगन बहु रूप, भले भले बैठे भूप ॥ १९ ॥
चह बचा पिखे चारु, छुट्टत नल हजारु ।
दतीनिके सुंडादंड, उदक धारा अखंड ॥ २० ॥
बंगले बने विवेक, आछी कोरनी अनेक ।
सजल तहां सुसर, कमल कनक भर ॥ २१ ॥
रच्यौ राणा सीह, अनक्क सदा अभीह ।
सरब रितु बिलास, बगीचा सदा सुबास ॥ २२ ॥
कुंअर पनै सुकेलि, बहू बिधि वृक्ष बेलि ।

गिनत न आवै गान, कहत्त कविंद मान ॥ २३ ॥

इति श्री मन्मान कवि विरचिते श्रीराजविलास शास्त्रे सर्व्व ऋतु बिलास बोग बर्णन चतुर्थ बिलासः सम्पूर्णः ॥ ४ ॥

॥ दोहा ॥

पालिय प्रबर कुंआर पद, बरस तेइस बखान ।
पाट बइट्ठे पुहबी पति, राजसिंह महारान ॥ १ ॥

छन्द लघु नाराच ।

श्री राज सिंह रान जू, प्रभूत पुन्य प्रान जू ।
बइट्ठिये यु पाटकों, थटे यु भूप थाट कों ॥ २ ॥
अनूप हेम आसनं, सचिट्ठिके सुखासनं ।
महक्कि चारु मज्जनं, सुमज्जए दुसज्जनं ॥ ३ ॥
कलं कनक्क कुम्भ सौं, अनाइ गंग अंभ सों ।
शरीर कीन स्नानयं, बिराजि अंग बानयं ॥ ४ ॥
सकोमलं सुरंगयं, अंगुच्छि चीर अंगयं ।
सुधौतकं सु बासयं, षीरोदकं यु षासयं ॥ ५ ॥
ध्रुवं जनेउ धारये, कही सुबन्स कारये ।
प्रधान बन्धि पाघयं, सुबर्ण सूत साधयं ॥ ६ ॥
जरीस जोति जामयं, दिपंत कण्ठ दामयं ।
प्रसंसि पाइ मोजरी, जराउ हेम संजुरी ॥ ७ ॥
करं गृहै कृपानयं, बियौ सु पंचबानयं ।
चढ़े तुरंग चंचलं, दहक्कि आसुरी दलं ॥ ८ ॥

जमाति भूप जुत्तयं, सभा तहां सँपत्तयं ।
बजे अनेक बज्जनं, गंभीर गेन गज्जनं ॥ ९ ॥
ढमक्कि जंगि ढोलयं, रचे सुरंग रोलयं ।
निहस्सियं निसानयं, मृदंग मेघ मानयं ॥ १० ॥
बजन्त शङ्ख बीनयं, नफेरियं नवीनयं ।
तुटंत तान तालयं, सुघंट घोष सालयं ॥ ११ ॥
सहनाइयं सुहावईं, भनंकि भेरि भावईं ।
झणं झणंकि झल्लरी, द्रमंकियं दुरव्वरी ॥ १२ ॥
हुडक्कि जंत्र हद्दयं, सारंगि चंग सद्दयं ।
गोरीश गीत गावईं, प्रमोद चित्त पाँवई ॥ १३ ॥
बदन्त बिप्र बेदयं, अनेकसं उमेदयं ।
धषन्त ज्वाल धोमयं, हवी प्रभृति होमयं ॥ १४ ॥
भनैं बिरुद्द भट्टयं, सुबोलि बन्दि थट्टयं ।
तिलक्क कट्टि ताँमयं, सु प्रोहितं स काँमयं ॥ १५ ॥
उच्छारि मुत्ति अखए, यहै आसीस अखए ।
रघू नरिन्द राजयं, करौ स्वचित्त काजयं ॥१६॥
समप्पितं सु गामयं, दए सुलख दामयं ।
उतंग अश्व अंबरं, कनक्क चारु कुंजरं ॥ १७ ॥
दियौ सु अन्न दानयं, गिनै यु कोन गानयं ।
पयोद जानि पूरयं, दरिद्द कीन दूरयं ॥ १८ ॥
छजंत शीश छत्रयं, समिट्टि सर्व सत्रयं ।
ढुरन्त चौर उज्जलं, दिपैं हयं गयं दलं ॥ १९ ॥

अभङ्ग जास सासनं, मनौं सुरेश आसनं ।
रजंत राज रान जू, कहैं कवीन्द्र मानजू ॥ २० ॥

॥ कवित्त ॥

पुष्कर गङ्ग प्रयाग तिच्छ अभिराम त्रिवेनिय ।
जगन्नाथ जालिपा देवि सुख संपति देनिय ॥
काशी बर केदार द्वारिका नाथ सु देखिय ।
गोदावरि गुनगेह बैजनाथह सु बिशेषिय ॥
इक लिंग ईश अवलोकियां दुष दोह गरुरहि टरैं ।
राजेश राण निरखत नयन मान मनोबंछित फरैं ॥२१॥
रस कूपिका रसाल कलपतरु अज्ज चढ़ कर ।
पारस रस पौरसा वेलि चिन्ना सु देव वर ॥
हय गयं हाटक पीर प्रवर सनमान पटम्बर ।
संपत्ता सुर रयण अद्य दुभ्भयौ मनु अम्बर ॥
तुम दरश सोई तेजन तुरी सकल लच्छि सुख संबरैं ।
राजेश राण निरखत नयन मान मनोबंछित फरैं॥२२॥

छन्द भुजङ्गी ।

तुही राम रूपं रवी बंश राजा, बजैं जास तिहुं लोक मैं सुयश बाजा । तुही लच्छ ईशं लहैं लच्छ लाहं, निराबाध तू ही सदा हिन्दु नाहं ॥ २३ ॥

तुही शंकरं एक लिङ्गं सरूपं, भनौं आदि बंसे तुही हिन्दु भूपं । तुही ब्रह्म गोपाल ब्रह्माबिराजै, नवै निद्धि अप्पैं पहूनं निवाजै ॥ २४ ॥

इला इन्द तूहीं दलै आसुरानं, करैं वज्र रूपं बिराजै कृपानं । तुही हिन्दुआं भान अरि तेज हारी मधूसूदनं तुंहि दरसे मुरारी ॥ २५ ॥

तुही चारु मुखं मनो पूर्ण चन्दं, अवै अमृतं बैन लहरी समुद्दं । तुही नाग नच्छे तुही दैत नागं, तुही पुष्करं तित्थ तूही प्रयागं ॥ २६ ॥

रजैं रूप तुहीं जगन्नाथ रायं, सदाचार रक्खैं सु भृत्यं सहायं । तुहीं गङ्ग गोदावरी तिच्छ गाजै, तुही कीन केदार कालंकि काजै ॥ २७ ॥

धरा मध्य तुही बियौ मानधाता, तुहीं छत्र धारी बहू भूमि त्राता । तुहीं काशिका बिबुध जन पाल कहहियै, सदा सैलराजां सिरैं तंस लहियै ॥ २८ ॥

तुही द्वारिकानाथ निज नैन दिट्ठौ, मनौ अमृतै बरसयौ मेघ मिठ्ठौ । तुही कंस हर्त्ता कह्यौ शृष्टि कर्ता, भटौ कोटि सेवै पदं भूमि भर्ता ॥ २९ ॥

तुही जोग माया महा जङ्ग जित्तै, मधू शुंभ निशुंभ महिशेष हत्तै । तुही ज्यौति ज्वालामुखी रूप जागैं, मही छंडि तो अग्ग खल जूह भागैं ॥३०॥

जिते बिरुद धारंति जालंधरानी, कही देव तैसी तुम्हारी कहानी । तुही कंटकं मेटने कालकूटं, तुही अप्पई हेम माया अटूटं ॥ ३१ ॥

तुही बिश्वनेता तुही कल्पवृक्षं, तुही पारसं पौरसं ज्यौं प्रत्यक्षं । तुही बीर धीरं तुही चित्र बेली, करैं तं सुषल षंड रन्नरङ्ग केली ॥ ३२ ॥

महादान अप्पैं तुही मेघ माला, सुदै हच्छि हेमं दुरंमा दुशाला । तुहीं नाथ सुर रत्त तूही निधानं, तुंही सर्व्व रस कुंपिका कै समानं ॥ ३३ ॥

सदातं रघूराण श्रीराज सीहं, अजेजं अ नंमी अभंगं अबीहं । लिये तंसु भुज अप्पने हिन्दु लाजं, रसा एक तूही सु राजाधिराजं ॥ ३४ ॥

तुंहीं धर्म राजा धरा धर्म धारै, तुही आपदा खंडि कें के उधारे । निवेरे बहू भांति तं हद्द न्यावो, यहूं शंकरैं लख लखें पसावो ॥ ३५ ॥

तुही ईह को वृन्द पूरन्त आसा, तुंही अक्खई दान चिते उल्हासा । लसे साइ तो राज लीला हजारं, कहो कोन लोपै तुम्हारो सुकारं ॥ ३६ ॥

भरैं दंड तुम अग्ग भारी भुवाला, बरं बारणं बाजि वृन्दं विसाला । तुंही कामिनी वल्लहं रूप कामं, नऊ निद्धि पावै लियै तं सुनामं ॥ ३७ ।

निपावन्त देवालये तं नवीनै, पढ़ै वेद तो अग्ग ब्रह्मा प्रवीनैं । तुंही एक दातार पुहवी अनूपो, रसा रखना राजतं राज रूपो ॥ ३८ ॥

त्रिहों लोक धाराधरासं त्रिवेनी, दिशा व्योम तो लों शिवा सौख्य देनी । गिरा मान तोलों नईं किति गाजै, रिधू राज सी राण मेवार राजैं ॥ ३८ ॥

॥ कबित्त ॥

राजसिंह महाराज बन्धु बर बीर महाबल ।
महाराज अरि सिंह भोज अप्पै हय मैंगल ॥
सुरही बिप्र सहाय अनम अरि जूह उथप्पन ।
मृग रिपु कुल मृगराज क्रूर दुख दोहग कप्पन ॥
सुलतान गहन मोषन सगति टेकवन्त रिन नन टरैं ।
संसार सरन महाराज के आवे ते दर उग्गरैं ॥४०॥

छन्द वृद्धिनाराच ।

श्री राजसिंह रान के रिधू सुबन्धु रद्यए ।
गिरा नरिन्द किति गाज गंग जानि गज्जए ॥
लिए सु सत्य लक्ष नील लच्छि इन्द लद्यए ।
तपंत जास खग्ग तेज तिख मिच्छि तद्यए ॥ ४१ ॥
बहू बिबेक बुद्धि बीर बिश्व मैं बखानिए ।
प्रताप पुञ्ज पुन्य पाज प्राक्रमी पिछानिए ॥
परोपगारवन्त पुज्य पावनं प्रमानियैं ।
यु जातरूप रूप तैं अनूप रूप जानियैं ॥ ४२ ॥
अजेज गाढ़ आगरे इला धनी अभङ्गयं ।
जुरे सजूह सत्य जोध जीतई सु जंगयं ॥
प्रधान दान देत प्रेम पुष्करी पवंगयं ।
पयोद ज्यों प्रसंसिए चवन्त भास चंगयं ॥ ४३ ॥

उदार चित्त अखिये अहो निशं उल्हासकं ।
सु जास सर्व ग्रंथकार सिख वैस हासकं ॥
विचित्र वित्त बाम बाजि बारनं विलासकं ।
विशाल कित्ति चन्दवान सा प्रथी प्रकाशकं ॥४४॥
करन्त केलि कोरि कन्त कन्ति जानि काम जू ।
विशिष्ट वान बाल वेस विंटयो सु बाम जू ॥
नचन्त पात्र नायका गृहंति राग ग्राम जू ।
सदैव सौख्य सागरं सु मान ईस धाम जू ॥ ४५ ॥
सहाय साधु श्याम सेव सत्यता सुहावई ।
पुरान वेद पाठ के पढे प्रमोद पावई ॥
सु देत लक्खु २ दान दुःख को दुरावई ।
महीन्द महाराज को गुनी सु बोल गावई ॥ ४६ ॥
कृपान पानि दुठ काल क्रूर युद्ध कारई ।
धसक्कि मिछि जास धाक धुज्जि भीति धारई ॥
सुकज्ज सज्ज साहसी कसंबरं सुधारई ।
प्रजन्त सिन्धु बद्यनं महन्त सित्रु मारई ॥ ४७ ॥
तनू उतङ्ग तत्त तेज तीर बेग से तुरी ।
षिवन्त जानि विद्यु पाय षेगसं करैं षुरी ।
मदोन्मत्त रूप मेहकाय से लसे करी ।
करैं सु दत्त कित्ति काज सार सार जासिरी ॥४८॥
धपक्क कन्ति मिच्छि धारि धरा जाल धक्क हैं ।
सुसद्द बेधि अंग शंभु हद्द सीह हक्क हैं ॥

चढन्त पुठि चंचलं चमक्क च्यारि चक्क हैं ।
गिरिन्द गाढ़ मैन गात संगि राग हक्क हैं ॥ ४८ ॥
नऊ निधान लच्छि नाथ न्याउसं नरिन्द जू ।
दिपन्ति कन्ति देह रूप देखते दिनिंद जू ॥
पवित्त शीश आतपत्र चारु चौर चंचलं ।
सुरद्ध जास देश सन्धि सित्तु को न संचलं ॥ ५० ॥
नराधि रूप नाहरं निरन्तरं निसंकयं ।
करी षलो विभच्छि कुंभ क्रूर नख कंकयं ।
बलिठ मुठि वीर सो वहै विरुद्ध बंकयं ।
अनाथ नाथ विश्व उंट आन भुल्लि अङ्कयं ॥ ५१ ॥
तिधार तिख तेग तिग्ग तेज ताप तोरई ।
छतीश सत्थ धार छोह छीनि बन्धि छोरई ॥
मजेज जङ्ग मण्डलों मसन्द मीर मोरई ।
जयं जयं जपैं कविन्द जास कित्ति जोरई ॥ ५२ ॥
निहस्सई निसान नाद नेज नूर न्नायकं ।
लसे करी तुरंग लच्छि लक्ष लील लायकं ॥
सनातनं सधर्म साहु सज्जनं सहायकं ।
दवट्ट ई दरिद्द दोस दन्ति मत्त दायकं ॥ ५३ ॥
मृजाद मेर महाराज मही सीस मंडलं ।
बदै सुबोल जास विश्व वैहित्तं विहंडनं ॥
षलौं दलौं सु सज्जि खेंग खग्ग वेग खंडनं ।
दयाल देव दूबरेनि दुट्ठ सट्ठ दंडनं ॥ ५४ ॥

सुरेन्द चन्द सूर तें शरीर तास रूप हैं ।
अनेक जूथ सत्थ भूप भेटई सु भूप हैं ॥
समप्पई सुपत्त सिद्धि सोवनं सु सूप हैं ।
धराल शुद्ध जा दुधार धारि हत्थ धूप हैं ॥ ५५ ॥
डहक्कि मिछि जास डिम्भ डिम्भ वाम संभरे ।
जिहान आन कोन जोध जंग आइ सो जुरे ॥
भुजाल भीच भारथें भयङ्क भीम ज्यों भिरैं ।
अरस्सि महाराज को गुनी सुबोल उच्चरैं ॥ ५६ ॥
अतेव अन्स अखियें इला अभङ्ग आन जू ।
दिनं दिनं सुमान देत राज सिंह रान जू ।
तवंत त्रैपुरा त्रिलोक उक जान त्रान जू ।
सु सद्द ए सुधा समं कहे कविन्द मान जू ॥ ५७ ॥

॥ कवित्त ॥

राजसीह महाराण कुंअर करमेत कुलोद्धर ।
जयवन्ता जग जोध जंग जीतन जोरावर ॥
अरि उलूक आदित्य घाउ मोरे पर गज घट ।
देत सुकवि कर दत्त प्रवर करि अश्व कनक पट ॥
कुंजर समिछि कुंभहि कलन कहिय कँधाला केहरी ।
जयसीह कुंअर दिन २ जयो उमगि गहन धर आसुरी५८

छन्द उद्धोर ।

जय जय कुंअर श्री जय सीह । अति अवगाह अङ्ग अबीह ॥ उत्तम रूप सुकृत अन्स । प्रवर सु पुहवि मांझ प्रसंस ॥ ५९ ॥

कट्टन दरिद दुख कलङ्क । मुख दुति जानि सकल मयङ्क ॥ अप्पय लछि चित्त उदार । सच्चा सूर कुल अँगार ॥ ६० ॥

कमनीय काय अप्प कुँआर । अभिनव मदन के। अवतार ॥ उ'पिति सहज पर उपगार । हरषत देत द्रव्य हजार ॥ ६१ ॥

अंकुश सरिस जो अरि इभ । गाहत आसुरी धर गर्भ ॥ धुज्जत असुर बर तस धाक । हक्कत सीह बन घन हाक ॥ ६२ ॥

ए अवतार रूप अनूप । भेटहि जास बड़ बड़ भूप ॥ राज कुंआर राजस रीति । उथपि जिनहि सकल अनीति ॥ ६३ ॥

झलकत मस्म नर वर भुण्ड । प्रकट कि तरनि तेज प्रचंड । महिमा मेरु सबर मृजाद । वसुमति को न मंडय बाद ॥ ६४ ॥

महि तल सकल मान महन्त । आनहि कुंअर अरि कुल अन्त ॥ सुरही विप्र करन सहाय । गीपति सरस जसु जस गाय ॥ ६५ ॥

गिनियहि मेरु गिरि वर गाढ़ । डक्कहि पिसुन नर असि डाढ़ ॥ घन तें अधिक दृढ़ घन घाउ । दिसि दिसि देत पए धर दाउ ॥ ६६ ॥

सिन्धुर तुरग श्री श्री कार । आखय अवल जन आधार ॥ सागर तोल चित्त समाव । परतक्ष करन लख पसावं ॥ ६७ ॥

बामा सत्य वैरिन बन्धि । आनहि जेह अप्पन सन्धि ॥ निहिसित सत्य नट्ठ निशान । उदधि सु नीर दल असमान । ६८ ॥

दुज्जन भरत हय गय दण्ड । अधिक प्रताप आन अखण्ड ॥ बिलसत बिबिधि बाम विलास । मनु रति नाथ द्वादस मास ॥ ६९ ॥

रीझत देत रीझ रसाल । मेंगल मत्त मोतिन माल ॥ सूरति सहसकिरन समान । अरि तम हरण हुन उनमान ॥ ७० ॥

शस्त्र छतीस धार सुजान । पीरन प्रबल दुज्जन प्रान ॥ नाहर ज्यों सदैव निसङ्क । कूर सु कविन जनु नष कङ्क ॥ ७१ ॥

पिल्लहि पिशुन ईष प्रबन्ध । सहज उस्वास मरुत सुगन्ध ॥ वसुमति विभव विलसन बीर । निरमल सुजस सुरसरि नीर ॥ ७२ ॥

प्रवर सुमग्ग धरन प्रवीन । षग बल करत षल दल षीन ॥ मन्थर गति सु राजमराल । परठत अहित जनहि पयाल ॥ ७३ ॥

सोवन सरिस कन्ति शरीर । सुन्दर सबल सा-

हस धीर ॥ लछिन चारु तसु तनु लछि । पर उपगार-
वन्त प्रतछि ॥ ७४ ॥

ससि रवि सुर सुरेस्वर शंभु । उदधि सुमेरु सुर-
सरि अम्भु ॥ अविचल ज्यौं लुए अवदात । बोलहि
मान त्रिजग विख्यात ॥ ७५ ॥

॥ कवित्त ॥

बसुमति रखन बीर बिमल मति धरन सची वट ।
सीसोदा कुल सोभ झारि नंषैं अरि षग झट ॥
लीलापति बहु लछि सुगुनगाहक दृढ़ सायक ।
न्यायवन्त गुरु नयन दत्त हय गय धन दायक ॥
भारथ समत्थ भुवि सुजसभर भागवन्त सु अभंगभर
श्रीराजसिंह महाराण को भीमसिंह कूँवर सबर॥७६

छंद दण्डक ।

भीमसिंह कुंआर मह भट । झूरि नंषहि अरिन
खग झट ॥ घाउ घल्लन सीह गज घट । विरुदवन्त
सुमन्त कुलवट ॥ ७७ ॥

बिभव तेज सदैव बट्टइ । कुंति ते कंटकन
कट्टइ । गिरि समान गुमान गट्टइ । चढ़त ह्य
रिपु चाक चट्टइ ॥ ७८ ॥

दुज्जनें सिर करत दंडह । अछि हय गय बल
अखंडह । खग्ग बल खेल खेत खंडह । अकल अप्प
सदा अदंडह ॥ ७९ ॥

जङ्गजीतन जोध जग·जस । रपटि रिपु रल-तलहि रिन रस ॥ गोर गात सु गोध गुरु गस, बसुमती जिन्द कीन निज बस ॥ ८० ॥

बन्धि आनत सित्रु वामहि, गाहि धर गढ़ कोट गामहि । जानि ऋतु पति अट्ट जामहि, धूपटे धन राज धामहिं ॥ ८१ ॥

सरस सुर सङ्गीत सच्चइ । नृतत पातुर नारि नच्चइ ॥ राग रङ्ग सु तान रच्चइ । मधुर धुनि सुनि मोद मच्चइ ॥ ८२ ॥

सुरहि सज्जन जन सहायक, लछिपति सम लील लायक॥ प्रचुर हय गय सेन पायक, नर प्रधान नराधिनायक ॥ ८३ ॥

भीम भय गढ़ कोटि तज्जइ, धसकि आसुरि धरनि धुज्जइ ॥ राजराण सु पुत्त रज्जइ, तिक्ख अरि तनु नेह तज्जइ ॥ ८४ ॥

सकल रद्य धुरा समत्थह । पिशुन पटकहि ज्यों सु पळह । सबल दल जिन चढ़त सत्थह । हेम हय गय देत हत्थह ॥ ८५ ॥

मत्त मीर मजेज मोरन । तुंग तर मेवास तोरन ॥ बीर बर गत धन बहोरन, जगत जय जस बाद जोरन ॥ ८६ ॥

क्रूर जसु कर कठिन कंकह, झाल बज्जत धुनि

झनंकह । नित्य नाहर ज्यों निसंकह, बिरुद मरद सु बहय बंकह ॥ ८७ ॥

गहकि आसुरि सेन गाहत, ढुंढि ढुंढि सु शत्रु ढाहत । बज्र सम करबाल बाहत, सज्जि दल सुलतान साहत ॥ ८८ ॥

नूर नर नागर निरोगिय, अभय मन अह निसि असोगिय । भोगवे बहु भूमि भोगिय, स्वामि ज्यों सुन्दर संयोगिय ॥ ८९ ॥

स्वर्ण रङ्ग शरीर सुन्दर । प्रगट मनु पुहवी पुरन्दर । केवि जिन डर दुरत कन्दर, मानई षट ऋतु सुमन्दिर ॥ ९० ॥

निसुनि चढ़त निसान भद्दह, रङ्क रिपु कुल होत रद्दह । भीम दल जनु मेघ भद्दह, सुकवि बोलत तसु सुसद्दह ॥ ९१ ॥

राज राण सु नन्द रङ्गह । भीम रिपु दल करन भङ्गह । गाजई जस जानि गङ्गह । चन्द पूरन मास चङ्गह ॥ ९२ ॥

चिरञ्जीवि प्रताप जसु चिर, यान हय गय हों बहू थिर । शृष्टि तब लो अचर सुरगिर, गहकि बोलत मान जसु गिर ॥ ९३ ॥

इति श्री मन्मान कवि विरचिते राज विलास शास्त्रे राणा श्री राजसिंह जी कस्य पट्टाभिषेक विरुदावली प्रभृति वर्णनं नाम पञ्चमो बिलास ॥ ५ ॥

॥ कवित्त ॥

चढ़े सेन चतुरङ्ग राण रवि सम राजे सर ।
मनो महोदधि पूर बारि चहु ओर सु विस्तर ॥
गय बर गुञ्जत गुहिर अंग अभिनव एरावत ।
हय बर घन हीसन्त धरनि खुरतार धसक्कत ॥
सल सलिय सेस दल भार सिर कमठ पीठि उठि
झल कलिय । हल हलिय असुर धर परि हलक
रबनि सहित रिपु रलतलिय ॥ १ ॥

छन्द पद्धरिय ।

सम्बत प्रसिद्ध दह सत्त भास । वत्सर सु पञ्च
दस जिठ मास ॥ सजि सेक राण श्री राज सीह ।
असुरेश धरा सज्जन अबीह ॥ २ ॥

निर्घोष घुरिय नीसान नद्द । सहनाई भेरि जङ्गी
सु सद्द ॥ अति बदन बदन बट्टी अवाज । सब मिले
भूप सजि अप्प साज ॥ ३ ॥

किय सेन अग्ग करि सेल काय । पिखन्त रूप
पर दल पुलाय ॥ गुंजंत मधुप मद झरत गळ्ळ ।
चरषी चलन्त तिन अग्ग पळ्ळ ॥ ४ ॥

सोभन्त चौर सिन्दूर शीश । रस रङ्ग चङ्ग अति
भरिय रीस ॥ सो झाल घटां मनु मेघ श्याम । ठन-
कन्त घंट तिन कण्ठ ठाम ॥ ५ ॥

उनमत्त करत अग्गंग् अग्राज। बहु वेग जान पावै न बाज॥ ढलकन्त पुठि उज्जल स ढाल। बर बिबिध वर्ण नेजा बिसाल॥ ६॥

बोलन्त चलत बन्दी बिरुद्द। दीपन्त धवल रुचि शुचि विरद्द॥ गुरु गाढ गेंद गिरिवर गुमान। पढ़ि धत्त धत्त मुख पीलवान॥ ७॥

एराक आरबी अश्व ऐन। सोभन्त श्रवन सुन्दर सुनैन॥ काश्मीर देश कांबोज कछि। पय पन्थ पौन पय रूप लछि॥ ८॥

बंगाल जात के बाजि राज। काबिल सु केक हय भूप काज॥ खंधार उतन केहि खुरासान। वपु ऊंच तेज बर बिबिध बान॥ ९॥

हय हीस करत के जाति हंस। कविले सुकि हाड़ें भोर बंस॥ किरडीए खुरहडे केसु रत्त। पीलडे केकली लेप वित्त॥ १०॥

चञ्चल सुवेग रहवाल चाल। थेइ थेइ तान् नञ्चन्त थाल॥ गुंथिय सुजान कर केस बाल। बनि कन्ध वक्र सोभा विसाल॥ ११॥

साकति सुवर्ण साजे समुख। लीने सु सत्थ हय एक लख॥ रवि रय तुरङ्ग सम ते सरूप। भनि विपुल पुठि तिन चढ़ें भूंप॥ १२॥

पयदल सु सज्जि पोरष प्रधान। जंघालु जङ्ग

जीतन जवाँन ॥ भट विकट भीम भारत भुजाल । शाधर्म्मि सूर निज शत्रु साल ॥ १३ ॥

निर्लवट सनूर रत्ते सु नैंन । गय थाट घाट अप घट गिनैंन ॥ धमकन्ति धरनि चल्लत धमक्क । धर हरत कोट जिन सबर धक्क ॥ १४ ॥

बंकी सु पाघ वर भृकुटि बंक । निर्भय निरोग नाहर निसंक ॥ शिरटोप सज्जि तनु त्रान संच । प्रगटे सु बन्धि हथियार पंच ॥ १५ ॥

कटि कसे कटारी अरु कृपान । बंदूक ढाल को-दण्ड बान ॥ कमनीय कुन्त कर तोन पुठि । मारन्त शत्रु सुनि सबल मुठ्ठि ॥ १६ ॥

गल्हार करत गज्जन्त गैन । बोलंत बंदि बहु विरुद बैन ॥ मुररन्त मुंछ गुरु भरिय मान । गिनि कोन कहै पायक सु गान ॥ १७ ॥

बहु भूप थट्ट दल मध्य बीर । सुरपति समान शोभा सरीर ॥ श्रीराज सिंह राणा सरूप । गजराज ढाल आसन अनूप ॥ १८ ॥

शीशे सु छत्र बाजन्त सार । चामर ढलंत उज्जल स चारु ॥ घन सजल सरिस दल घाघरट्ट । भाषन्त विरुद बर बन्दि भट्ट ॥ १९ ॥

कालंकि राय केदार कत्थ । अस कत्ति राय थप्पत समत्थ ॥ हिन्दू सु राय रखन सुहट्ट । मुगलाँन राय मोरन मरट्ट ॥ २० ॥

कविलान राय कट्टंन सु कन्द । दुतिबंत राय हिन्दू दिनंद ॥ अरि विकट राय जाड़ा उपाड । बलवन्त राय बैरी विभाड ॥ २१ ॥

अन पुट्ठि राय पुट्ठिय पलाँन । भल हलत रूप मध्यान भान ॥ रायाधिराय राजेश रान । जगतेश नन्द जय जय सुजान ॥ २२ ॥

बाजीनि चरन खुरतार बग्ग । मह अनड कट्टि कीजन्त मग्ग ॥ झलझलिय उदधि सलसलिय सेस। कलकलिय पिट्ठि कच्छप असेस ॥ २३ ॥

रजथान सजल जलथान रेनु । धुन्धरिग भान रज चढ़ि गगेनु ॥ अति देश देश सु वढ़ी अवाज । नट्टे सु यवन करते निवाज ॥ २४ ॥

हलहलिय असुर घर परि हलक्क । षलभलिय नैर पर पुर षलक्क ॥ थरहरें दुर्ग मेवास थान । रचि सेन सबल राजेश रान ॥ २५ ॥

सुलतान मान मन्नी ससङ्क । वलवन्त हिन्दुपति बीर बङ्क ॥ आयौ सुलेन अवनी अभङ्ग । आलम सु भयौ सुनि गात भङ्ग ॥ २६ ॥

॥ कवित्त ॥

ऊचलि गयो अग्गरो दन्द मच्यौ अति दिल्लिय ।
हाजीपुर परि हक्क डहंकि लाहौर सु डुल्लिय ॥
थरस लयौ रिनथंम्भ असकि अजमेर सु धुज्जिय ।

सूनौ भयौ सिरोंज भगग भै लसा सु भज्जिय ॥
अहमदाबाद उज्जैनि जन थाल मूंग ज्यों थरहरिय ।
राजेस राण सु पयान सुनि पिशुन नगर खरभर परिय॥२७॥

छन्द मकुन्द डामर ।

चतुरङ्ग चमूं सजि सिन्धुर चञ्चल बङ्क बिरुद्दरु दान बहैं । अवधूत अजेज तुरङ्ग उतंङ्गह रङ्गहि जे रिपु कट्टि रहैं ॥ अवगाढ़ सु आयुध युद्ध अजीत सु पायक सत्थ लिये प्रचुरं । चित्रकोट धनी सजि राजसी राण यु मारि उजारिय मालपुरं ॥ २८ ॥

अति बट्टि अवाज भगी दिसि उत्तर पंथ पुरंपुर रौरि परी । त्रह कन्त सु त्रम्बक नूर त्रहं त्रह षेंग महा षिति बज्जि षुरी॥ उडि अम्बर रेनु बहूदल उम्मडि सोषि नदी दह मग्ग सरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं ॥२९॥

करते बहु कूच मुकाम क्रमं क्रमि पत्त सु नागर चाल पहू । भहराय भगे धर लोक महा भय सून भये अरिं नैरस हू ॥ असुरेश कै गेह सुवट्टि उदंगल डुल्लिय दिल्लिय सन्नि डरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राज सी राण युमारि उजारिय माल पुरं ॥ ३० ॥

दल बिंटिय माल,पुरा सु चहौं दिसि उपम चन्दन जान अही । तहँ कींन मुकाम घुरंत सु त्रंबक सोच परयौ सुलतान सही ॥ नर नाथ रहे तहँ सत्त अहो

निसि सोवन मारस धीरं धरं। चित्रकोट धनी चढि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं ॥ ३१ ॥

भर चौकिय देत चहौं दिशि भूपति सोरभ टक्क अराब सजैं । हुसियारि कहैं बर जोध हंकारहि हींसत है गजराज गजैं ॥ मुहलाल हजार जरै सब ही निसि घोष सु नौबति नन्द घुरं । चित्रकोट धनी सजि राजसी राण यु मारि उजारिय मालपुरं ॥३२॥

धक धूनिय धास सुकोट धकाइय गौषरु पौरि गिराइ दिये । ढम ढेर करी हट श्रेणि ढुढारिय कंकर कंकर दूर किये ॥ पति साह सु दज्झन नैर प्रजारिय अंबर पावक झार अरं। चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मार उजारिय माल पुरं ॥ ३३ ॥

तहां श्रीफरु पुंगिय लौंग तमारह हिंगुल केसरि जायफलं । घनसार मृगंमद लीलि अफीमि अँबार जरन्त सु झारझलं ॥ उडि अग्गि दमग्ग सु दिल्लिय उप्पर जाय परे सु डरैं असुरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं॥३४

धर पूरिय धाम धराधर धुंधरि धाम भरे धन धान धषैं । रबि बिम्बति हौं दिन गोप रह्यौ लुटि लच्छि अनन्त सु कोंन लषैं ॥ सिकलात पटम्बर सूफ सु अम्बर इँधन ज्यों प्रजरैं अगरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं ॥३५॥

अति रोसहिं कीन इलातर उप्पर कंचन रूप निधान कढ़े । भरि ईभष जान सुखच्चर सूभर वित्तहिं भृत्य अनेक बढ़े ॥ जस वाद भयौ गिरि मेरु जितौ हरषे सुर आसुर नूर हरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण युमारि उजारिय माल पुरं ॥ ३६ ॥

जय हिन्दु धनी यवनेशहिं जीतन मारन तूं ही यु म्लेछ मही । अवतार तुहीं इल भार उतारन तोकर षग्ग प्रमान कहीं ॥ जगतेश सु नंद जयौ जगनायक बंस विभूषन बीर बरं । चित्रकोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं ॥ ३७ ॥

निज जीति करी रिपु गाढ़ नसाइय आए देत निसान खरे । पयसार सु कीन सिंगारि उदयपुर आइ अनेक उछाह करे॥ कबि मान दिए हय हत्थिय कंचन बुट्ठिय जानि कि बारि धरं । चित्र कोट धनी चढ़ि राजसी राण यु मारि उजारिय माल पुरं ॥३८॥

॥ कबित्त ॥

माल पुरहिं मारयौं कनक कामिनि घर घर किय।
गारिय आसुर गाढ़ नीर चढ़यौ सु बन्स निय ॥
इन कुल नीति सु एह गट्ट आलम गहि मोषन ।
अनमी अनड अभङ्ग नित्य निम्मल निरदूषन ॥
अज सिंह पियै जल घाट इक षग्ग तेज लीयै सुषिति

राजेश राण जगतेश सुत पुन्यवन्त मेवार पति॥३८

इति श्री मन्मान कवि विरचिते श्रीराजविलास शास्त्रे
राँणा श्रीराज सिंह जी कस्य दिग्जय वर्णन
नाम षष्टम विलास: संपूर्ण: ॥ ६ ॥

॥ दोहा ॥

मारु बारि महि मंडले, रूप नगर बहु रूप ।
राज करै तहं रट्ठ बर, मानसिंह मह भूप ॥ १ ॥
सो नृप औरंग साहि कौ, अकुली बल उमराव ।
सूर बीर सच्चौ सुभट, दैंन पर धरहि दाव ॥ २ ॥
भगिनी तस घर एक भल, सुभ लच्छिनी सयान ।
बेष बाल षोरस बरस, नख सिख रूप निधान ॥३॥
रमा रूप के रम्भ रति, गौरीसै गुन ग्राम ॥
रूपसिंह राठौर की, सुता सु लक्षन धाम ॥ ४ ॥

॥ कवित्त ॥

धरनि प्रगट मरू धरा बसैं तहं रूप नगर बूर ।
मान सिंह तहं महिप रज्ज रज्जन्त रट्ठ बर ॥
बहनि तास गृह प्रवर रमा रूपें कि रम्भ रति ।
रूपसिंह पुत्ती स गात कञ्चन गयन्द गति ॥
बोलन्त मधुर धुनि पिक बयन निशिपति आनन
मृग नयन। चउसठ कलान कुंवरी चतुर मन मोहन
मन्दिर मयन ॥ १ ॥

छन्द गुणावेलि ।

कहिये सुभ राज कुंआरी, अच्छी अपच्छरी अनु-हारी । वपु सोभा कञ्चन बरनी, हरि हर ब्रह्मा मन हरनी ॥ ६ ॥

सचि सुरभि स कोमल सारी, कव्वरि मनु नागिनि कारी । सिर मोती मांग सु साजैं, राषरी कनक मय राजैं ॥ ७ ॥

लखि शीश फूल रवि लोपैं, अष्ठमि शशि भाल सु ओपैं । बिन्दुली जराउ बखानी, अलि भृकुटि ओपमा आनी ॥ ८ ॥

छवि अञ्जन दृग मृग छोना, पतनिय श्रुति जरित तरोना । नकबेसरि सोहति नासा, पयनिधि सुत लाल प्रकाशा ॥ ९ ॥

पल उपचित गच्छ प्रधानं, अति अरुन अधर उपमानं । रद दारिम बीज रसाला, पढ़िये मनु बिम्ब प्रवाला ॥ १० ॥

कलकण्ठ सुरसना कुहकें, मुख स्वास कुसम वर महकें । चित चुभी चिबुक चतुराई, ससि पूरन वदन सुहाई ॥ ११ ॥

मनु काम लता इह मोरी, नीकी गर पोतिन बोरी । कँठसिरी तीलरी कहियै, चम्पकली हंस सुभ चहियै ॥ १२ ॥

मयगल मोतिन की माला, मनि मण्डित झाकझमाला । चोकी चामीकर चंगी, रतनाली छबि बहुरंगी ॥ १३ ॥

अष्टादश सर अभिरामं, नव सर षट सर किहि नामं । हारावलि मण्डित हेमं, पहिरी बर कण्ठहि पेमं ॥ १४ ॥

उर उरज उभय अधिकाई, श्री फल उपमा सम भाई । लीलक कंचुकी निहारी, भुजदण्ड प्रलम्ब सभारी ॥ १५ ॥

बर करन कनक मय बन्धं, बिलसत दुति बाजू बन्धं । चूरो कंकन सो चहिये, गजरा पोचिय गुन गहिये ॥ १६ ॥

मुद्रिय अंगुरि मन मानी, कंचन नग जरित कहानी । महदी मय बेलिसु मंडी, तिन पानि सोभ बहु तंडी ॥ १७ ॥

मच्छोदरि तिवलिय मझ्झे, वापी सम नाभि सुबुझ्झे । कटि मेषल मनि कुन्दन की, तरनिय सी सोभा तिनकी ॥ १८ ॥

चरना रञ्जित बहु चोलं, पहिरन बर पीत पटोलं । वर समर गेह सुचि बिम्बं, नीके गुरु युगल नितम्बं ॥ १९ ॥

करि कर जंघा जुग कन्तं, झंझरि पय धुनि झमकन्तं । पाइल सुद्राबलि रंगं, आभूषन ओार उपंगं ॥२०॥

रुचि सहज पाइ तल रत्तै, जावक वर सोभ सु जित्ते। गोरी सी सागय गवनी, रम्भा रति केहरि रवनी॥ २१॥

जसु रूप अधिक इक जीहा, लहियें क्यौं पार सुलीहा। कवि मान कहै सुखकारी, नन ता सम को वर नारी॥ २२॥

॥ कवित्त॥

इक दिन आलम अखि बचन विपरीति रज्ज बल।
सुनि राठोर सु जानि मान मृगराज राज कुल।
हमहिं देहु चित हरषि बहिनि तुम सुनिय रूप बर
देहु तुमहि धर देश गाउ हय गय समान गुर॥
रठोर ताम आधीन रुख तुरक बचन किन्नो तहति।
कलि युग प्रमान कवि मान कहि कमधज कछ-
वाहा कुमति॥ २३॥

दोहा।

मान सिंह नृप सोचि मन, तुरक बिचारिस तप्प।
कन्या तब ब्याहन कही, ओरंजेबहि अप्प। २४॥

छन्द त्रोटक।

सुनि बत्त सु रूप सुता श्रवनं, बिलखाइ बदन्न भई विमनं। तिहि सोचहि अन्न रु पान तजे, भह-राइ परी नन धीर भजे॥ २५॥

करुना करते इह रीति करी, अब आसुर गेह तिया अमरी। गुरु संकट तैं मुहि कोंन गहें, कुन-नन्ति सखी जन मंझ कहें॥ २६॥

गिरि शृङ्ग उतंगनि ते युगिरों, कुल कज्ज हलाहल पान करो। जरते भर पावक कुण्ड जरों, बरिहो सुर आसुर हो न बरों॥ २७॥

जिन आनन रूप लंगूर जिसो, पल सर्व भषें सुर सों युग सौं। जिन नाम मलेछ पिशाच जनो, सुर ही रिपु होन न स्याम मनों॥ २८॥

मन सोचति ही उपज्यो सु मतो, छिति छत्रपती बर हिन्दु छतो। श्रीराजसि राण खुमान सदा, अब ओट गहो तिन की सु मुदा॥ २९॥

पुहवी नन तासम छत्रपती, रविबन्स विभूषन भाल रती। धर आसुरि मारन हिन्दु धनी, सरनै मो रक्खन सोइ धनी॥ ३०॥

लहि औसरि सुन्दर पत्र लिखें, चित्रकोट धनी अवरूय रखे। हरि ज्यों सु रुकुंमनि लाज रखी, अब लो यों रखहु आस सुखी॥ ३१॥

गजराज तजे खर कोन गहें। सुर बृक्ष छते कुन आक चहें। पय पान तजे विष कोन पिये, लहि पाचरु काचहि कोन लिये॥ ३२॥

बग हंसनि क्यों घर बास बसें, न रहे फुनि कोकिल कग्गर से। सस सिंहनि ज्यों नन देखि सके, बिन बुद्धिय आसुर वादि बके॥ ३३॥

नर नायक तो सम और नही, सरणागय वत्सल

तू जसही । प्रभु के सु लुली लुलि पाय परों, कर जोरि इती अरदास करों ॥ ३४ ॥

सज्जि सेन सु आवहु नाह इतें, अबला सु छुड़ावहु आसुरतें । सु लई ज्यों राघव सीत सती, हठ कार करावन राय हती ॥ ३५ ॥

करि भीर प्रभू निज कामिनि की, बलि जाउ सदा तुम जामिनि की । इन कज्जहि लाइक तूजइला कुल नीर चढ़ाउन देव कला ॥ ३६ ॥

लिखि लेख समै द्विज सद्दि लियौ, कहि भेद सु कग्गद हत्थ दियो । मुष बैन दिढ़ाइरु शीष करी, धर पत्त बहू सुउमङ्ग घरी ॥ ३७ ॥

पहुंच्यो सु उदय पुर माझ पही, महाराणहि भेटि असीस कही । जय हिन्द धनी जगतेश सुतं, श्री राजसि राण जगत्त जितं ॥ ३८ ॥

गुदराइय लेख कुमारि गिरं, अति हर्ष भयो नर नाह उरं । करुनाकरि विप्र समान कियो, दिल उत्सक उंचित दान दयो। । ३९ ॥

महि मानिनि जानि दसारु मिलैं, घर आवत लच्छिय कौन ठिलै। इह चित्तहि ठानि के बीरु बली, रति पाइ महा रस रङ्ग रली ॥ ४० ॥

घन नोवति नद्द निसान घुरे, अवनीस अनेक उछाह करे । चढ़ि चंचल वाम मिलाप चहें, कवि नायक यों कवि मान कहें ॥ ४१ ॥

॥ कवित्त ॥

अवलाकृत अरदास विप्र मुष वसु निरु विष खन् ।
चित्रकोट पति चढ़े रूप कुंअरी पति रखन ॥
घुरत निसाननि घमस गुहिर घन ज्यों गय गज्जन।
सुभ बन्दी जन सद्द बाजि खुरतार सु बज्जन ॥
हय हंस चढ़े चामर ढलत धवल छत्र शीशहिं धरिय।
सोवन जराउ युत सेहरो सुन्दरि ब्याहन संचरिय॥४२॥

॥ दोहा ॥

दैन बधाई सोइ द्विज, रूप सुता प्रति रंग ।
आयो सेना अग्ग तें, उद्यमवन्त अभङ्ग ॥ ४३ ॥
अखिय आइ बधाइ इह, बारी तो बड़ भाग ।
राण राजसी राज बर, आए धरि अनुराग ॥४४॥
सुनि सु बधाई नृप सुता, उपज्यो उर उल्हास ।
कनक रजत पटकूल करि, पूरन किय द्विज आस ४५
रूप नगर महाराण की अधिक बढ़ी सु अवाज ।
मानसिंह नृप हरषि मन, सजै ब्याह वर साज॥४६॥
बंधे तोरन रतन मय, थप्पि रजत युग थम्भ ।
कनक कलस मंडित मुकुर देषत होत अचम्भ ॥४७॥
चोरिय मण्डिय चित चुरस, कनक भण्ड बहु आनि ।
मंडप खम्भ सु कनक मय, गूडर जरकस तानि ४८।

छन्द रसावल ।

राण राजेसरं, बीर हिन्दू बरं ।
ऊंच तनु अम्बरं, सुरति सा डंबरं ॥ ४९ ॥

हंस हय सुन्दरं, स्वर्ण आकति धरं।
प्रगट गति पातुरं, आरुहे आतुरं ॥ ५० ॥
सीस बर सेहरं, जरित हेमं जरं।
षग्ग करि षंडरं, सेत छत्रं सिरं ॥ ५१ ॥
चारु दो चामरं, कनक दंडं करं।
बिभ्भए दो नरं, रूप एतं बरं ॥ ५२ ॥
भीर मत्ती पुरं, नैन नारी नरं।
निरष ए नर बरं, उल्हसं ते उरं ॥ ५३ ॥
बाजि घन घुम्मरं, भूरि चढ़े भरं।
सेन बहु सिंधुरं, प्रचुर पायक चरं ॥ ५४ ॥
घोष नौवति घुरं, सोर वन्दी सुरं।
धरनि रज धुन्धरं, ढंकियं दिनकरं ॥ ५५ ॥
सोषि सलिता सरं, थान रिपु थर हरं।
अमग मग्गं परं, पत्त पहु सुर धरं ॥ ५६ ॥
राग रमनी रसं, नाह अद्धी निसं।
पत्त पुर गोयरं, तूर त्रम्बक्क घुरं ॥ ५७ ॥
पील सों तें जरे, पार को उच्चरें।
हिंस ई हेम्बरं, गज्ज घन गैम्बरं ॥ ५८ ॥
सरल सरनाइयं, गायनं गाइयं।
राग षंभा इती, श्रवन सम्भा इती ॥ ५९ ॥
सोर सग गट्टयं, भोंचपा छुट्टयं।
विरुद बन्दी वदै, सरस जै जै सदै ॥ ६० ॥

रूप नैरं रली, गोरि घन ऊछली ।
सैन सिंगारयं, सज्जि पैं सारयं ॥ ६१ ॥
बज्जनं बज्जई, गेन घन गज्जई ।
गावही गीतयं, वाम रस रीतयं ॥ ६२ ॥
कीन निवछावरी, सू हवं सुन्दरी ।
स्वर्ण सालङ्करी, मुत्ति थारम्भरी ॥ ६३ ॥
उछरैं दामयं, रूप अभिरामयं ।
इन्द्र ज्यों वर्षयं, बन्दि बहु हर्षयं ॥ ६४ ॥
मांन रठोर के, द्वार कुल मोर के ।
तोरनं बन्दियं, अधिक आनन्दियं ॥ ६५ ॥
राजसी रान जू, प्रबल षग प्रान जू ।
रठबरि ब्याहई, सद्धि पत्ति साहई ॥ ६६ ॥

॥ कवित्त ॥

ब्याह बेर वपु प्रकर रूप पुत्ती सिंगार रचि ।
नषसिष रूप निधान सोभ पाई सरूप सचि ॥
शिर सेहरो सतेज स्वर्ण मणि जरित कांति कल
सखि चहु ओर समूह गीत गावन्त सु मङ्गल ॥
रढ लीन भली ते रठबरि परमेशर रखी सु पत्ति।
श्रीराज राण जगतेशको पति पायो सब हिन्दु पति६७
राजसिंह महाराण सरस कर ग्रहन समय लहि ।
सजि अमोल शृङ्गार कान्ति सुरपति समान कहि ।
सोहत सिर सेहरो, कनक नग लाल जरित शुभ ।

कटि सुन्दर करबाल हंस हय चढ़े यट्ट द्दभ ॥
बहु भूप सेन बिचि बीर बर हय गय मय गय
ताम हुअ । घन त्रम्बक बर नौबति घुरहि जोतिह
लाल अपार हुअ ॥ ६८ ॥

॥ दोहा ॥

बहु सेना बिचि बीर बर, अश्व हंस आरोह ।
शीश छत्र वर सेहरो, चामर ढलत सु सोह ॥ ६८ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

चामर ढलत सु सोह उबारत द्रव्य अति ।
बन्दी बोलत बिरुद चिरं चीतोरपति ॥
पिखत प्रजा असंखन बुझहिं अप्प पर ।
रङ्ग मण्डप रस रङ्ग प्रपत्ते ईश वर ॥ ७० ॥

॥ दोहा ॥

रँग मण्डप बहु रङ्ग रस, प्रवर दुलीच बिछाय ।
रूप सुता रस रङ्ग मैं, सकल सखी समुदाय ॥ ७१ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

सकल सखी समुदाय सुहाइय सुन्दरिय ।
मण्डप मध्य सु आइय अभिनव अच्छरिय ॥
बिप्र पढ़त बहु बेद हवन करि करि हवी ।
सूर चन्द सुर साखिय सज्जन संठवी ॥ ७२ ॥

॥ दोहा ॥

सूर चन्द सुर साखि सब, बर गँठ जोरा बन्धि ।
बन्धी मनु हित गंठि दृढ़, दम्पति उभय सम्बन्धि॥७३॥

॥ कवित्त ॥

दम्पति उभय संबंध कन्त कर ग्रहन क्रिय, सुर पति सची समान सकल गुन रूप स्त्रिय । कै रति युत रति कन्त एह उनमानिये । निश्चल हुन जन नेह युगं युग जानिये ॥ ७४ ॥

॥ दोहा ॥

युग युग नेह सु उभय जन, सुरपति सची समान ।
रूप पुत्ति वर रट्ठवरि, राजसिंह महाराण ॥ ७५ ॥

॥ चन्द्रायन ॥

राजसिंह महारान संपते चौरि सजि ।
बज्जे बज्जन वृन्द गगन प्रति सद्दि गजि ॥
गावति सूहव गीत कित्ति कल कंठ करि ।
सज्जन मिले समूह कोटि उत्साह करि ॥ ७६ ॥

॥ दोहा ॥

सज्जन आइ मिले सकल, मान कमध्धज गेह ।
चोरी मण्डप चूप चित, नरनायक बहु नेह ॥ ७७ ॥
बरताए मंगल सकल, लिए सु फेरा लछि ।
होंस मनाई हीय की, अच्छि सम्पतिय अछि॥७८॥
सन्तोषे नेगी सकल, दये घने धन दान ।
चोकी कमधज्जी चढे, राजसिंह महाराण ॥ ७९ ॥

॥ कवित्त ॥

राजसिंह म्हाराण प्रिया रठौर सुपरनिय ।

रूप पुति जनु रंभ उभय कुल लज्ज सुधरनिय ॥
धनि हिन्दू पति धीर प्रवर क्षत्री पन पालन ।
गो ब्राह्मन तिय गनहि टेक गृहि संकट टालन ॥
हिन्दवान हद्द रखन हठी बल असुरेस बिडार कह ।
जगतेश रांण सुत जग जयो कलह केलि जय
कार कह ॥ ८० ॥

॥ दोहा ॥

कलह केलि जह तह करत, ए असुरेस अनिट्ठ ।
जनम्यो एह कलंकि जनु, दिल्ली पति अति दिट्ठ ॥८१॥

॥ कबित्त ॥

दिल्ली पति अति ढिठ साहि औरङ्ग प्रेत सम ।
अतिदल बल असुरेस, अवनि सद्धत करि उद्धम ॥
देश देश पति दमत गृहत पर भूमि नगर गढ़ ।
वृद्धि करत निज बंश दुट्ठ दीदार मंत दृढ़ ॥
आधीन किए जिन अवनि पति कमधज कछवाहा
प्रभृति । श्री राज रांण जगतेश के, गिन्यो साहि
अकतूल गति ॥ ८२ ॥

॥ दोहा ॥

राज रांण जगतेश के मंडिय आलम मान ।
रूपसिंह रठौर धिय, परनी प्रिया प्रधान ॥ ८३ ॥

॥ कवित्त ॥

परनि रट्ठवरि प्रिया घोष नोवत्ति घुरंतह ।

कर मुकलावनि करत होत उच्छाह अनन्तह ॥
गावत सूहव गीत नारि बहु मिलि मृग नैंनिय ।
हरषित चित्त हसन्ति परस्पर करत सु सैंनिय ॥
उछरन्त मुत्ति कंचन अधिक घन जाचक जन घर भरिय । श्री राज सिंह राना सबल, बिश्व सकल जस बिस्तरिय ॥ ८४ ॥

छन्द पद्धरिय ।

बिछुरिय सयल संसार बत्त, ए राज सिंह राना उमत्त । मिंझयौ सु जिनहि पतिसाह मांनि, परनी यु रूप पुत्ती प्रधान ॥ ८५ ॥

दाइजा सास रठोर देत, सचि मानसिंह राजा सहेत । बारुन सु छहों ऋतु मद बहन्त, पिखन्त रूप पर दल पुलन्त ॥ ८६ ॥

मंडैं न ओरि करि आइ मुख, भूलियहि पेखि जिन प्यास भूख । सुण्डाल किधों अंजन सुमेर, ढाहन सु बङ्क गढ़ करन ढेर ॥ ८७ ॥

सुभ दरस जास सेना सिंगार, हरषन्त युद्ध मन्नै न हार । ठनकन्त कनक घंटा ठनक्क, घमकन्त चरन घुघरू घनंक ॥ ८८ ॥

शृंखला लोह लंगर सुभार, आने न चित्त अंकुस प्रहार । सिन्दूर चँवर बर सीस सोह, पट कूल झूल पुठहिं परोह ॥ ८९ ॥

ऐराक अश्व आरब उतंग, चंचल सचाल जिन रूप चंग। कांबोज कछि हय काश्मीर, तत्ते तुषार जनु छुट्टि तीर ॥ ८० ॥

पढ़ि पानि पन्य अर पवन पन्य, गिनि कनक तोल मोलह सु ग्रंथ । बङ्गाल बाजि वर बिविध वान, षंधारि षेंग षिति खुरासान ॥ ८१ ॥

साकति सुवर्ण वर सकल साजि, बनि रवि तुरङ्ग उपम सु बाजि । धमकन्त धर्रनि जिन पय धमक्क, झिलती सु झूल मुख मल झलक्क ॥ ८२ ॥

खजमति सुदार दीनी खुवासि, रम्भा समान तनु रूप राशि । दासी सु जान नव रूप देह, जानन्त मन्त पर चित्त जेह ॥ ८३ ॥

भूषन सु हेम नग जरित भव्य, दीने अपार कञ्चन सु द्रव्य । मुक्ताफल गुरु बहु मोल माल, भल भेट करे कमधज भुवाल ॥ ८४ ॥

मृदु फास कनक तोलह महन्त, जरबाफ वसन दुति जिगमिगन्त । पटकूल और कहतैं न पार, सुखपाल सेज चारे सु सार ॥ ८५ ॥

दाइजा एह नृप मान दीन, महिराय सकल भूपति प्रवीन । मृगमद कपूर केसरि महक्क, दिसि पूरि सुरभि डंबरु डहक्क ॥ ८६ ॥

अर्चे यषि कर्द्दम सकल अंग, रस रीति रखि

रट्ठौर रङ्क। भल भाव भक्ति भोजन सु भष्य, पूरी यु षन्ति नव नव प्रत्यक्ष ॥ ९७ ॥

महाराण दान जनु मेघमंड, उंनयौं कनक धारा अखण्ड। याचकनि चित्त पूरी जगीस, अभिनवा इंद मेवार ईश ॥ ९८ ॥

चतुरंग चंग सेना सँजुत्त, राजेश राण जगतेश पुत्त। रट्ठौरि रानि व्याही सुरंग, आये यु उदय पुर बर उमंग ॥ ९९ ॥

सिंगारि नगर किन्नौ सुरूप, प्रति द्वार तुंग तोरन अनूप। दरसन्त कन्तिमणि द्यौसकार। हीरा प्रवाल मणि मुत्ति हार ॥ १०० ॥

जरबाफ बसन बहु मुकर जोति, किरनाल किरन तिन इक्क होति। महमहति सुरभि वर पुष्प माल, बहु भौंर भवत सोभा बिशाल ॥ १०१ ॥

बाजार चित्र कीने विचित्र, पट कूल जरी मुख-मल पवित्र। सिंगारि हट्ट पट्टन सु चंग, अति सोह साज तोरन उतंग ॥ १०२ ॥

नागरिय नारि बहु बरनि नेह, शृंगार सकल सजि सजि सुगेह। गावंत धवल मंगल सुगीत, रम-नीक कंठ कलकंठ रीति ॥ १०३ ॥

उतमांग पूर्ण कुंभह अनूप, भल सोन वँदावहिं सँमुष भूप। प्रभु धरत मध्य सोवन पुनीत, ए राज

सिंह राना अजीत ॥ १०४ ॥

अति मिलिय प्रजा मनु दधि उलट्ट. पिखंत चित्र नर नारि थट्ट । गोरी अनेक चढ़ि गौष गौष, पेषैं नरींद पावंत पोष ॥ १०५ ॥

यों हिंदुनाह निय महल आइ, घुरनें अनेक बाजित्र घाइ । कुल देवि मान पूजा सु कीन, निति नित्य सुख विलसैं नवीन ॥ १०६ ॥

निति निति सुख नवीन रांण विलसै राजेसर ।

॥ कवित्त ॥

लच्छि लाह यौं लेत लेत ज्यों लाह लच्छि वर ॥ देत अश्व बहु दान सूर ऊगम सोवन सज । पाटंबर शिर पाब गिरुय गज्जंत देत गज ॥ मोतीनि माल सोवन महुर मौज देत महाराण महि । इन होड करैं का नृप अवर कथन एह कवि मान कहि ॥ १०७ ॥

इति श्री मन्मांन कवि विरचते श्री राजविलास शास्त्रे महाराणा श्रीराजसिंहजी कस्यरूप नगरे पाणिगृहण वर्णन नाम सप्तम विलासः ॥ ७ ॥

---:o:---

मेद पाट फुनि मुरुधरा, अंतर अचल अपारु ।
तहँ तीरथ सलिता सुतट, रूप चतुर्भुज चारु ॥१॥
देवासुर मानवरु मुनि, आवत जात अनेक ।
बंच्छित दायक लच्छि बर, बंदत नवत विवेक ॥२॥

बसत एक थल बैर बिन; मृग मृगपति अहि मोर ।
मिलत देव दानव सुमन, यदुपति महिमा ज़ोर ॥३॥
ता तीरथ भेटन सुहरि, उपज्यौ हर्ष अपार ।
राजसिंह महराणा तब, सजि दल बल श्रीकार ॥४॥
बढ़ी अवाज सु सकल बसु, बजत निसाननि बंब ।
सजे सूर सामंत नृपु, आनंदित अबिलंब ॥ ५॥

छन्द पद्धरी ।

अविलंब सज्जि दल वल अभंग, चढ़ि चित्र-कोट पति चातुरंग । पटकूल बिबिधि उन्नत पताक, नौबति निसांन बज्जत एराक ॥ ६ ॥

सिंधुर कपोल पट मद अवंत, निर्भरन जानि गिरवर भरंत । गुमगुमत भौंर गन परि सुभीर, गरजंत सजल जनु घन गुहीर ॥ ७ ॥

सत्तंग चंग घर संलगंत, सिंदूर तेल शीशहिं सुभंत । संढुरत चौंर सिर अव सुसेत, मह सुंडदंड सोभा समेत ॥ ८ ॥

दुति विमल युगल दूढ़ दिग्घ दंत, धरहरत कोट जिन जोर दिंत । ठननंकि नद्ध बहु बीर घंट, उनमूरि विटपि नंषत उभंट ॥ ९ ॥

नूपर सु पाइ घुँघरूनि नाद, रुन्न भुनत चलत जनु वदत वाद । जंजरित भार संकर जंजीर, संच-लत चाल चंचल सभीर ॥ १० ॥

लहलहत मरुत युत लंब केतु, बैरष सुढाल ड़लकंत सेतु। पभनंत धत्त धत पीलवान, तपनीय करांकुस तरित जांन ॥ ११ ॥

चर चीरु अगर चहुंघां चलंत, पय इक्क भरत विरुदनि वदंत । वनि पिट्ठ डोल नौबति निसान, सुंडाल सकल सुरपति समान ॥ १२ ॥

अब्बी एराक आरब उपन्न, काश्मीर कच्छि कोकनि सुकन्न । कांबोज जात काविल कलिंग, सैंधवि सुवीर सिंहलि सुअंग ॥ १३ ॥

पय पंथ पौन पथके प्रधान, बंगाल चाल बर विविधि बान। मंजन सुरंग लाषी सुमोर, गंगा तरंग गुलरंग गोर ॥ १४ ॥

हरियाल हरित हीर हरि हंस, किरडै कुमैत चंपक सुवंस । सुक पक्ष चास चंचल सलील, अलि रोझ रंग अंबरस असील ॥ १५ ॥

किलकिले कातिले हय कंधाल, तुरकी रु ताजि गरु रंग साल । संजाब बोर सुसकी सतेज, हेषनि सहेष हेषत सहेज ॥ १६ ॥

सिंगार सार साकति सुवर्ण, जिगमगति जोति नग अधिक अर्ण । गुंथिय सुबेनि खंधहि सुमंत, ततथेइ तांन नट ज्यों नचंत ॥ १७ ॥

परवरिय सजर परवर सभार, पहुचैं न पंखि

पाइनि प्रचार । आरुहे तिनहि भट नृप अनेक, सामंत मत्त साधर्म टेक ॥ १८ ॥

विरुदेत बीर आजान बाहु, सज सिलह कवच सुन्दर सनाहु । संग्राम काम जिन अचल सीम, भारत समत्थ जनु अङ्ग भीम ॥ १९ ॥

चोघएट चक्र चोरथ सुचंग, जिन जुत्त धुरा चंचल तुरंग । चकडोल चारु कंचन सु कुम्भ, संभरिय हेम धन रूप रंभ ॥ २० ॥

उत्तङ्ग चक्र गंत्री अनूप, सोरठिय सेन जो ए सरूप । घ्रनमंकि ग्रीव घुंघरिन माल, झणनंकि चरण झंझर सु साल ॥ २१ ॥

बिन हङ्क सङ्क गति गन्धबाह, सुर अंग जरित सोवन सराह । बैठे सु वन्ध वर बहिल वान । पंचांग वास सुन्दर सयान ॥ २२ ॥

पयदल पयोद दल ज्यों अपार, उन्नत सु अंग जंगहि जुधार । करवाल कुन्त कोदण्ड चण्ड, सिप्पर सु तौंनधर रन बितण्ड ॥ २३ ॥

धसमसत धपत धर तोब धार, बेधंत पत्र गोरी प्रहार । पति भक्त सक्ति सायुध सु जोध, कल हान थान केहरि सक्रोध ॥ २४ ॥

दल प्रबल मध्य दीपै दिवान, रबि विम्ब रूप राजेश रान । एराकि अश्व आरोह जोह, नग हेम

जरित साकति ससोह ॥ २५ ॥

सिरिछत्र सहस दिनकर समान, चामर ढलंत गोषीर वान । बिरुदेत विरुद बोलत सु बोल, जय हिन्दु नाह सासन अडोल ॥ २६ ॥

केदार राय कट्टन कलङ्क, पापिन प्रयाग हर पाप पंक । महुवान राय गङ्गा समान, असुरान राय उत्थपन थान ॥ २७ ॥

उनमत्त राय अंकुश प्रहार, सामन्त राय बर सिर सिंगार । असमत्थ राय उद्धरन धीर, बंकाधि-राय बन्धन सु बीर ॥ २८ ॥

दातार राय जलधर सु दान, तप तेज राय भल हलत भान । उत्तंगराय सिरि छत्र एक, इहि भन्ति बदत बन्दी अनेक ॥ २९ ॥

षुरतार मार धरहरिय षोनि, झलझलिय जलधि जग्गीय योनि । षल गृहनि परिय खलभल संपूर, उडि रेनु गेनु अरबरिय सूर ॥ ३० ॥

कीजन्त राह मह सैल कट्टि । क्षितिरुह सु क्षीन बन सघन षुट्टि । यल बहत नीर यल नीर ठाह, उरझै कुरंग केहरि बराह ॥ ३१ ॥

आवन्त पेसकस प्रति दिसान, बहु नालबन्ध नृप भरत आन । पर नृपति किते बन्धन परन्त, धन-राशि जास कोसहि धरन्त ॥ ३२ ॥

हय हेष हेष गजराज गाज, करभनि कराह नर वर समाज । कह कह विसाल कल रव सु सोर, बंबरिय बहरि दिसि बिदिसि ओर ॥ ३३ ॥

डगमगति दुर्ग थरहरति खंड । बन गहन दुरत दुज्जन बितंड । राजेस रान सु पयान साल, थरहरति दिल्लि जनु मुङ्ग थाल ॥ ३४ ॥

॥ कवित्त ॥

थरहरि आसुरयान षान सुलतान ससंकिय ।
भू प्रियानि भामिनी हीय हहरति हर लंकिय ॥
टुरति सु फिरति दरीनि बाल निज रुदत विमुक्कति
हार डोर सु हमेल तुटत भूषन बन नक्कति ॥
पर भूमि नगर पुर उजरि प्रज दिसि दिसि बढिय सुदंद अति । बिन बुद्धि बिकल अरि कुल सकल चढ़त निसनि चित्रकोट पति ॥ ३५ ॥
सिन्धुर अश्व सिंगारि लछि नग हेम लेइ लख ।
कन्या बर करबाल माल मुगताफल सनमुख ॥
आवत भेट अनेक अनमि लुलि लुलि पय लग्गंत ।
गति मति तजत गइन्द जब सु कण्ठीर बज्ज गत।
भय छांह गीर बंके सुभर चलत चंड चित चोर गहि । राजेस राण सु पयान सुनि मिलत अमिल रखन सु महि ॥ ३६ ॥
गहिल गात गुजरात शीत चढ़ि सोरठ संकत ।

मालव जन मुख सुरभि षान धर होत सु षण्डित ।
पूरब जनपद प्रचलि वढ़िग बङ्गाल उदङ्गल ।
काश्मीर सु कलिंग कूह फुट्टी कुरुजंगल ।
पंजाब पञ्च पथ विचलि प्रज गोर सिंधु धर गिरत गढ़ । राजेस राण सु पयान सुनि दिग्गजहू न रहन्त दृढ़ ॥ ३७ ॥

॥ दोहा ॥

कहि पयान महारान को, को बरनै कवि इन्द ।
कुम्म पिट्ठि तह कसमसत, फन संकुरति फुनिन्द ॥३८॥
गज्जतु घोष गजादि रव, तुरगति तरल तरंग ।
दिसि पूरित महाराण दल, सागर ज्यों महि संग॥३९॥
इहि परि घन आडम्बरहि, कूच मुकाम करन्त ।
पत्ते तीरथ पास पहु, हृदय सु हरष धरन्त ॥ ४० ॥
कनक कुंम्भ धज दण्ड युत, सोभति सिषर उतंग ।
मण्डप बहु मत वारनैं, सहसक षन्त सुचंग ॥४१॥
देवालय देखन्त दृग, ठरे सुधा जन साज ।
मुक्ताफल अक्षत समुष, सु बधाए वृजराज ॥४२॥

॥ कवित्त ॥

सु बधाए वृजराज दृग सु देवालय देखत ।
कनक रजत कर कुसुम अमल मुक्ताफल अक्षत ॥
करि अंजलि कर कमल विनमि किन्नौ सिर साबृत
भगति भाव भर हृदय जयतु यदुपतिमुख जंपत ॥

डेरा उतंग दिय दिशि विदिशि राजद्वार हय गय हसम। बाजार चोक त्रिक वस्तु बहु सोहै सकल श्री नगर सम॥ ४३॥

प्रभु पद पूजन प्रथम स्नान किन्नै सु अंग शुचि।
विमल बसन पहिरिय विचित्र रवि सरिस रूप रचि
कस्तूरी केसर कपूर हिंगलु मलया गिरि।
घनयक्ष कर्दम घोल भार कुंदन कचोल भृत।
एक सो आठ वर रूप के भरे कुंभ गंगादि जल।
कुमकुमा कुसुम केसरि मलय मधि कपूर मृगमद सकल॥ ४४॥

दधि मधु घृत गोखीर षंड तंडुल पंचामृत।
बर मंडक पकवान विविध तीवन छतीस कृत॥
अमृत फल सरदा अनार सहकार सदाफल।
केला कमरख कलित सेव राइनि सीताफल॥
श्रीफल बिदाम न्योजा सरस पिण्ड खजूरि चिरोंजि युत। अखरोट दाख पिसिता प्रमुख को मेवा कहि बरनवत॥ ४५॥

अगररु तगरु अनाइ प्रचुर पुङ्गीनि गंज किय।
तज पत्रज रु तमाल जायफल लोंग एलचिय॥
नागबेलि दल सदल चारु, चोवा अबीर अति।
अतर जवादि गुलाल कुसुम चोसर अनेक भति।
वादित्र गीत नाटिक विबिध आरति मंगल दीप

दुति । धज छत्र चीर श्राहूत विधि सकल सज्ज किय हिन्दु पति ॥ ४६ ॥

श्रीपति ग्रह सिंगार षंभ जरवाफ पटम्बर ।
बन्धे चन्द्रोपम बिचित्र मुक्ता मनि सुन्दर ॥
बन्धि द्वार तोरन सुथार पटकूल मुकुर मय ।
बिबिध कुसुम मण्डप बनाय रचि तह रंगालय ॥
तिन मध्य सिंहासन कनक को कमलापति बैठन सु किय । स्वस्तिक सवारि पंचधान के दीप धूप फल फूल श्रिय ॥ ४७ ॥

॥ दोहा ॥

दीप धूप फल फूल श्रिय, पसरति सुरति समीर ।
गीत नृत्य बादित्र धुनि, गरजत गगन गंभीर ॥४८
इत्यादिक अविलंब तें, मंगल सकल मिलाय ।
हरषे हिन्दूपति सु हिय, पूजन श्रीपति पाइ ॥४८॥
सकल सेन सामन्त युत, अश्व हंस आरोह ।
घन निसान नौबति घुरत, चामर ढलत सु सोह ॥५०॥
बोलत बहु कवि बर विरुद, हिन्दूपति हरषंत ।
प्रतिदिशि दुब्बल दीन प्रति बरषा धन बरषन्त ॥५१॥
अनुक्रमि हरि गृह आइके, देषि प्रभू दीदार ।
रोमांचित चित अङ्ग रुचि, जंपत जय जयकार ॥५२॥

॥ कवित्त ॥

जय यदुपति जगनाथ जगतरक्षक जगज्जीवन ।

जगहितकर जगजनक निखिल जग दैत्य निकंदन
केशव श्रीपति कृष्ण मदनमोहन मधुसूदन।
माधव महित मुरारि मान हरिवंश सु मंडन॥
गिरिधर मुकुन्द गोबिन्द गनि गोवर्द्धनधर गरुर-
ध्वज। गोपाल गदाधर शंखधर चक्रपानि चौबाहु
बृज॥ ५३॥

वासुदेप बिधु विष्णु वेष बावन बलि बन्धन
बीठल कुंजबिहारि सु ब्रज बृन्दाबन भूषन॥
बन्सीधर विख्यात बिश्व रूपक बिश्वम्भर।
बनमाली बैकुंठनाथ वसुपाल बेद पर।
बाराह बृषा कपि बिस्व बल विहित त्रिबिक्रम
बिमल मति। बसुदेव नन्द वारिद बरन बारन बर
बारुन विपति॥ ५४॥

पुरुषोत्तत सु पुरान पुरुष पारग परमेशर।
पद्मनाभ पूरन प्रताप पावन पीतांबर॥
पुण्डरीक लोचन प्रमान पावक मुख पीवन।
श्रीवछ लंछन शौरि श्याम सुन्दर रु श्याम घन।
अहिसेन अधोक्षज अचुत अज अघ बक बच्छ अरिष्ट
अरि। मह उदधि मथनरु अनन्त मति हत कैटभ
रखिकेश हरि॥ ५५॥

कमल नयन कन्सारि केशिभंजन कमलापति।
कुंजन सान्निधिकार दुष्ट दलमलन दलनदिति॥

सारंगपानि सभाग नाग नत्थन नारायन ।
सिंधु सयन कर सुखद पुन्य तीरथ पारायन ॥
दामोदर द्वारावति धनी यच्च मर्त्य संकलित यश ।
जय जय सु जनार्दन जगत गुरु राधा बल्लभ रास रस५६
जयतु यशोमति नंद नंदनन्दन नरकांतक ।
गोपी प्रिय दधि गृहन कालयवनहिं उपशांतक ॥
मधु मुर मर्द्दन दुस्सन हमसि लघु पन माषन हर ।
चक्चूरन चाणूर सबल शिशुपाल क्षयङ्कर ॥
देवकी नन्द रवि कोटि दुति जरा सिन्धु सम जंग
जय । दुर्योधन करन दुसासनह क्षिति अनेक खल
कीन षय ॥ ५७ ॥

करिके ब्रज पर कोप मुसुलधारनि घन मंडिय ।
बद्दल वसुमति व्योम एक करि अधिक उमंडिय ॥
उदक चढ़त आकाश गोप गोपी सब गइयनि ।
गोवर्द्धन गिरि गह्यो भीर पत्ती निज भइयनि ॥
बैराट रूप रचि विष्णु तब कर अँगुरि पर धरि
अचल । बरसन्त सत्त अहनिशि अवधि सो संकट
टारयौ सकल ॥ ५८ ॥

ध्रुव को ध्रुव करि धरयौ पैज प्रहलाद संपूरिय ।
द्रूपद सुता दुकूल बृद्धि करि कीचक चूरिय ॥
अम्बरीष उद्धरयौ सधन किन्नौ सु सुदामा ।
दृष्टि त्रिलोचन दीन रखि पन रुप मन्निरामा ॥

भय भारत पारथ सारथिय रखि लये टिट्टिभिय
सुत । उद्धरिय अहल्या स्राप हरि गज्ज रख्यो
गाहनि गृहत ॥ ५८ ॥
अज्ज सफल अवतार अज्ज अमृत घन बुट्ठो ।
अज्ज भयो आनन्द अज्ज परमेसर तुट्ठो ॥
अज्ज अमर तरु फल्यो अज्ज सुरमनि संपत्तौ ।
परी मनोरथ माल अज्ज अँग अँग रँग रत्तौ ॥
सुर धेनु अद्य मिलि सुर सुघट राज रिद्धि पत्त
सुरस । प्रगटे निधान मन सुक्ख के देखतही
यदुपति दरस ॥ ६० ॥

॥ दोहा ॥

इहि परि करि हरि जस अधिक, प्रनमि प्रभू के पाइ ।
अब अनन्त अर्चन सुमति, ललित सहित लय लाइ ६१
सिंहासन हरि सनमुखहिं राजत हिन्दू राय ।
बैठे बड़ बड़ भूप तहँ, इन्द सभा मनु आइ ॥६२॥
दीपति अति दुति दीपकनि, घृत घनसार समेत ।
घसि मृगमद केसरि मलय, द्वारनि करतल देत ॥६३
गावत बहु गन्धर्व गन, बहु वादित्र बजन्त ।
सजि सिंगार बहु सुन्दरी, नव नव नृत्य नचन्त ६४
विप्र वेद धुनि उच्चरत, हवि सेवा मधु होम ।
जव तिल वृहि पटकूल युत, बिलसि ज्वाल बिन धोम ६५
कलस रजत के उदक भृत, अष्टोत्तर सत आनि ।

पूजक पावन द्विज करत, स्नान सु सारँग पानि ६६

छन्द पद्धरिय ।

करतै सु स्नान श्रीकन्त काय । बहु गीत नृत्य वादित्र वाइ । ढमके सु ताम गुरु जङ्गि ढोल, निहसे निसान करिके निमोल ॥ ६७ ॥

मधु मेघनाद बज्जे मृदंग, वीणा सु बंस डफ चङ्ग सङ्ग । भरहरिय भेरि भरि भूरि नाद, सुनियै न श्रवन तिन सुनत साद ॥ ६८ ॥

सुनि फेरि संष ऊकार सार, सहनाइ सरल सुर सौख्य कार । घंटाल ताल कन्सार तूर, झल्लरि झनंकि सुर सोभ सूर ॥ ६९ ॥

सारंगि पुन्नि सुनिये रसाल, द्रम द्रमकि द्रहकि दुर बरि दुम्झाल । रुणझुणकि जन्त्र तिन मधुर तन्ति बज्जत पिनाक रीझत सुमन्ति ॥ ७० ॥

घन भंति भन्ति बादित्र घोष, प्रति सादगेन गज्जत सरोख । खग मृगरु धेनु सुनि नाद सोइ, हत सुद्धि रेह जनु चित्र सोइ ॥ ७१ ॥

बनिता विचित्र बहु बाल बृद्धि, तजि लाजकाज पिखन बिलुधि । रस सरस रीति रचि रंग रोलि, यदुनाथ सीस जल कलस ढोलि ॥ ७२ ॥

सुकुमार सुरभि तनु शित सुचंग, सुचि बास संग अंगोछि अंग । कलधौत धौत पट विमल कंति,

सिर पाग स्वर्ण मनि गन सुभन्ति ॥ ७३ ॥

जामा जरीनि कटि पट सजोति, किरनाल किरनि तिन इक्क होति । अद्भुत उतरा संग पीतवान, पंचांग वास पहिरे प्रधान ॥ ७४ ॥

नग लाल स्वर्ण अवतंस सीस, कुण्डल जराउ युग श्रव जगीस । कमनीय कनक नग कण्ठ माल, बर मुत्ति माल मौक्तिक विसाल ॥ ७५ ॥

उर बसी हेम मानिक अनूप, पन्ना प्रवाल पुषराज जूप । बहिरषाबाहु युग बाजु बन्ध, सुश्री करत्त सोवन सबन्ध ॥ ७६ ॥

बरबीर बलय बेढिम सुवर्ण, जिगमिगति ज्योति नग अधिक अर्ण । मुद्रिका पानि पल्लव प्रधान, नव रंग रत्न नव ग्रह समान ॥ ७७ ॥

मुरली प्रवाल कर अधर मध्य, सु प्रत्यक्ष जानि हरि राग सध्य । मेखला स्वर्ण कटि रत्नसार, पद्करी पाइ बहु धन प्रकार ॥ ७८ ॥

इहि भंति अलंकरि सकल अंग, सजि परू छत्र शिर वर सुचंग । कस्तूरि मलय केसरि कपूर, कुंदन कचोल भरि भरि सँपूर ॥७९॥

भल चरन जानु कर अन्स भाल, उर उदर कंठ भुज श्रवन साल । हरि अरचि अतर चोवा जवादि, अरगजा गन्धि सु अबीर आदि ॥ ८० ॥

चम्पक गुलाब जूही चमेलि, सेवन्ति सुरभि रुचि रायबेलि। केवरा करणि केतकी कुन्द, मालती माल मचकुन्द वृन्द ॥ ८१ ॥

सतपत्र दवन मुग्गर सुवास, गुमगुमत भौंर गन गन्ध आस। डहडहति अवति रस पुष्प दाम, ठह-राय ठवत हरि कंठ ठाम ॥ ८२ ॥

लोवान अगर चन्दन अबीर, महमहिय धूप धोमहि समीर। सुरलोक सुरभि संपत्त सोइ, सुरनाथ सकल सुर हरष होइ ॥ ८३ ॥

बर कनक नाल सु बिसाल माहिं, संजोइ दीप सह सक सम्राहि। जिगमिगति जोति तम छोति हारि, यों साँइ सँमुख आरति उतारि ॥ ८४ ॥

॥ कवित्त ॥

आरति दीप उतारि जपत जयकार नृपति जन।
अब सुभोग हरि जोग विप्र ढोवन्त वियक्खन ॥
कञ्चन थाल कचोल कनक भृंगार गंग जल।
मेवा बहु मिष्ठान तप्त सुरही घृत तंदुल ॥
पूपिका सघृत तीवन प्रचुर सक्कर अमृत दधि सहित। सु अघाइ कीन मुख हच्छ शुचि तदनुसार तम्बोल धृत ॥ ८५ ॥
सकल सूर सामन्त अंगं चरचे यषि कर्दम।
घसि केसरि घनसार मलय मृगमद सोंधे सम ॥

अतर अंधादि अबीर चारु चोवा फुलेल बर
कुसुम माल तिन कंठ सुरभि पसरत साडंबर ॥
अम्बर तुरंग तरुवर सधर उड़त सु लाल गुलाल
अति । बढ़ि रङ्ग बिलास प्रहास मनु संध्या राग
समान थिति ॥ ८६ ॥

॥ दोहा ॥

बंटिय मोहन भोग बर मेवा घन मिष्ठान ।
चरनोदक तुलसी सु दल, सकल लेत सनमान ॥८७॥
स्वर्ण कुम्भ भरि स्वर्ण धन, रजत कुम्भ भरि रूप ॥
करि कृष्णार्पण हरि सुकजि, भरि भंडार सु भूप ८८
मौतिक स्वस्तिक लाल मधि, लीलक पट अभिराम
घंट कनक धज दंड सों, धज बन्धी हरिधाम ॥८९॥
बैठे सायुध सुत सहित, रूप तुला महारान ।
जलधर ज्यों जग याचकनि, देत सु बंछित दान ९०
इहिं पर सेव अनन्त की, प्रभु करि बिबिध प्रकार
हौंस मनाई हीय की, सफल करयौ अवतार ॥९१॥
निज डेरा आए नृपति सकल सेन घन संग ।
दिशि दिशि प्रति महाराण दल मनौं महोदधिगंग९२
भल भल भोजन भगति भल पंचामृत रस पोष ।
पोषे निज प्रति भट प्रभृति, सुनत होत संतोष॥९३॥

॥ कबित्त ॥

घेवर मुत्तिरचूर षंड चनका रु पतासा ।

गिन्दोरा दहिबरा दोवठा पाजा षासा ॥
पैरा खुरमा प्रगट खेलना गुंझा षसषस ।
कलाकन्द कन्सार सरस सीरैं सुनियै रस ॥
गुलगुला सक्करपारा सबल देखि दमी दादर भसत
इन्द्रसा पान ओला प्रमुख पुरुष नाउं पंडित पढ़त॥८४
सु जलेबी हेसमी अकबरी और अमृती ।
पूरी तिनँगिनी सोंठि मठी साबुनी निषूती ॥
फेनी फुनि रेवरी स्वाद घन खण्ड संठेली ।
मुरकी बरफी पीलसार, घनसार संमेली ॥
कलियान साहि कवि मान कहि सक्कर चौकी क्षीर
युत । मिष्ठान बिबिध पोषे सुभट जैंवत जो जिहि
चित्त रुचत ॥ ८५ ॥

॥ दोहा ॥

सत्त अहो निसि एक सज, प्रतिदिन चढ़त प्रमोद ।
सेवा चढ़ती साइंकी, बरते सघन विनोद ॥ ८६ ॥
करि सुजात हरि भगति करि, करि निज बंछतिकाज
उदयापुर को ऊमहे, राजराण ध्रुव राज ॥ ८७ ॥
घुरि निसानि सु विहांन घन, अजि [illegible] गन तुंग ।
सजि सिंधुर मदझर सबर, ताते तरल तुरंग ॥ ८८ ॥
सजे सकल सामन्त नृप, दिनकर द्युति दीपन्त ।
तिन अग्गें तन तुरक दल, प्रति दिसि दूरि पुलंत॥८९
सेझबाल सुखपाल रथ, बेसरि करभ अपार ।

सुघन सलीता तंबु कसि, भरे विबिधि बहु भार १००
कनक तोल ऐराकि हय, चढ़े राण चतुरंग ।
रज रंजित धरि गगन रवि, उरझत दलहिं कुरंग१०१॥
प्रान पौंन प्रेरित प्रबल गाज गुहिर गति लोल ।
प्रति दिसि पूरित पेषियहिं, दल ज्यों जलधि कलोल ॥ १०२ ॥

ससकि शेष कूरमि कसकि, मसकि महीधर मेर ।
झलझलि जलनिधि जल झलकि कंपिय बरुन कुबेर१०३
सुखही सुख सों संचरत, लहु लहु करत मुकाम ।
पिरकत पुहवि पहार पथ, सजि सजिसहल सकाम॥१०४
अदभुत थानिक पिक्खि इक, सलिता सलिल समेत ।
निकरी ग्रावा फारि नग, दिसि दिसि शोभा देत१०५
थपि मुकाम तिन थान कहि, सहल चढ़े सु सनेह ।
केहरि क्रोड़ कुरंग कपि, गिरिवर पशु अनिगेह १०६
नग बिचि जहँ निकरी नदी, देखत तहां दिवान ।
नीम मात्र तिम नीर मधि. सरवर कौं सहिनान१०७
प्रोहित अरु प्रति भट प्रमुख, पूछे पुरुष पुरान ।
अपरि पूर्ण इन उदक मैं, बन्ध्यो किन बन्धान १०८
कहि प्रोहित तब जोरि कर, कैल पुरा प्रभु काज ।
गुरु सलिता ए गोमती, सलितनि में सिरताज १०९
अमर राण इँहि आइके, किन्नौ हौ कमठान ।
परि सरिता पय पूर तें, बन्ध्यो नहीं बंधान ११०

बिधि कित्तहि जौ ए बंधै, तौ सर सायर तौल ।
होइ रुही कै हिन्दुपति अवनि सुनाम अडोल १११॥
सुनि ऐसी मह प्रभु श्रवन, करी हाम सर काज ।
अनुक्रमि आए उदय पुर, सब दल बद्दल साज ॥११२
संबत सतरासै सु परि, संवच्छर दस सात ।
उतरयौ मास असाढ़ कौ, बिन घन बज्जत बात ११३
श्रावन किंपिन हूं श्रयौ, भाद्रव परि दुर्भष्य ।
मेघ बिना नवखंड महि, प्रज चल चलिय प्रत्यष्य११४
बिकल भये नर अन्न बिन, भूगहिं अभख भखन्त ।
कन्त तजत निज कामिनी, कामिनि तजत सुकन्त ११५
मात पिता हू निठुर मन, बेंचत बालक बाल ।
रर बरि रंक करंक परि, दिशि दिशि रोर दुकाल॥११६॥
पशु पङ्खी पाए प्रलय, प्रजा प्रलय पावन्त ।
कोपिय काल कराल कलि, धीर न कोइ धरन्त११७

॥ कवित्त ॥

पश्चिम पवन प्रचंड बजत अहनिसि सु बंध बिनु ।
अथिर उतारू आभ प्रात प्रहरेक बहत पुनि ॥
क्रूर अधिक करि किरन लपत मध्यानहिं तापन ।
प्रचलत पश्चिम पहुर अनिल शीतल असुहावन ॥
निशि तार नक्षत्र निर्म्मल निखरि बद्दल बिद्युत
गाज बिन । भय भीत चिन्ह दुरभक्ष के देखि
सकल जग भौ दुमन ॥ ११८ ॥

छन्द हनुफाल।

भय भीत परि दुरभक्ष, प्रज बिचलि चलिय प्रत्यक्ष। प्रगट्यौ सु प्रलय प्रचंड। षरहरिय क्षिति नव खण्ड ॥ ११९ ॥

नद नदिय सर सुषि नीर। धनवन्त हूं तजि धीर ॥ तुलि अन्न कंचन तोल ॥ महस्राघ मिलत न मोल ॥ १२० ॥

उत्तमहु तजि आचार। आदरिय एकाकार। शुचि साच सत सन्तोष। टुरि गए अन्नहि दोष १२१॥

बल बुद्धि बिनय विवेक। कुल जाति पांति सु टेक। परहरिय निय परिवार। लागन्त अन्नहि लार ॥ १२२ ॥

सगपन सयान सु गेहं। नर नारि हूं तजि नेह ॥ बिन अन्न जग बिललन्त। भूषेति अभष भषन्त॥१२३॥

उलटे बराक अनन्त। चहुं बरन दीन चवन्त ॥ गृह गृहनि ग्रास उच्छिष्ट। अति अरस बिरस अनिष्ट ॥ १२४ ॥

मागंत कहि मा बाप। कुननन्त करत कलाप। दारिद्र तनु दुरवेश। कश्चित रु बढ़ि नष केश ॥१२५॥

हिल्हरित पट लटकन्त। जन जन सु जिन्ह हटकन्त। कर मध्य खप्परं षण्ड। वपु हीन क्षीन वितण्ड ॥ १२६ ॥

भिननन्त मक्खी भूरि। चित चलित चिन्ता पूरि ॥ जहँ जुरत कछु तहँ खात। तजि वर्ग मात रु तात ॥ १२७ ॥

फल फूल मूल रु पात। तरु छालि हू न रहात, ररबरत लोक बराक। खोजन्त भाजी साक ॥१२८॥

मन निठुर करि पिय मात। लहु बाल तजि तजि जात ॥ केईस विक्रय करन्त। निज बाल तजत रुदन्त ॥ १२९ ॥

परि पुहवि रङ्क करङ्क। को गिनति कहि करि अङ्क। दिशि विदिशि बढ़ि दुब्बास। पलचरनि पूरिय आस ॥ १३० ॥

पशु पंखि प्रलय प्रजन्त, चुग चार हू न लहंत। मानसहि मानस लग्गि। जहँ तहँ सुरोरति जग्गि॥१३१

इल नगर पुर उज्झंस। नर जात बहु निर्वन्स। मुरझन्त जल बिनु मीन। त्यों विश्व अन्न विहीन१३२

॥ कवित्त ॥

बसुमति अन्न बिहीन दीन दुखित तनु दुब्बल।
ससत निसत सरफरत, कितकु तरफरत ग्रहित गल।
कितकु करुन कुननंत मक्खि भिननन्त दसन मुख।
कितकु धीर न धरन्त हीय हहरन्त दुसह दुख॥
टलटलिय बिटल घन टलबलत गिरत परत अन्तक हरत। हट श्रेणि चोक त्रिक उमग मग रङ्क करङ्कति रर बरत॥ १३३ ॥

॥ दोहा ॥

अनाधार असरन असत, आसा भङ्ग अतीव ।
प्रलय होत प्रज पङ्खि पशु, जलचर थलचर जीव१३४
जानि महा दुर्भक्ष जब, दयावन्त दीवान ।
प्रतिपालन जग की प्रजा, मन्त मतै मति मान१३५
सिखरी बिचि गोमति सलित बंधि महा बंधान ।
करै कोटि धन खरच करि सरवर उदधि समान१३६
प्रजा सकल उहिबिधि पले, भगे भूष दुर्भक्ष ।
अचल सु जस प्रगटै अवनि, सुकृत मेर सद्रूक्ष १३७
ठीक एह ठहराइ कै सज्जि सेन चतुरंग ।
आए गोमति सलित तहं अद्रि अनेक उतंग ॥१३८॥
लेइ सु महुरत सुभ लगन, परठि नीम पायाल ।
लगे नारि नर केइ लष, दूर भगो सु दुकाल १३९॥

॥ कवित्त ॥

संवत्सर दह सत्त सत्त दह संवत सोहग ।
मण्डि महा कमठान जानि दुरभष्ष सकल जग ॥
पोस अष्टमिय प्रथम बार मंगल वर दाइय ।
नायक हस्त नक्षत्र सिद्धि वर योग सुहाइय ॥
तिहि दिवस सकल मङ्गल सहित परठि नीम पा-
गाल मधि । राजेस राण रचि राज सर नितु नितु
बहु बिलसन्त निधि ॥ १४० ॥
सहस एक गजधर सुमन्त कर कनक रूव गज ।

एक एक गज धर सु अग्ग सत सलपकार सज ॥
बिबुध विश्व कर्म्मा समान सु सयान सलप श्रुत ।
बेलि वृक्ष बहु बिध बिचित्र सुर असुर अलंकृत ।
लगि बेलदार नर उभय लष क्षिण क्षिति धर झारन्त खनि । कन्धे कुदाल दन्ताल कसि ते नर उंझंति लरक्क गनि ॥ १४१ ॥
चउलष प्रबल मजूर लगे कमठान नारि नर ।
सकट अद्ध लख सकल वृषभ लख लक्ख महिष वर ॥
लक्खक करभ सुलेखि और प्रवहन अपरम्पर ।
दिन प्रति सहसदि नार खरच लग्गत साडम्बर ॥
प्रति दिशहिं कौस पँच दश परधि हार डोर लगि गिरि गहन । राजेश राण रवि राज सर धर पद्धर किय सघन बन ॥ १४२ ॥
सलित पाट सु बिसाल अधिक डोरी अष्टादश ।
मध्य पुलिन मरु थल समान चलि सकत न मानस॥
बहतु बाह षट ऋतु प्रवाह वल सीर सजल जल ।
संकति थान सोभा निधान तिन तट शीहरि तल ॥
थिर थप्पि नीम तिन थह प्रथम पट्टकट्टि पत्थर प्रबल । घनरहट बरस ढिंकुरी करि सोषि रसातल जल सकल ॥ १४३ ॥
उग्गम दिसि तिन अग्ग अंचल इक कोस सहज्ज तट
तिन अग्गे फुनि नीम दीन दुअ कोश दिग्घ थट ॥

गजपण तीस गुहीर साल सु बिसाल साढ़ सत ।
गज समान ग्रापा गरिष्ट मनु मंझि महीभृत ॥
शीशक सु पङ्क चूना सघन चेजागर लक्खक चुनत ।
ढोवन्त सहस नर मिलि सलप सो सुवत्त कहत न
बनत ॥ १४४ ॥
षनत केइ नर खानि पल्ल कट्ठन्त पहारनि ।
करत अन्स चोरन्स सुघन जंबू रस भारति ॥
गढत केइ गुरु ग्राव सद्द नीये न टंकि सुर ।
सकटनि केइ धारन्त सबर मिलि मिलि सहसक नर।
आनन्त उमग्गनि मग्ग परि ज्यों पटगर ताना
तनत । राजेश राण रवि राज सर सो सुबत्त कहत
न बनत ॥ १४५ ॥
सत्त बरस सम्बन्ध नीम सोभन्त लगे नित ।
लगी दिनार सुलक्ख अधिक जल राशि उलिंचत ।
बन्ध्यों तदनु बँधान हिन्दुपति कीन महाहठ ॥
महधन भये मजूर भग्ये। दुरभष्य भैर भट ॥
मंगल गावंत मजूर तिय लुम्ब झुम्ब भूषन लसंन्ति ।
आसीस बदन्ति अनेक तिय चिरजीवहु चीतोर
पति ॥ १४६ ॥
इंद्र सभा अनुहारि सभा सरवर उपकंठहि ।
मंडि आप महाराण अङ्ग उलसत उतकंठहि ॥
सब नर तियनि सुनाइ हुकुम श्रीमुखहिं हंकारत ।

करहु सुधारि सु काम नवल कमठान निहारत ।
चहुँ ओर दरोगा चौकसिय केइ सावधानी करत ।
आलंबि पौनि छत्रीश प्रजहार भोर जग मन हरत१४७
सेढी बुरज सवार चुनत केई चेजागर ।
सिङ्गी काम सपल्ल पल्ल ढोवन्त केइ नर ॥
किते महिष भरि गारि पालि पूरत पर्व्वत सम ।
गाहत केइ गजराज काज दृढ़ बन्ध क्रमं क्रम ॥
केई सु खोर चूना बहत खनत केइ सर मध्य षिति । राजेश राण रचि राजसर इहि परि किय आरम्भ अति ॥ १४८ ॥
बरस सत्त बरसन्त प्रबल जलधर रितु पावस ।
मिलि बहु सलित मिलाप जलधि ज्यों जानि महा जस ॥ सलित भर्यौ सु बिसाल पंच दस कोस प्रमानह । गंगाजल गोषीर सुधा सेलरी समानह ॥
जंगम जिहाज सु गढ़ाइ जब जल क्रीड़ा क्रीड़न्त नृप । शीतल तरङ्ग मारुत सहित हरत ग्रीष्म ऋतु दाघ तप ॥ १४९ ॥

छन्द हन्सचार ।

पढ़ मन्तह नीम पयाल पइठिय सु विसालह गज सढ सयं । गजधर द्रग सहस सल्प विधि ग्यायक बेलदार नर लख बियं ॥ उडह सु अलेख लगे आरम्भहि हरषित चित्तरु सुख हसे। राजेस राण महोदधि

रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसे ॥ १५० ॥

गज्जंते जल गभीर गोमती नीर निरन्तर सबल नदी । बंधी गुरु हठ करि उभय अद्रि बिचि वृद्धि पाल अति तुंग बदी ॥ बहु कोश प्रमित दीरघ बलवन्ति दुर्गारूप चहुं दिसि दरसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५१ ॥

संख्या को कहे बहू तह सेढी सबल बुरज जानि कसी षरी । तिन उपर महल विपुल अति तुङ्गह कन मोल कोल नीकरी ॥ नव लख लगो धन तिहुन बचो किय लछिवती गुरु पालि लसें । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५२ ॥

जल भरयो अथग गंग जल जैसो शुचि सुगन्ध शीतल सरसं । षोडस बर कोस सहज गोखीरह सुनिये सब देशहि सुजसं ॥ पीयूष सरिस पय युग मुख पीवत अधिक अमर नर तनु उल्हसें । राजेस राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥१५३॥

मंडयो मह यज्ञ मिलेबहु महिपति द्विज चारन घन भट्ट दलं । गज बाजी यूथ सथ सेवक गन जांऩ कि उलटे उदधि दलं ॥ सु प्रतिष्ठा कीन सत्त दह संवत बतीसे उत्तम बरसें । राजेस राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १५४ ॥

मासोतम माह रच्यो सु महोत्सव पेखन आये देव पती । सुर वर तेतीस कोटि सिद्ध साधक जत्थ

जुरे नव नाथ जती ॥ बनि ब्योम विभान विष्णु शिव ब्रह्मह किविध कुसुम सुरभित बरसैं । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसैं ॥ १५५ ॥

गन्धर्व नचन्त सु गायन गावत गज्जत नभ घन राग गहे । वादित्र बहूबिध घोष सु बज्जत रवि शशि रथ थिर होइ रहें ॥ वेदंतीय विप्र सु वेद बदन्तह हवन करंत सु सन्त रसैं । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसैं ॥ १५६ ॥

दसमी रु विचार बिचारि विजय दिन सुर प्रतिष्ठो हुअ सुखं । रचि कनक तुला राजन मन रंगहि दूरि करन दारिद्र दुखं ॥ जाचक जन केइ सु कीन अजाचक दान कि पावस घन बरसैं । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्र रच्यो सुरसैं ॥ १५७ ॥

हय दीने दत्त सु केइ हजार करि केई बगसीस किये । दीने बहु ग्राम अनग्गल दोलति युग युग योँ जाचक जिये ॥ करिहे कों यज्ञ सु इन कलिकालहि यज्ञ सु इन सम जगत जसैं । राजेश राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसैं ॥ १५८ ॥

धनि धनि तुम बंश पिता तुम धनि धनि धनि जननी जिन उयर धरे । धनि धनि तुम चित्त उद्दार धराधिप काम सु चिन्तित सफल करे ।। पुहवीं तुम धन्य सकल हिन्दू पति धनि धनि तुम जीवत

धुरसे। राजेश राण महोदधि रूपहिं राज समुद्र रच्यो सुरसे ॥१५८॥

निरखन्त सरोवर जानि पयोनिधि पालि कि पव्वय रूप पहू। सलिता सम मिलन अधिक जल संचय विलसत जलचर जीव बहू। सारस कल हन्स बतक बग सारस चक्रवाक युग सुक्ख बसें। राजेशर राण महोदधि रूपहिं राज समुद्र रच्यो सुरसें ॥१६०॥

प्रगटे जे तित्थ प्रयाग रु पुष्कर एकलिंग अर्बुद शिखरं। द्वारामति सेतुबन्ध रामेश्वर रेवत गिर मथुरेश वरं॥ सुकृत तिन दरस स्नान जिन सलिलहिं कलिमल संकट दुष्ट नसें। राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्र रच्यो सुरसें॥ १६१॥

गुरु तर कल्लोल मरुत युत गज्जहि जग जन सेवित जास जलं। केई नर नारि चतुष्पद क्रीड़त दिशि दिशि पूरित नीर दलं॥ आयो इह थान कि क्षीर उदधि इहि मेद पाट महि दरस मिसे। राजेसर राण महोदधि रूपहि राज समुद्र रच्यो सुरसें॥ १६२॥

नैन निरषन्त करहिं द्रूग निरमल स्नान सकल संताप हरे। पय पान करंत, सु पीड़ प्रणासहि कवि मुख कित्तिक कित्ति करें॥ अवतार सफल जिन द्रूग अवलोकित राज सरोवर चित्त रसें। राजेशर राण

महोदधि रूपहि राज समुद रच्यो सुरसें ॥ १६३ ॥

कोटिन धन जिन लग्गौ जिन कमठानहि कोटिक धन युत जग्य कियो । निय नाउ सुजस प्रगट्यो नव खण्डहि जय हिन्दूपति सफल जियो ॥ सुर भवन सुजस बोले इह सुरगुरु बिबुधाधिप सुनि सुनि बिहसे । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६४ ॥

चम्पक सहकार सदाफल चन्दन श्रीफल पुंगी सीयफलं । सहतूत अशोक बिदाम सरौसिय रम्भा राइनि ताल कुलं ॥ दारिम जम्भीरि दाप बोलसिरी तर वर सरवर सकल दिसें । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६५ ॥

अषियात अचल युग युग अवनीपति निश्चल किय भल निज नामं । ससि रबि सुर शैल अवनिसुर सलितह कन्स मलन शिव बिधि कामं ॥ श्री देवि शिवा साविन्नी सुरवर तोलों कित्ति कलानि हसें । राजेशर राण महोदधि रुपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६६ ॥

अम्बर बर पत्र मिषी पयअम्बुधि लेखिनि वज्र सुरेश लिखे । अवदात तऊ परि पारन आवहि राण सु हिन्दू धर्म रखे ॥ सुरही जन सन्त सु विप्र सहायक बसुधा गयहय धन बगसे राजेशर राण महो-

दधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६७ ॥

रविबंश बिभूषन जय हिन्दू रबि तिलक तुही सब हिन्दु जनं । असुरेस उथप्पन बीर अभङ्गह घन दायक तुम सुजस घनं ॥ राजे राजेन्द रिधू तुम राजस दौलत काइम प्रति दिवसें । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १६८ ॥

सविता ज्यों ससी सलिलनिधि ज्यों सर रट्टिये ज्यों बासर रजनी । केहरि मृग कनक लोह अन्तर मौक्तिक जल कन मुक्कर मनी ॥ इह भांति सु राण असुरपति अन्तर यों उत्तम कवि उपदेसें । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥१६९॥

षल खण्डन देव तुम्हारो षग्गह को समरगन होड़ करे । अवनीपति को तुव मीढ़ सुआवहि तोयधि को निज बाहु तिरें ॥ जगराण सु नन्द सदा चिरजीवहु बोलत मान सु ज्ञान बसें । राजेशर राण महोदधि रूपहि राज समुद्द रच्यो सुरसें ॥ १७० ॥

॥ कवित्त ॥

सु रच्यो राज समुद्द रूप अट्ठम रयणायर ।
राजसिंह महाराण हरष करि हिन्दू बायर ॥
उत्तम तीरथ अवनि सफल भव होत संपिखत ।
राज नगर रमणीक राज गढ़ सुख छहू ऋतु ।
धनि धनि सु बंश पित माय धनि अवनि नाउ

नितु नितु अचल। जगतेश राण पाटे सु जय बदत
मान ज्ञानी विमल ॥ १७१ ॥
महियल जितै मंडान दखियें जिते दिग्गन्तह ।
सूर जिते संचरैं पवन जेते पसरत्तह ।
जिते दीप अरु जलधि जानि ससि तारक जहँ लग।
जिते बृष्टि जलधार जिते नर नारि रूप जग ॥
इल जितीक अष्ट कुली अचल बसुमति देखिय सम
विषम । कवि मान कहे, दिट्ठो न कहुं सरवर राज
समुद्द सम ॥ १७२ ॥

इति श्रीमन्मान कवि विरचिते श्रीराजविलास शास्त्रे श्री
राज समुद्र वर्णन नाम अष्टम विलासः ॥ ८ ॥

———:o:———

दोहा ।

श्री राजेशर राण जय, जित्तन ओरंगजेब ।
षल षंडनि षूमान ए, टलें न ध्रुव ज्यों टेव ॥१॥
देव कहा दानव कहा, असपति कहा यु आइ ।
राजसिंह महाराण सों, जीति न कोई जाइ ॥२॥
अचल रज्ज इक लिंगवर, महियल ज्यों गिरि मेर ।
रिधू राण राजेशवर, जिन किय आलम जेर ॥३॥
किहि विधि बित्यो एक लह, उपज्यो क्यो सु उपाइ ।
सो संबंध गुथिय सरस, सब प्रति कहो सुनाइ ॥४॥
आदि वैर हिन्दू असुर, धरनि धर्म दुहु काम ।
कोटिक इन बित्ते कलष, सकल करत संग्राम ॥५॥

बसुमति हिंदू नृप बड़े, इला हिंदु आधार ।
धरनि शीश हिंदू धनी, भामिनि ज्यों भरतार ॥६॥
जोर भये महि म्लेच्छ जब, तब हरि जानि तुरंत ।
आप धरे अवतार दस, आनन असुरनि अन्त ॥७॥
इल त्यों हरि अवतार इह, राजसिंह महरांण ।
ओरंग से असुरेस सों जीते जंग जु आंन ॥ ८ ॥
असपति परि ओरंग अति, कूर कपट को कोट ।
जिन मारे बंधन जनक, अल्लह दै बिचि ओट ॥९॥

छन्द पद्धरी ।

दिल्लीस साहि ओरंग दिट्ठ, रुक्कीव पिता रह्यहि बइट्ठ । विश्वास देइ तिन हने बंधु, अै असु दुष्ट उर रह्य अन्धु ॥ १० ॥

निय गोत सकल करिकें निकंद, सुलतान भयो छल बल सु छंद । मन्नैन चित पर बुद्धिमंत, दस मुख समान अहमेव वंत ॥ ११ ॥

जिन जीति प्रथम उज्जेनि जंग, सेना असंख कमधज्ज संग । दस सहस बुत्थि पर बुत्थि दिन्न, हय गय अनेक भय छिन्न भिन्न ॥ १२ ॥

संग्राम धोलपुर फुनि सु सज्जि, भय मन्नि साहि सूजा सु भज्जि । पत्तो सु भूमि दरियाव पार, इन साहि भीति तोऊ अपार ॥ १३ ॥

अल्लह सु देइ निज अंतराल, सु मुरादि साहि

उर जानि साल । करकरिय छुरिय लहु बंधु कंठि, गुरु भार बंधि जिन पाप गंठि ॥ १४ ॥

जय पत्त तृतिय अजमेर जुद्ध, बंधू सु साहि दारा बिरुद्ध । सोई कहंत लीनो संहारि, यें सकल सहोदर जर उखारि ॥ १५ ॥

एकल्ल भयो पतिसाह आप, पहु प्रगट कलंकी ज्यों प्रताप । न मुहाइ जास षट दरस नाँउ, धीधिट्ठ दुट्ठ बहु पाप धाउ ॥ १६ ॥

नव लख तुरीय पर वर सनाह, गय सहस पंच मनु वारि वाह । सज होत शीघ्र जिन चढ़त सेंन, रवि चंद बिंब ढक्के सुरेनु ॥ १७ ॥

जिन साहिजाद पन अप्प जोर, घंघल मचाइ गढ़ कज्ज घोर । दौलतावाद लिन्नो यु दुर्ग्ग, सुलतान तास पहुचाइ स्वर्ग ॥ १८ ॥

गुरु गाढ़देव गढ़ देश गुंड, नृप छत्रसाहि जसु देत दंड । हरिवर्ष हून इक लख हेत, लग्गो जु प्रेत मनु भरव लेत ॥ १९ ॥

फुनि लयो दुर्ग्ग पूना प्रधान, थिर धरिय तत्थ अप्पन सु थान । भारत्थ दक्खनिय राइ भंजि, रष्यो सु बोल असपत्ति रंजि ॥ २० ॥

बस किंनह बीजापुर विसाल, भरि दंड भूमि रखै भुवाल । इहि भंति दिशा दक्षिनहि आंन, जिन

साहि कौन जानत जिहान ॥ २१ ॥

दिशि पुब्ब सिद्धि आसाम देश, पयगंथ जास तिहु मास पेश । मंडलह सोइ दरियाव मध्य, जगती सुलई जिन करिग झुष्ष ॥ २२ ॥

कुरु कासमीर कासी कलिंग, वैराट धाट बब्बरह बंग । बंगाल गोड़ गुज्जर विदेह, सोरट्ठ सिंधु सोबीर छेह ॥ २३ ॥

मुलतान खांन मरहट्ठ सार, पंजाब पंच पय सिंधु पार । मेवात मालपद आदि देश, जिन साहि आन विब्बर विशेश ॥ २४ ॥

दरबार जास घन दोइ दीन, अनमिष्ष नैंन ठड्ढे अधीन । सेवंत जोर युग कर सु ठीक, महाराज राज बर मंडलीक ॥ २५ ॥

उमराव षान इहि बिधि अनेक, प्रनमंत जास पय छंडि टेक । द्वादश हजारि जनु हुकमि दूत, परवार छंडि परदेश पूत ॥ २६ ॥

इक भरत दंड इक मिलत आइ, पारी यहि इक पतिसाह पाइ । इक परत बंदि जसु नृप उधुत्त, परिकर समेत तिय भ्रात पुत्त ॥ २७ ॥

चौरासि अवल्लिय रूप चारु, चौबीस पीरि क्रामाति धार । थप्पै स अप्प तुरकान थान, काजी कतेव कलमा कुरान ॥ २८ ॥

रसना रटंत महमद रसूल, ईदह निवाज रोजा अभूल । बाराह छंडि गो सत्थ बैर, सुदि पष्ष वीय बटै सुषेर ॥ २९ ॥

गरवर वदंत पारसि गुमान, प्रासाद तित्थ षंडे पुरान । महकाल थान मह जीव मंड, ओरंग साहि आलम अदंड ॥ ३० ॥

॥ दोहा ॥

करै सोइ असपति कुरस, सब दिन हिंदू सत्थि ।
जिन उज्जैनीं जंग जुरि, लुंठिय असुरनि लुत्थि३१॥
फुनि हुरंम धवला पुरहि, कर लुट्टी कमधज्ज ।
महाराय जसवंत नै, कोटिक कनकह कज्ज ॥३२॥
संमुख न मिले साहि सों, कूर राय कमधज्ज ।
सिंह रूप जसवतसिंह, जोधपुरा युग रज्ज ॥३३॥
सो दुख सल्लै साहि उर, गस धरि बछै गैर ।
सुर धरपति महाराय सों, वहै अहो निसि वैर ३४॥
मुंह मिट्ठो रुट्ठो सुमन, पारधि ज्यों सुर पुंगि ।
असपति ओरंग साहियों, कमधज हनन कुरंगि ३५॥

॥ कवित्त ॥

अरवे ओरंगसाहि सुनहु जसवंत सिंह नृप ।
महियल तुम महाराय तरणि ज्यों प्रगट रद्यतप ॥
अब हम भो असपती भये तप पुब्ब भाग बल ।
तुम आवहु हम सेव अधिक तो देहु अप्प इल ॥
है विधि रसूल अब तुम रु हम बहुरि कबहु कर नह बिरस । नन लषे कोइ इह निपुन हू गहिय साहि इहि भंति गस ॥ ३६ ॥

॥ दोहा ॥

कपट सुलषि कमधज्ज कहि, साहि कहो सो संच।
परि तुम वायक पलट ते, षिन न करो षल षंच॥३७॥
तिन कारन तुम दुसह तप,जिय हम सहो न जाइ।
दीजै हुकुम सु दूरि तें, धर त्यों लीजै धाइ ॥ ३८ ॥

॥ कवित्त ॥

संमुख न मिलो साहि निकट तुम सीस न नाऊं ।
बन्दौ तुम बिश्वास और चढती रन आऊं ॥ देस सन्धि दिगपाल रहो रिपु थानहि रक्खन । मैं इह मीनति होइ और कछु बहुत न अक्खन ॥ सुविहान आन शिर धारिहौं तपै सोइ दिल्ली तषत । कमधज्ज राइ जसवंत कहि राखें पतिसाही रषत ॥३९॥

॥ दोहा ॥

नावै ढिग कमधज्ज नृप, सुनियो औरँग साहि ।
निफल पुब्बमति जानि निज, मते मंत मन मांहि॥

छन्द पद्धरी ।

फुनि रच्यो एक पतिसाह फन्द । निय केद करन कमधज नरिन्द ॥ फिरि लिख्यो दुतिय फुरमान मान । बहु नरम भास राजस विनाम ॥ ४१ ॥

अवनी सुव धारे अधिक आन । परगना एकतीसह प्रधान ॥ सजि उभय तुरङ्गम कनक साज । शिरपाव ऊंच जरकस ससाज ॥ ४२ ॥

सुख वैन ओर यों अक्खि मिट्ठ । आलम पगार

तुम बिरद इट्ठ ॥ ध्रुव टेक एक तुम साइ धर्म्म । कमधज्ज राय बर ऊंच कर्म्म ॥ ४३ ॥

पतिसाहि थंभ तुम भूमिपाल । दिल्ली सु नगर तुम ही सु ढाल । अहमदाबाद थानह सु ऐन थिर रहो हुकम हम मन्ति चैन ॥ ४४ ॥

सुप्रसंस इती अनुगहि सिखाइ । पतिसाहि वेग दीनो पठाइ ॥ पहुंचो सु दूत महाराज पास। सुव धार अधिप गुदरे नृहास ॥ ४५ ॥

अहमदाबाद थानह सु अक्खि। सिरपांव आदि गुदरे स सक्खि ॥ राखे सुथान फुरमान राज । बसुमती बधारह बाजिराज ॥ ४६ ॥

शिरपांव साहि पठयो सु सोइ । तिन सों अमेल ज्यों तेल तोइ। तिहि कह्य तेहि पहिर्यो न ताम । कछु जानि तत्थ कलिकूट काम ॥ ४७ ॥

पहुचयो सोइ षावास पानि । महाराय मन्त जनु देव मानि ॥ संतोषि दूत पाठयो साहि ॥ तपनीय साज हय दीन ताहि ॥ ४८ ॥

शिरपाव मुत्ति माला सतेज । शुभ षान पान आसन सहेज ॥ मनुहारि करी इक राखि मास । पठयो सु दिल्ली पतिसाह पास ॥ ४९ ॥

ओरङ्ग साहि भेजो सु अत्थ । परख्यो नरिन्द सरुपाव पत्थ ॥ पहिराइ अन्य पुरुषहिं सु प्रीति ।

वर हंस तास तनु ते व्यतीत ॥ ५० ॥

ए ए सुबुद्धि कमधज्ज अंग । सब कहत सूर सामन्त संग ॥ घण घल्लि साहि विश्वासघात । महाराय करी सातूल मात ॥ ५१ ॥

पतिसाह जोर किंनो प्रपंच । राठोरराय चूक्यो न रंच ॥ जग मज्झ जास तप भाग जोर । किं करे तासु रिपु छल कठोर ॥ ५२ ॥

अवलोकि असुर पति कृत अनीति । भग्गो विसास नृप मन अभीति ॥ अमरष गुमान बाढ्यो अछेह । राखे अमेल जनु अद्रि रेह ॥ ५३ ॥

इक कहे पुब्ब पच्छिम सु एक । पग पगहिं पन्थ भाषा प्रत्येक ॥ धर धरें इक्क वर क्षत्रि धर्म्म । कलि करें इक्क घन म्लेच्छ कर्म्म ॥ ५४ ॥

वाराह इक्क इक सुरहि बैर । इक हनत हक्कि इक करत गैर ॥ इहि भंति उभय नृप भो अमेल । सल्ले सु साहि उर जानि सेल ॥ ५५ ॥

नन छल्यो जाइ कमधज्ज नाह । अभिनव सु बुद्धि अंबुधि अथाह । चढ़ि समुष युद्ध जो करो चूक। इनसो न तऊ जित्तों अचूक ॥ ५६ ॥

सब एक होइ एहिं हिन्दु साज । राजेश राण सगपन सकाज ॥ हाडा नरिन्द गढ़ पति हठाल । भल भाव सिंघ बुन्दी भुवाल ॥ ५७ ॥

तो लेहि दिल्ली चढ़ै तुरङ्ग । जुरि जोर घोर हम सत्थ जंग ॥ बर बीर धीर बल बिकट बंक । सुलतान चित्त यों पत्त संक ॥ ५८ ॥

॥ कवित्त ॥

संकै चित्त सुलतान घोस निसि मन न मिटै डर । जोधपुरा जसवन्तसिंघ महाराइ जोर वर ॥ न मिलै चित्त निराट सैल पाषान रेह सम । असुराइन उत्थपै धरै धर एक्क छत्रि ध्रम ॥ सिरपाव साहि औरंग को पहिरे नहिं कबहूं सु यहु । अति टेक लिये असुरेस सों बैर भाव राखे सु बहु ॥ ५९ ॥

॥ दोहा ॥

जहां बैर तहां बैर बहु, मेल तहां बहु मेल ।
मन वित भग्गो ना मिलै तैसे तोय रु तेल ॥ ६० ॥

॥ कवित्त ॥

बढ़य बैर तें बैर मिलन तें मिलन बढ़य मन । चित्त वित्त तें बढ़य रिनह तें बढ़य अधिक रिन ॥ बुद्धि बुद्धि तें बढ़य रज्ज तें बढ़य रज्ज सिधि । लोभ लोभ तें बढ़य सिद्धि तें बढय सकल सिधि ॥ बढ़यं सु बीज बर बीज तें मान मान तें बढय महि । अवगाढ़ साहि औरंग तें गाढ़ अधिक राठोर गहि ॥ ६१ ॥

मन भग्गो नन मिलय मिलय नन भग्गो सुत्तिय । सार भग्ग ननु संधे पल्लरै हासु प्रपत्तिय । कोटिक

किये कलाप दूध फट्टो न होय दहि । बाक हीन फिरि बाक किंपि नन होइ लोक कहि ॥ तुट्टो सु तार जोरे तऊ परैं गंठि दुहु मज्झ पुन । ओरंग करे सनमान अति मिलै नहीं महाराय मन ॥ ६२ ॥

इक कहि खत्री ऊंच एक तुरकान सु अक्खहिं । विधि रक्खहि इक बेद राह कुत वाहि करक्खहिं ॥ बधै इक्क बाराह इक्क उर हुट्ट सुरहि उरि । रटें इक्क मुख राम इक्क रसना रसूल ररि ॥ मन्नै सु इक्क दिशि पुब्ब मन इक पच्छिम दिशि अभिनमय । जसवन्त राय दिल्लीस युग राति द्यौस बादहि रमय६३

॥ दोहा ॥

जसपति राजा जीव तें ससकत भग्गी साहि ।
सल्लै आड़ो सेल ज्यों ओरँग के उर मांहि ६४ ॥

॥ कवित्त ॥

जीवन्ता जसवन्तराय सुरधरहि रट्ठवर । मिलो न कबहूं मान साहि ओरंग हि सर भर ॥ सैंमुख न किय सलाम आन असपती न अक्खिय । कज्ज सु जान्यो कियो हद्द हिँदवानी रक्खिय ॥ महराज सोइ पत्तो मरन ब्रह्म विष्णु शिव जासु बस । ए ए असार संसार इह सार एक युग युग सुजस ॥ ६५ ॥

॥ दोहा ॥

युगल पुत्त जसराज के, युग लहि लहु पन जान ।

बरस इक्क पत्ते सु वय, सहसकिरन हस मान ॥६६॥
ते नृप सुत लहु जानि तव, अरि ओरँग सुलतान ।
पिता बैर घन पुत्त सों, पोषन लगा सु प्रान ॥६७॥

॥ कवित्त ॥

बैरी न तजै बैर जानि निज समय जोर वर ।
मूसहि ज्यों मंजार मच्छ ज्यों बगल मज्झ सर ॥ राजा जसँपति रह्यो अहोनिशि हम सो अज्झौ । अंगज तिनके एह जोर इनको कुल जज्झौ ॥ पारोध पिशुन ए पत्तले संपति हय गय लेहु सब । चित्त सु साहि ओरंग चित इह ओसर आयो अजब ॥ ६८ ॥

॥ दोहा ॥

इह ओसर आयो अजब महाराज गय मोष ।
भू असपति हू अब भयौ दूरि गयौ सब दोष ॥६६॥
बैरी थान बिडारिये कहें लोक यों कत्थ ।
यवन सु थप्पो जोधपुर, ए बालक असमत्थ ॥७०॥
राजा बिन को रट्ठबर जुरिहैं हम सों जंग ।
धरो तुरक नृप सुरधरा इह चिन्तय ओरंग ॥७१॥
पठयो दूत सु जोधपुर, करि पतिसाहि किताब।
सकल रट्ठबर सत्थ सों, सो कहि जाइ सिताब॥ ७२ ॥

॥ कवित्त ॥

सकल रट्ठबर सत्थ सुनहु सामन्त सूर वर ।
जे राजा जसवन्त अधिक संचे धन आगर ॥ सो मंगे

सुलतान साहि ओरंग समत्थह । तो सु योधपुर तुम हि सकल मुरधर धर सत्थह ॥ बगसें सु फेरि सुविहान बर महिरवान फिर होइ मन । षपि जाय षान उमराव तसु धरै सु साहि षजान धन ॥ ७३ ॥

॥ दोहा ॥

तागीरी न तरकि तुमहिं, मुरधर देश महन्त ।
प्रभु सेवा ते पाइहो, ओरहि अवनि यु अन्त ॥७४॥
इहि पतिसाही रीति अति, कूर न मिट्टय कोइ ।
अचल चलय सलसलय अहि, जल जो उत्थल होइ ॥
सुनियो कमधज्जह सकल, मते मन्त मतिमान ।
पातिसाहि जान्यो पिशुन, अक्खै करि अभिमान ७६

॥ कवित्त ॥

हम जोधपूरा हिंदु धनी हम आदि मुरध्धर । हम कुल इनी न होइ दण्ड दै रहें साहि दर ॥ जो कोपै यवनेश तऊ इह धर शिर सट्टैं । राखै हम रजपूत कूर दानव दल कट्टैं ॥ आसुरी रीति नाहीं इहां धन गृह दै रक्खै धरनि । यों कहो साहि ओरंग सों फुरमावै ऐसी न फुनि ॥ ७७ ॥

॥ दोहा ॥

जान्यो नृप जसवन्त को, पत्तो ही पर लोक ।
ऐसी फुनि औरंग जू फुरमाओ जिन फोक ॥७८॥
जानो कबहू एह जिन, हम तुम हुकमी होइ ।

धन सट्टँ रक्खे धरनि, षग्ग महा बल षोइ ॥७९॥

॥ कवित्त ॥

षेती हम कुल षग्ग षग्ग हम अषय षजानह । षग्ग करैं बस षलक नाम हम षग्ग निदानह ॥ षल दल षंडन षग्ग षेत इच्छत हम षग्गह । क्षिति रक्षन फुनि षग्ग अहितु भग्गो इनि अग्गह ॥ षग धार तित्थ क्षत्री धरम आवागमनहि अपहरन । सो षग्ग बन्ध हम सूर सब धरय न साहि षजान धन ॥ ८० ॥

धन षजान नहि धरय करय नन एह नबल कर । जे कीनी जसराज सेव सो करिहैं सुन्दर ॥ आगे हू आलमह भये बड़ बड़े महा भर । किनहि न ऐसी कीन धरे किन तुरक मुरध्धर। निश्चे यु एह है है नहीं रसना ए नर पट्टिहो । कमधज्ज रज्ज करतार किय महियल सो क्यों मिट्टिहों ॥ ८१ ॥

॥ दोहा ॥

जा ऐसी यवनेस सों जंपहु दो कर जोरि ।
किंपि न दै रट्ठोर कर कैसी लक्ख करोरि ॥८२॥
बेगि गयो दिल्ली बहुरि दूत साहि दरवार ।
सकल उदंत सुनन्त ही असपति कुप्पि अपार ॥८३

॥ कवित्त ॥

कितिक एह कमधज्ज हमहि सत्थैं रखे हठ । दोलति हमहि यु दीन सु तो एमुझै न चित्त सठ८४॥

रक्षा हमारी रहे बहुरि हम सों षग बंधै । राजा करि हम राखि सरयु हम ही पर संधै ॥ कृत हीन सकल कापुरुष ये कुटिल तें यु सूधे करों । असपती साहि ओरंग हों धाराधर भुजबल धरों ॥ ८४ ॥

बैरी ए बिष बेलि फले जनु रूष सरिस फल । जैसो नृप जसवन्त भयो त्योंही ए हैं भल ॥ मारवारि धर मारि बिदिग इन गिन गिन बट्टो । करि पद्धर गढ़ कोट के बिजन पद तें कट्टो । ल्याऊं सुख जन लछि सब कहों सोइ निश्चै करों । असपती साहि ओरंग हों तों भल दिल्ली पै भरों ॥ ८५ ॥

यों कहि करि अभिमान तबल टंकार नहं किय । बज्जे चढ़न सुबग्ग हेट हय गय रथ हंकिय । नारि गोर धज नेजवान कमनैत बिबिधि परि । कुहकबान नीसान तोब सब्बान सोर भरि ॥ चतुरंगिनि सज्जिय असंख चमु जनु उच्छरिय समुद्र जल । बढ़ी अवाज घन सकल बसु जग्गि अग्गि आराब झल ॥ ८६ ॥

सहस तीन सुंडाल मेघ माला विसाल मनु । अंजन गिरि उनमान अंग चंगह उत्तंग धनु ॥ झिलि कपोल मद झरत गुंज मधुकर ग्रहणंतह । दशन सउज्जल दिग्घ घंट घुघंरू घ्रणणंतह । पचरंग झूल पट कूल मय सुजिझसर ढाल सिंदूर सिर । पिलवान

हत्थ अंकुश प्रबल बनि बहु बरन पताक बर ॥ ८७ ॥

उभय लक्ख बर अश्व सजड पर वर सपलानह । पंषी वेग प्लवंग पवन पय पंथ प्रधानह ॥ एराकी आरबी षेंग कबिला खुरसानी । साणोरा सिंहली कत्थि कांबोज किहाणी । काश्मीर किहाडा कोकनी चलत जानि मारुत चपल । पुरतार मार धरहरिय षिति प्रचलि शैल षुलि ईश पल ॥ ८८ ॥

पयदल सेन प्रचंड करषि कोदंड उदंडह । सनध बद्ध सायुद्ध चित्त अहमेव सुचंडह ॥ तोन सकति कटि तेग कुंत अरु ढाल सुकत्तिय । गुरज हत्थ किन गरुअ रोस भरि दिट्ठि सुरत्तिय ॥ मुररंत मुंछ मय मत्त मनु केइ तोय कंधे वहय । धमकंति धरनि जिन पय धमक रुप्पि पायरिन मुखर हय ॥ ८९ ॥

सुभर रत्थ बहु शस्त्र कवच्च बगतर कल हंकित । षच्चर भरित खजान सहस इक डोरि सु शोभित ॥ बहु बिधि रषत वषत्त करभ भरि भार अनन्तह । चढ्यो बाजि चकतेस घोष नोवती घुरन्तह । मचि सोर जोर रव लोक मुष हय हीसतु गज्जंत गय । सुनियै न सद्द घन भरि श्रवन भूमि सकल हयकंप भय ॥ ९० ॥

सत्तरि षांन सुसत्थ बलिय उमराव बहत्तरि । तरु बन घन तुट्टंत पुहवि उम्र मग्ग मग्ग परि ॥

रवि नभ ढंकिय रेनु चलत गिरि भय चकचूरह।
सर सलिता दह सुक्कि पसरि दिसि दिसि दल पूरह।
फनधर सभार संकुरिय फन कठिन कुम्भ षुप्परि कटकि। परि पंच कोस सुपराव यहु झंड रुप्पि बहु बिधि झटकि॥ ८१॥

कूंच २ करि षरिग त्रय २ सकोस षिति। आए गढ़ अजमेर प्रगटि आवाज जगत प्रति। मारवारि मेवार षंड षेरार खरभरि॥ बागरि छप्पन बहकि डहकि गढवार चित्त डरि। कांबोज कुक्क परि कलकलिय प्रचलिय कच्छ विभच्छ पह। चल-चलिय चहों दिशि चक्क चढ़ि ओरँग साहि प्रतात यह॥ ८२॥

॥ दोहा॥

गज्जि झंड अजमेर गढ़ अप्प साहि ओरंग॥
सवा लाख हय सेन सों रह्यो सुरढ़ घन रंग॥ ८३॥
सत्थ तुरँग सत्तरि सहस सहिजादा सजि सैन॥
पठयो मुरधर देश पर लछि कमधज्जी लेन॥ ८४॥
सो सिताव आवत सुन्यौ सज्यौ रट्ठवर सत्थ॥
हय गय पयदल घनह सम सहस बतीस समत्थ॥८५॥
जोधपुरह तें यवन दल, पंच कोस सु प्रमान॥
आइ पर्यो जानकि उदधि आडंबर असमान॥८६॥
अनुग सुक्कि तिन अक्खि इह सुनहु रट्ठवर सूर॥

करो कलह हम सत्थ कैं सौंपो धन संपूर ॥ ८७ ॥
लेहु निमिष विश्राम लटि आए हो तुम अज्ज ॥
कल्हि सही हम तुम कलह कही बहुरि कमधज्ज ॥८८॥
बित्यौ बासर बत्तही परी निसा तम पूर ॥
छल करि के तब रिपु छलन सजे रट्ठबर सूर ॥ ८९ ॥

॥ कवित्त ॥

अद्ध रयनि तम अधिक छलन रिपु इक्क कियो छल। संढ पंच सय अट्ठ ग जोइ युग युगह लाल झल ॥ हंकिय सो वर हेट उभय चर अरि दल अभिमुष। अप्प चढ़े दिशि अवर लिये बर कटक इक्क लष ॥ पेखिय चिराक प्रद्योत पथ संड समुष धाए असुर ॥ उत तें सुवीर अजगैब के परे आइ अरि सेन पर ॥ १०० ॥

छन्द भुजंगी ।

परे धाइ अरि सेन परि रोस पूरं। सजे सेन सायुद्ध रट्ठोर सूरं ॥ किये कंठ लंकालि कंकालि कूरं। झनंकी यु षग्गौ बजी झाक झूरं ॥ १०१ ॥

मची मार मारं जनं भूख भूखे। मिले जानि गो मंडलं सीह भूखे। सरं सोक बज्जी नभं ढंकि सारं। भटक्के घनं सोर आराब भारं ॥ १०२ ॥

घटक्कै धरा धुन्धरं पूरि धोसं। बढ़े बीर बीरार संलग्गि व्योमं ॥ फुरे जोध हत्थं महा कूह

फुट्टी । इतें आसुरी सेन पच्छी उलट्टी ॥ १०३ ॥

धये धींग धींगं धरालं धमक्के । चहों कोद ते लोकपालं षसक्के । जपे इट्ठ जप्पं जुरे जोध जोधं । करो कंक बंके भरे भूरि क्रोधं ॥ १०४ ॥

मुरे सार सारं ननं मुष्ष मोरे । पटे टट्टरं वान सन्नाह फोरे ॥ धरे शीश नच्चैं कमंधं प्रचंडं । मही भिन्न भिन्नं रुरे रुंड मुंडं ॥ १०५ ॥

लरें दोन के शीश पच्छैं लटक्कें । कहूं कंठ ज्यों हड्डु जुडे कटंकें । घने घाउ लग्गे किते बीर घूमें । झुकंते धुकंते किते फेरि झूमें ॥ १०६ ॥

हहक्कं तहक्कं किते हायहायं । परे घंषि षित्तं झरे हत्थ पायं । परे दीप मज्झे किते ज्यों पतंगा । उछं छेनि छंछे करे होम अंगा ॥ १०७ ॥

गह्यो जाइ चीतोरगढ़, उपजी जीवन आस ॥ ३५ ॥

इति श्री मन्मान कबि बिरचिते श्रीराजबिलास
शास्त्रे सुलतान मुखभंजन गोरीदलगंजन बर्णनं
नाम त्रयोदशमो बिलासः ॥ १३ ॥

॥ दोहा ॥

सज्यो सुदुर्ग्ग बिशेष कै, पोरि बुरज प्राकार ।

नारि गोर आराब रुपि, अन्न सुसंचि अपार ॥ १ ॥
कबिल गह्ज एसी करत, महि मेवार बसाउ ।
रोकि चित्र कोटहि रहूं, जाव जीव नन जांउ ॥ २ ॥

कबित्त ।

पहिलोने पतिसाह बरस द्वादस करि विग्रह । गट लिन्ने बिनु गह्यो गरब गुरु छंडि २ ग्रह । हों अभंग ओरंग साहि गढ़ सुबस बसांउं ॥ महि सु लेहु मेवार दाम निज नाम चलाऊं । दिल्ली न जाउ इहि दुर्ग्ग ही जां जाऊं तां लग रहों । यो लोक सुनाउन गल्ल गुरु साहि करत धर संगहों ॥ ३ ॥

॥ दोहा ॥

रह्यो साहि ओरंग रुपि, चित्रकोट गढ़ चंग ।
केहरि ज्यों गिरि कंदरा, रोकि रहे रिन रंग ॥ ४ ॥
बिट्टिय गढ़ दल बल बिकट, ज्यों जलनिधि अधिद्वीप ।
ठोर ठोर चोकी ठई, उदभट भट अवनीप ॥ ५ ॥
गंग कुँअर गुन अग्गरो, सगताउत सिरमोर ।
आप ज्ञनाउन आसुरनि, चढि लग्गो चीतोर ॥ ६ ॥

कबित्त ।

बय किसोर तनु गोर समर बरजोर सूर तन । दिल उदार दातार बधत बड बार उंच मन । सब सयान गुरु मान राज महारान सभा सुख । भर किवार मेवार सुभट सिरदार सदा सुख । केसरी सिंह रावत्त को कुंअर गंग बहु सेन बनि । चढ़ि धाए गढ़ चित्तोड़

को आप जनाउन आसुरनि ॥ ७ ॥ सौ कुंजर साहि के मग्ग बिचि मिले झरत मद । अंजस गिरि से संग रंग मचकुंद कुसुम रद । घम २ घूघर घमकि ठन्नन घंटानि ठनंकत । पीठि झूल पट कूल पढ़त पीलवान धत्ता धत । अंकुस प्रहार मानै न जे तोरत संकर साख तरु । बर अगापच्छ चरखी चलत लेत लपेटैं सुंड भर ॥ ८ ॥

सबल दरोगा सत्थ असुर असवार पंच सय । नेजा बजत निसान हेष हेषनि हीसतु हय । तकि २ मारत ताक कठिन कम्मान बान कर । पाषर जरित पवंग सार संनाह टोप शिर । दो दो कटार कटि तोंत दो दो दो तेग बंधे दुमन । चोकी सुदेत बन चोकसी गजनि सिखावत सुगति गुन ॥ ९ ॥

सुंडारे साहि के निरखि बहु रूप निट्ठवर । गरजे कुंवर गंग फोज असुरनि अड्डो फिरि । फेरो रे कहि पील हक्कि पीलवान हँकारे । सबनि अग्घ संहरो उररि असि बर उब्भारे । महाराण दुहाई कहु सुमुख हत्थि ले चलो गेल हम । नन जान देहु कुंजर सु इक तेक तुबक समरोब तुम ॥ १० ॥

सुनि सु दरोगनि सेन आइ गय हत्थिन अड्डे । मार मार मुख बकत अधिक ढकवार उमंडे । असि उभारि ऊघरी कुंअर धायो जनु केहरि । कबिल निकाल कराल झाक लग्गी सुझाट झरि । मारे सु

मीर बड़ २ मुगल उछरि २ उभ्भरि उररि । मचि करल कूह करि जूह मधि गंग जंग मंड्यो सुपरि ॥ ११ ॥

छन्द त्रिकुमाला ।

गरज्जि कुंअर गंग, रोके करि जंग रंग । अंबर उभारे तेग, वाहत पवन बेग ॥ १२ ॥

तुट्टे रिपु तुंड मुंड, बारुण करे बिहंड । लर थरें परें लुत्थि, अंनो अन्य सं आलुत्थि ॥ १३ ॥

आराब छुट्टे अछेह, मानों गज्जें भद्दो मेह । धर गिरि धुआं धोर, उठे बीर चहूं ओर ॥ १४ ॥

किलकि २ केक, तुरकनि झारे तेक । लुंबि झुंबि ललकारि, हक्कें बक्कें मारि मारि ॥ १५ ॥

उछरै उत्तंग श्रोन, छिंछि भिंछि धप्पी छोनि । टट्टर बहें गुरज्ज, प्रथक उड़ें पुरज्ज ॥ १६ ॥

सट्टे खुट्टे तुट्टें सत्थ, लग्गे योधा लत्थो बत्थ । धा किल्ले उठिल्ले धाइ, किन्ने छिन्ने भिन्ने काइ ॥ १७ ॥

उरर देते उप्पट्ट, झाक बज्जें झट्टो झट्ट । खुप्परि षर्नके खग्ग, अरि भग्गे अग्गो अग्ग ॥ १८ ॥

कबिल नचें कमंध, छिछटें उछट्टें बंध । घाइन छके घुमंत, जनों दंती दुरदंत ॥ १९ ॥

परिग सुदंति पंति, भरनि पहार भंत्ति । छायो गेंन रेनु छाय, हहरे करें के हाइ ॥ २० ॥

कायर भगे कुरंग, रमरि सुगेह संग । सभ्हे भिरे सूर सूर, त्रंबक त्रहक्कें तूर ॥ २१ ॥

तुट्टे टोप तेग त्रान; नोरंगे नेजा निसान। अश्व झारे असवार, धावें लग्गें खग्गें धार ॥ २२ ॥

रोरें जोरे भारे कुंत, उभारे बाहें सुमंत। निकरें परें निनार, दरसें लसे दुमार ॥ २३ ॥

महि दरें रुंड मुंड, भनक्कें करी भसुंड। चोसठि पीवें सुचोल, उछंगे रंगे अल्लोल ॥ २४ ॥

रुंडमाला गंठे रुद्द, निहस्सें नारद्द नद्द। पल-चारी घष्षे प्रेत, डक्कारे हक्कारे देत ॥ २५ ॥

गिद्धनी झरघे गेंन, बुट्टे खुट्टे संत्र चैन। भारी यों मच्यो भारत्थ, प्रगटे मनो पारत्थ ॥ २६ ॥

नग्गे ते दरोगे भोर, जैसे माल होते चोर। हाक फुक्की हाहाकार, दिल्लीपति दरवार ॥ २७ ॥

धाओ रे धाओ को धीर, माफी जोइ बड़े मीर। दंती सोई एक दोर, जाय लिए हिन्दू जोर ॥ ८ ॥

कवित्त ।

जीते कुंअर सुजंग कितक करि जूह भंग करि। कितक झारि पीलवान तोरि संकर गय भर हरि। सब में देखि सरूप हत्थि दस वीस सुहंके। कुंतअनी चुंकरत सुभट हुंकरत सुबंके। निरभय निसंक बहु रेनि गम हत्थिन हल्लत तिन हनत। केसरी सिंघ रावत्त को गंग न आलम कों गिनत ॥ २८ ॥

सुनी साहि औरंग गंग कुंवर लिन्नें गज। बदत छाइ बिलखाय श्वेत भौरचो मनु पंकज। उरहि अ-

सक्कि ससक्कि झुंझि झलमलिय स्वेद तन, गय सुसुद्धि बर बुद्धि हत्य दलमलत दीन मन । गहु २ सु जान पावै न गज गहु सु गंग हम गज गहन । हंसिहैं जिहांन हत्थी गये इन सुबत्त कछु सोह नन ॥ ३० ॥

धपे धींग पर धींग षेंग चढ़ि २ सुसेंग गहि । परतनाल परताल बज्जि षुरताल धुज्जि महि । कवच त्रान पष्षरनि करी झंकुरिय झमंझम । तबल तूर टंकुरिय निगम संकुरिय क्रमंक्रम । कलकलिय सुरव बंबरि बहरि अरकउ झंषरि डरि बिडुरि । पिक्खे कुंआर आवत पिशुन लुब्ब २ जलनिधि लहरि ॥ ३१ ॥

करि अग्गे करि जूह बग्ग थंभे सुबाजि बर । कल हथि कंठल कोर संभि मोरछा मुहर भर । रुक्कि राह खगबाह करहि करवाल झबक्कत । ज्यों सलिता जल पूर आइ अड्डौ गिरि रुक्कत । भय सेल्ल मेल भयभीत मचि दंग जंग दरवरि दवरि । बढ़ि लोह छोह तनु मोह तजि समर ईश गंगा गवरि ॥ ३२ ॥

सार सार संघटे धार संधार संतुट्टत्त । झमकि अग्गि झर जग्गि लग्गि षग झट षल षुट्टत्त । बज्जि झनंक षनंक कंक झलमलत सुझांई । घुरिय सुघाट षिघाट सोह हंकरि निज सांई । कहि वाह २ भल २ सुकहि बीर पचारत बिबिहि भति । रिन रोर धोर रलतल रुहिर गंग कुंअर झुंझत सुमति ॥ ३३ ॥

भट किसोर उभि गोर घटकि गरु भारि धरं धरि ॥
खरहरि खिहरि सु श्रृंग धरणि धर हरि परिकंधरि ।
गज्जि गोम लगि व्योम बुन्द झर बरषत गोरिय ॥
अधिक गाज आग्राज झमकि बिद्युत षग जोरिय ॥
बजि डुंभ गुंभ आयुध बिषम अति झँझोरिय तनु
सुतरु । भारथ उमंडि भट्टव सुभर कुंअर गंग झुझत कहर ३४

रुण्ड मुण्ड रखरत परत धर पर हय बर षुर ।
तंग भंग तरफरत ससत खरफरत चरन कर । सिंधुर दर
बर सबर करर बज्जत तनु पंजर । हर बर षर भर होत
समर सज्जे भर सर भर ॥ झरहरत अरिन सिर रुहिर
झर बजि गुरुज्ज गुरु परि बिहर । च्वै चले चेल रंग
चोल ज्यों चलि प्रबाह चच्चर सुचिर ॥ ३५ ॥

भभकि भसुण्ड बिहंड झरिय करि संड उदंडह ।
उछरत परत उतंग जानि अजगर अहि जभ्भर ॥ कटि
सनाह परवरनि कवच कटकंत षग्ग झट । तुट्टि सत्य
लगि बत्थ लुत्थि आलुत्थि लट्ट पट ॥ झरफरत गगन
थट गिद्धिनिय चिल्लह चंचु जनु कुंत फर ॥ कर चरन
रु मत्थय आसुरनि गहत उड़त अंबर अधर ॥ ३६ ॥

परे मुगल सय पंच पंच सय परे पठानह ॥ शेष
जादे सत्त सै सैद इक सहस प्रमानह ॥ लोदि वलोचि
अलेष परे सत्थर सरवानी । गक्खरीन को गिनय भूरि
भंभर भर भानिय ॥ रूमी रुहिल्ल उजबक असुर परे
करंक करंक परि ॥ फुनि भगी फौज पतिसाहि की

गंग जैति कीनी बहुरि ॥ ३७ ॥

कहुकनारि करिनारि कहुक करि करभ कहूहय । कहूं सिलह रथ सुभर कहुंक षच्चर षजान मय ॥ कहुँ नेज रु निसान जीन पक्खर तजि भारिय । नट्ठे आसुर निलज हीय हहरत अति हारिय । सगताउत गंग कुँअर सुहर दिल्लीपति दल बल सुदलि । गजराज नवंनव जूह गहि गृह आए जित्ते बकलि ॥ ३८ ॥

॥ दोहा ॥

एकहि बैर औरंग के, नव गजराज उतंग ।
भेट किए महाराण की, केहरि कूँअर गंग ॥ ३८ ॥
हरषे हिंदूपति सुहिय, दंती देष दिवान ।
सगता गंग कुंआर को, कियो अधिक सनमान ॥ ४० ॥
हेम तोल चंचल सुहय, साकति हेम सरूप ।
वसुमति ग्राम बढ़ाउ बहु, अरु शिर पाव अनूप ॥४१॥

इति श्रीमन् मान कवि बिरचिते श्री राजविलास
शास्त्रे श्री सगताउत गंगकुँअर जी के न पातिसाह
कस्य हस्तीयूथ ग्रहण वर्णनं नाम चतुर्दशमो विलासः ॥ १४ ॥

॥ दोहा ॥

चगता पति चीतोर गढ़, रोकि रह्यो हठ पूरि ।
कितक बरस छाउन कहत, दिल्ली छंडी दूरि ॥ १ ॥
एह गलह असुरेश की, बियुरी सनि बिरुदाल ।
भीमराण राजेश को, कूँअर कोपि कराल ॥ २ ॥
दिल्लीपति को देश ले, कट्टन कियो सुमंत ।
सोरठ अरु गुजरात सब, मारन देश महंत ॥ ३ ॥

बज्जे त्रंबक बज्जने बढ़ी सकल मय बात ।
भीमसिंह कूंअर चढ़े मारन धर गुजरात ॥ ४ ॥
हय गय रथ पायक सजे, सजे सकल उमराव ।
तुंग २ फौजें मिलीं ज्यौं सलिता दरियाव ॥ ५ ॥
बोलत बहु बिरुदावली ढुरत चौंर दुहुं ओर ।
चढ़े बाजि चंचल चतुर भीम कुंवर दल जोर ॥ ६ ॥

॥ कवित्त ॥

भीम कुंवर दल जोर चढ़े गुज्जरि धर मारन। कटक बिकट भट उभट सुघट गज घट भट चारन। बोलत बहु बिधि विरुद मरद भंजत आलम मद। गुर पगार मेवार सूर सुप्रताप ऊंच पद। जय कारजु धार अपार युध दृढ़ प्रहार करवार कर। जगतेश राण राजेश के तो सूंको मंडे समर ॥ ७ ॥

अंबर धर आवरिय रंग भंखरिय रजंबर। धारा-धर धुंधरिय दुरिय दुति चंड दिवायर ॥ बढ़ी हेष पर हेष बहरि बबरि कल रव बहु। सुनियत सद्दन श्रवन जूह हय गय रथ गहमहु ॥ अनुसरत इक्क इक अग्ग पग उमग मग्ग परि भरि अवनि। सजि चढ्यो सेन गुज्जरि सधर भीमसेन ज्यों भीम भनि ॥ ८ ॥

भई भूमि भय कंप पचलि पर धर पुर पत्तन। होत कोट संलोट गिरत गढ़ दुर्ग गाढ़ घन ॥ दिशि दिश उट्ठि दहक्क भुक्क भय गुरु अर, भक्खर। सर स-लिता इह सुक्कि ,रुक्कि दर राह थरद्धर ॥ थरहरिय

थान थानह सुथिर बिथुरि प्रजा डुल्लत अथिर । प्रज-रंत नेर षरहर सुपरि जहँ तहँ मंनिय जोर डर ॥ ९ ॥

उजरि अहमदाबाद पीर पट्टन ससंक परि । षंभायत षरहरिय मून सूरति धन संहरि ॥ जूनागढ़ जंजरे कच्छ कलकलि सुमंनि डर । गोर सिंधु सोबीर भूमि बहु भई उभंखर । मचि हक्क धक्क चहुं चक्क मधि आप आप भय बढ़िय उर । चढ़ि भीमराण राजेश को आयो के आयो कुंवर ॥ १० ॥

सुबच सुभग सुंदरिय दुरिय गिरि खरिय ससं-किय । सालंकरिय सुबेस चित्रनिय चित्र कलंकिय ॥ नव योबन सोबन सुबान मानिनि मृगनैनिय । रूप रंभ आरंभ दरस देषें सुख देनिय ॥ पयतन प्रवाल पल्लव सुपय सत्थन को सत्थी सुबिय । बहु भीमसेन कूंवर सुभय डोलत बन घन शत्रु तिय ॥ ११ ॥

छन्द पद्धरी ।

सजि भीमसेन सेना विशेश । दहबट्ट करन गुज्जर सुदेश ॥ दल बिंटि प्रथम ईडर दुरंग । भट बिकट जांनि चंदन भुजंग ॥ १२ ॥

गढ़ तोरि तोरि गट्टे कपाट । थरहरिय थान असुरान थाट ॥ नट्ठो सु सैद हासा नवाब । गढ़ छंडि छंडि किल्ला सिताब ॥ १३ ॥

रलतलिय प्रजा बहु त्तरिय रोरि । डर मंनि

जात बन गहन दौरि ॥ बनिता धपंत लहु नंषि बाल । भूषन पतंत षिरि मुक्तिमाल ॥ १४ ॥

तजि न्हाण बस्त्र इक तनु लपेट । चित चौंकि जात दीने चपेट ॥ ब्याकुलिय इक्क अधगुंथि बेनि । भरि फाल जात ज्यों जात एनि ॥ १५ ॥

निय निय सुकज्ज छंडे निनार । चलचलिय छलक भय भीत भार ॥ को गहय सार कप्पर किरान । नग हेम रूप बदरा निदान ॥ १६ ॥

भूषन जराउ बहु रूच भंति । जहँ तहँ सुगड्डि धन लोक जंति ॥ जरकस सज्योति मुषमल अमोल ॥ सिकलात सूप तनु सुष पटोल ॥ मृद तूल मसद्यार बिबिधि रंग । मिश्रू दुमास चीनी सुचंग ॥ १७ ॥

षीरोदक अतलस सरस ल्हाइ । बुलबुल-चसंम मनु सुषद स्याइ ॥ पामरी पीत अम्बर दुपट्ट । साहिबी पाट अरु हीर पट्ट ॥ १८ ॥

भैरव भरुत्थि मलमल सुधोत । महमूदि बीर सेला सुपोत ॥ सिंदली झून सूसी सुपेद ।खासा अट्टान टुकरी सुभेद ॥ १९ ॥

ओसाप सालु इक पट सकोर । चोतार भार तनु पंच तोर ॥ बहु बिधि सुबस्त्र छंडे बजाज । भग्गे सभीति हटश्रेणि त्याज ॥ २० ॥

घृत खंड तेल सक्कर सभोर । अति खास अन्न

उघरे अँबार ॥ मधु रस सस्वाद मेवा मिठाइ । हरवाइ गरत सक्कि उठाइ ॥ २१ ॥

मृगमद कपूर केसर लवंग । अहिफेन हीर रेशम सुरंग ॥ तज जायपत्रि पत्रज तमाल । रस नारिकेल पुंगी रसाल ॥ २२ ॥

हिंगरू अगर चंदन सुईठ । एलची जाइफल अरु मजीठ ॥ इत्याद्यनेक छंडे कृयाण । भग्गे सुगंधि रक्खन सुप्रान ॥ २३ ॥

बिधि बरन च्यारि छत्तीस योनि । चोपय प्रत्येक बहु जीव योनि ॥ भरहरिय भग्गि भय यत्र कुत्र । परि गय बियोग तिय भ्रात पुत्र ॥ २४ ॥

ठट्ठोरि हट्ट पट्टन सुढारि । गृह गृहनि जारि सुप्रजारि पारि ॥ सिंघनी सुंघिनर के सुजान । खनि खोदि क्षोनि कट्टे खजान ॥ २५ ॥

धरहरत धरनि खरहरत कोट । लगि बेलदार किन्ने सलोट ॥ आबास ऊंच भयतर उपार । जहँ तहँ सुभूमि परिगय बिहार ॥ २६ ॥

इहि भांति दुर्ग ईडर उड़ाइ । घंठे सुभृत्य अन धन सचाइ ॥ भरि कनक रूब रत्न कोटि भार ॥ हय हत्थि करभ खच्चर अपार ॥ २७ ॥

राजेश राण नंदन सरोस । भल्ल भीमसेन कूंअर भरोस ॥ कट्टनह दूरि पतिसाह काज । रक्खन सुराह मेवार राज ॥ २८ ॥

॥ कवित्त ॥

ईडर दुर्ग उजारि पारि किन्नो धर पद्धर । खंखेरिय खनि खादि किए मंदिर तर उप्पर ॥ ढंढोरिय हटश्रेणि कोन झल्लैं कर कप्पर । श्री फग सार किरान ठेलि अन धन पय ठिप्पर ॥ नट्ठो सु सैद हासा निलज गुरु नवाब छंडेव गढ़ । जय कीन राण राजेश के भीमसेन रक्खी सुरढ़ ॥ २८ ॥

॥ दोहा ॥

ईडरगढ़ उद्धंसयो, सुनी सकल संसार ।
भीमराण राजेश के, कूंवर कुल शृंगार ॥ ३० ॥
पच्छिम निसि पतिसाह दर, परिय सुकरल कराह ।
कौन नींद आलम कबिल, सोए तुम पतिसाह ॥३१॥
भीमराण राजेश को, कूंवर कोपि कराल ।
ईडरगढ़ लीनो अचल, चढ़ि दल किय ढकचाल ॥३२॥
हंस सैद हहरंत हिय, नट्ठो अप्प नवाब ।
अब सुजात गुजरात धर, करहु इलाज सिताब ॥३३॥

॥ कवित्त ॥

सुनि सुकूह सकराल रेनि पच्छिली श्रवन सजि । उझकि चोंकि औरंग उठ्यो दिल्लीश नींद तजि ॥ निकट बुलाइ सुदूत बहुरि बुज्झै दिल्लीवर । कितक सत्य सो कुंवर अक्खि तिन दल अपरंपर ॥ ईडर उजारि सुप्रचारि दिय उजरि देश गुज्जर सुधर । सोरठ सिंधु सोवीर लों भीमसेन कूंवर सुंदर ॥ ३४ ॥

॥ दोहा ॥

रह्यो ओटि पय ज्यों सरिस, म्लेच्छ ईस गहि मोन ।
बोल सुबोलत ना बने, शीशक चढ़ि भय सोन ॥ ३५ ॥

कवित्त ।

राजसिंघ महराण प्रजा पीहर प्रजपालक । प्रजाछत्र प्रजपोष प्रजामंडन प्रजधारक ॥ बरण च्यारि बर शरण दीन उद्धरण दया पर । दीनबंधु दुष हरण सकल षट दरस सुहंकर ॥ पीरंत पेखि पर प्रज प्रबल कुंअर भीम कुप्पिय कहर । बड़नगर सुढ़ासा सिद्धपुर प्रमुख सकल भंजे सहर ॥ ३६ ॥

लिखे एह परवान राज महराण भीम प्रति । प्रीति पोष संतोष सकल सनमान सरस भति ॥ कुल दीपक तुम कुंअर सबलह मरद्द धुरंधर । तजि बिदेस सुबिसेस बेगि आवहु निज मंदिर ॥ परवानह करिपर धरह तन अप्पन श्री इकलिङ्ग बर । प्रज पीड़त पिक्खी जात इह अनुकंपा उपजंत उर ॥ ३७ ॥

॥ दोहा ॥

चरहि जाइ दीनो चपल, कुंवर हत्थ फरमान ।
कहि मुख ब्रचन प्रसंस करि, बहु बिधि प्रीति बखान ॥ ३८ ॥

॥ कवित्त ॥

महाराण परवान सीस सहिवान सुशोभित । प्रनमि बंचि बिधि पाइ झुंकि अनिखाइ झझकि चित ॥ पिता हुकम सुप्रमानि दंद मुक्क्यो निज दारुन ।

बहुरे कुमर सुजान जानि अंकुस बर बारुन ॥ धन कोरि जोरि ढंढोरि धर बैर बहोरि अनंत बल । निज गेह आइ बिलसंत नित भीम भोग संजोग भल ॥३८॥

इति श्रीमन्मान कबि बिरचिते श्री राजविलास शास्त्रे श्री भीमसेन कुमारेण गुर्जर देशे द्वंद्वकरण नाम पंचदशमो बिलासः ॥ १५ ॥

—:0‡0—

॥ दोहा ॥

बंकागढ़ बधनोर पति, सांवलदास सकाज ।
केतुबंध कमधज्ज कुल, मेरतिया महराज ॥ १ ॥
भगति जोर तिनको भई, बंकेश्वरि बरदाइ ।
माता त्रिभुवन मंडनी, सांप्रति करन सहाइ ॥ २ ॥
तेग बँधाई देबि तिन, पाती दे करि प्रीति ।
जहँ जहँ कीने जंग जिन, तहँ तहँ भई सुजीति ॥३॥

॥ कवित्त ॥

जहँ तहँ कीनी जीति रीति रक्खी रट्ठोरिय । महाराण के काम दंद रचि दल सजि दोरिय ॥ रुक्की आवति रस्त थान भंजे तुरकानी । पीरो परि पतिसाह श्रवन सुनि सुनि सुकहानी ॥ तिन दीन्हों महि मेवार तजि गय औरँग अजमेरगढ़ । मेरतिया सांवल दास सम देखि न को सा धम्मं दृढ़ ॥ ४ ॥

बिंटि थान बधनोर परी सेना पतिसाहिय । धुपटे धर बर धींग गहन गज्ज तन गिरिं गाहिय ॥ हय मुंह

सुप्पर कंण रत्त दूग मुंछ रोम बिनु । भारषंध भुज सुभर भार भोजन रु भार तनु ॥ तिन नाम रुहिल्ला नर भखन तजै न को पशु पंखि पल । जहँ तहँ पराव जल उदधि ज्यों उद्धम गति ओरंग दल ॥ ५ ॥

॥ दोहा ॥

नायक सब रुहिलानि में, नाम रुहिल्ला खान ।
लंबी तेग लिये रहैं, आसुर जंग अमान ॥ ६ ॥
द्वादस सहस तुरंग दल, नेजा बंध नकाब ।
मदिरा मत्त सुरत्त मुँह, जिह तिह देत न ज्वाब ॥७॥
बिंटि रह्यो दल बल बिकट, बसुमति किय बिपरीति ।
पारि प्रषाद प्रजारि गृह, अति ही मंडि अनीति॥८॥

॥ कवित्त ॥

सुनि इह सांवल दास मरद मेरतिया महिपति । खीजि खलनि षय करन थान उत्थपन अरिन थिति॥ सजि सिताब हय गय दुबाह सन्नाह सपक्खर । कवच करी झंकुरत कुंत झलमलत सूर कर ॥ बजि बंब नगारनि घोष बहु बरन बरन धज नेज बनि । चढ़ि चले फौज चहुं फेर घन उदधि जानि उलट्यो अवनि॥ ९॥

खिति धरहरि हय खुरनि चरन गिरि पल्ल चुल्ल भय । उभ्भिय रेन भरि गैंन भानु भंखरिय ताप खय॥ चारन भट्ट सुचंग रंग बोलत जस रूपक । सांवल दास सनूर कूर कमधज कुलदीपक ॥ जय करहु

जंग घन हनि यवन आलम दल भंजहु अनम ॥
बैरिनबिनासकिज्जै बसति त्रिपुरा दाहिनहत्य तुम१०॥
संझ समै लहि संच प्रबल रतिवाह बिहारिय । खान
पान खल दल बिलग्गि दीपक अधिकारिय ॥ तबहिं
तरित ज्यों त्रटकि परे पतिसाह सेन पर । गाहत
दाहत हनत भनत सुख मार मार नर ॥ रलतलिय
रुहिल्लनि परि रवरि दहकि बहकि धकि परि दहल ।
तजि खान पान भग्गे तुरक कलकल कंटल मचि कबिल११

छन्द त्रोटक ।

हय चंचल सांवलदास चढ़े । कर गेंन उभारिय
खग्ग कढ़े ॥ जुरि जोध बिजोध बजे जरके । कटि
टोप कटक्कि करी करके ॥ १२ ॥

षिरि कंकनि कंक सुधार षिरें । झनकंत कृपान
कृसानु झरें । मचि कंदल मीर गंभीर कटें । खननंकति
बज्जति खग्ग झटें ॥ १३ ॥

तुटि सिप्पर खुप्पर लोनि हटें । फिरे छेद
बिछेद ह्वै शीश फटें ॥ छिलि लोह पठान सुछाक छकें ॥
जल आतुर बारिहि बारि बकें ॥ १४ ॥

दुहुं ओर दुबाह दुहाइ बढै । अप अप्पन सांई
चहंत उदै ॥ करि ताक संभारि संभारि कहें । बरसें घन
ज्यों बहु बान बहें ॥ १५ ॥

कर कुंत कटारि सुकत्ति धरैं । फरसी हर हुल्ल

गुपत्ति फुरैं । गज मुग्गर नेज गुरुज्ज बजै ॥ गगनां-
गन गोर आराब गजै ॥ १६ ॥

धर धुंधरि सोर सुरत्त धखें । जहँ अप्पन आन
न कोई लषें ॥ तजि साहस संकुर सांइ तजे । भय
पाय रु कायर जात भजे ॥ १७ ॥

घन घोष चंबागल सिंधु घुरे । सहनाइ सुभेरि
गंभीर सुरें ॥ कुननंत किते कलि कूह करें । रिन जोर
रुहिल्लनि रुंड रुरें ॥ १८ ॥

उतमंग पतंत किते उचरें । सरनाथ किती उर
सूल ररें ॥ इक अल्लह अल्लह नाउं अखें । मिलि नेनन
टोप मिलंत मुषें ॥ १९ ॥

भय रूकिनि टूकनि तेइ रुमी । निकरें दुहु लोइन
ग्रीव नमी । हबसी मिलि आपस मेंइ हने । अंधि-
यारि निसा नन सुद्धि गनें ॥ २० ॥

नर आसुर केक कमंध नचें । शिर भूमि अट-
ट्टहास सचैं । हय हत्थि बिना असवार फिरें । घन
पक्खर भार सुढ़ार ढरें ॥ २१ ॥

तरफें अधतंग तुरक्क तुटें । चलि बब्बर बोल नदी
उपटें ॥ भभके करि सुंड बिहंड भई । महि कीन जहां
तहँ रत्त मई ॥ २२ ॥

उड़ि श्रोनित छिंछि अयास तटें ॥ पय कोकम
ज्यों पिचकारि छुटें ॥ गवरीपति अंबुज माल गठें ॥
सब केक हँकारि बेकारि उठें ॥ २३ ॥

गुरु गिद्धिनि तुंडनि मुंड गहैं । झरफैं गग-नांगन झुंड बहैं ॥ रत ले युगिनी जल ज्यों अचवैं ॥ चवसट्ठि जयं जय सद्द चवैं ॥ २४ ॥

धज नेज झंझोरिय जोरि धनं । टक चार ढंढोरिय ढान घनं ॥ कमधज्ज महा बलि जैति बगी ॥ भय मंनि रुहिल्लनि फोज गमी ॥ २५ ॥

तजि यानहि तंबु तुषार तई ॥ रथ कंचन बारुन बस्तु नई ॥ निशि ही निशि भग्गि हेरान भए । गति हीन ह्वै साहि के पास गए ॥ २६ ॥

कवित्त ।

गए असुर तजि गर्ब हसम हय गय रथ हारिय ॥ गिरत परत बन गहन भए भारथ भय भारिय ॥ निसि अंधियारी निपट सुबट थट घट्ट न सुज्झत ॥ कानन तरु कंटकनि अंग अंशुक अालुज्झत । उझकंत परस्पर पिक्खि अग सब रुहिल्ल सुगहिल्ल हुअ ॥ कमधज्ज गहिय करवार कर जंग रंग मंड्यो सुजय ॥ २७ ॥

दोहा ।

इहिं परि यान उथप्पि के रक्ख्यो जस रट्ठौर ॥ स्वामि-धर्म पन सच्चयो सकल सूर सिरमोर ॥ २८ ॥

इति श्री मन्मान कवि विरचिते श्री राज विलास शास्त्रे सांवल दास कमधज्ज कृत द्वंद वर्णनं नाम षोडशमो विलासः ॥ १६ ॥

—:0:0:—

दोहा ॥

धर पुर हरि गिरिवर धसकि, पयदल मसकि पयाल ।
धारा नगर मालव सुधर, दौरयो साह दयाल ॥ १ ॥
राजा उतपन रोस रस, तारन रित ज्यों तुट्टि ॥
मालव धर उद्धंसि महि, लच्छि अनंत सु लुट्टि ॥ २ ॥
षाग त्याग दुहुं भांति षिति, नितु २ नाम नवल्ल ॥
षाग त्याग बिनु क्षत्रिपन, आख्यो यूं अकतुल्ल ॥ ३ ॥
मंगि हुकम महराणपें, सुवर सुभट संजोर ॥
चढ़यो लेइ चतुरंग चमु, अवनि कंपि चहुं ओर॥ ४ ॥
धरि गिरि अंबरधुं धरिय, दिशि दिशि उठि दहरिक्क ॥
आडंबर रबि आवरिय । चित दिगपाल चमक्क॥ ५ ॥

कवित्त ।

प्रचलि चित्त दिगपाल भूमि तजि भगि आध भय । उजरि नेरपुर उझकि बिझुकि गढ़ कोट दुर्ग गय॥ थक्कि राह थरहरिय यान यानह असुरायन । बजि अवाज गुरु गाज जानि जग पे। पंचायन ॥ षरहरिय सुप्रज क्षितिधर षलक जनु धारा हर धरहरिय । मालव सुदेश सद्धन सुमहि सजि सुसाह दल संचरिय ॥ ६ ॥

कहुक दंड किज्जियहि कहुक लिज्जियहि पेसकस । थप्पि कहुक निय थान रिपुन रुक्कियहि रोस रस ॥ कहुक बंक वैरिन गहिव्व घल्लियहि जेल गल । कहुक लच्छि लुट्टियहि कहुक भेलियहि दुर्ग भल । कहु कोट जोट कबिलान के उथलि पथलि थल बियल

किय । पारन्त रवरि पर धर प्रबल जानि प्रलय कालह जगिय ॥ ७ ॥

म्लेच्छ मुंछ मुंडियहि खंडि महजीदि मदारनि । काजी पकरि कुरान गरहि बंधे बगमारनि । बोरत बारि अथाग धाक बज्जी धागानी ॥ भेष बदलि रिपु भगत बदलि बानी तुरकानी । धकधुनी देश मालव सुधर बारुन ज्यों चंदन बिटपि । मुंह मिल्यो असुर नन मुक्कियहि थिर सुप्रतंग्या एह थपि ॥ ८ ॥

छन्द मोतीदाम ।

चढ्यो दल सज्जि सुसाह दयाल । किधों कलि-कालनि को षय काल । बहै बहु मग्ग कटक्क बिकट्ट ॥ जनो जल अंबुधि गंग उपट्ट ॥ ९ ॥

सुभें दल अग्गहि श्याम सुंडार । चले जनु अंजन के यु पहार ॥ ठनंकति घंट सुग्रीवहि ठाइ । घमंकत घुंघरु नेउर पाइ ॥ १० ॥

झरे मदवाह कपोलनि झोर । भमैं तिन दोन-सुवासहि भौंर ॥ सुभें शिर तेल सुरंग सिंदूर ॥ बहैं बिरुदावलि बंक बिरूर ॥ ११ ॥

मनोहर कुंभहिं मुत्तिनमाल । मझें मझ पोइय पांच प्रबाल ॥ उभै अव शीशहिं चौर सुभंत । सभार स उज्जल दीरघ दंत ॥ १२ ॥

झिलंतिय रंग सुरंगिय झूल । जिगंमिग योति

जरी पटकूल । ढलक्कृति ढंकिय बास सुढाल । बने किन पिट्ठहि डोल बिसाल ॥ १३ ॥

पढ़ैं धत धत्त मुंहें पिलवान । सचे कर अंकुश बिद्यु समान । पताक प्रलंब बने पचरंग । जरीपट कूल सुचिन्ह सुचंग ॥ १४ ॥

जरे पय लोह सुलंगर जोर । किधों करि श्याम घटा घन घोर ॥ चरक्किय अग्ग रु पच्छ चलंत । खरे इतमाम महा मयमंत ॥ १५ ॥

एराकिय आरबि अश्व उतंग । कछी कश्मीर कँबोज कलिंग ॥ बंगालिय कोकनि सैंधवि बाज । पयं पय वायु पये पँखराज ॥ १६ ॥

मजंनस लाषिय रंग सुवंश । हरी हरडे अरु बोर सुहंस । किते किरडे तनु नील कुमेत । सुसिंहलि रोझिय रंग सभैत ॥ १७ ॥

अँबारस भौंर मसक्कि अपार । तुरंजे ताजि तुरक्क तुषार ॥ किलकिले कातिले केइ किहार । गंगाजल गारुडे के गुलदार ॥ १८ ॥

बिराजति साकति स्वर्ण बनाव । जरे नग मुत्तिय हीर जराव । गुही बर बेनिय श्याम सुकंध । फुंदा गलि रेसम डोरि सुबंध ॥ १९ ॥

ततत्थेइ नच्चत ज्यों नट तान । पुलंतन पखिय पुज्जत प्रान ॥ सचंचल चालीने चीकनें चोष । सपक्खर सज्जर हिंस सरोष ॥ २० ॥

चढ़े भर केइ महा चित चंड ॥ अरेखिय जानि कि भीम उद्दंड ॥ बंके बर बीर सभीर बिडूर ॥ झनंकति षग्ग करे झकझूर ॥ २१ ॥

भरे रथ सत्थि आराब सभार ॥ किते धन रूब रु हेम दिनार ॥ भरे बहु भारहि ऊंट अपार ॥ किती भरि बेसरि भार बिभार ॥ २२ ॥

पयद्दल बद्दल ज्यों दल पूर ॥ उड़ी रज अंबर ढक्किय सूर ॥ परे नन अप्पन आन की सुद्धि ॥ उपट्टिय जानि कि जोर अंबुद्धि ॥ २३ ॥

सुसंकर संकुरि कुंडलि शेश ॥ कटक्किय कच्छप पिट्ठि बिशेश ॥ भये भयभीत पुले दिगपाल । डगंमगि कोट रु दुग्ग दुकाल ॥ २४ ॥

थरत्थरि पत्थर सुत्थिर थान । भगे पुर पत्तन नैरभ यान ॥ रुके दर राह राह सुउट्ठि दहल्ल ॥ सुखे सलिता सर नीर सुहिल्ल ॥ २५ ॥

मच्यो भय मालव देश मझार ॥ उड़े प्रज जानि कि टिड्डि अपार ॥ कहूं तिय पुत्त कंहूं गय कंत ॥ रड़े जननी कहुं बाल रडंत ॥ २६ ॥

कहूं पति भृत्य कहूं परवार ॥ कहूं धन धान रहे निरधार ॥ कहूं भय चोप यहूं परहत्थ । नसे नर नारिन वृन्द अनत्थ ॥ २७ ॥

लुटे केउ लुंटक झुंटक लक्ख ॥ परें बहु कूह

कराह मतवख ।। जनों कलपंतर अंतर जग्गि । लुकि-
ढुकि मानस मानस लग्गि ।। २८ ।।

किये प्रति कूंचनि कूंच प्रलंब । लसे दल बद्दल सावन लुंब ॥ धसंमसि बिंटिय कोट सुभार ॥ परी पतिसाह सुगेह पुकार ॥ २९ ॥

कवित्त ॥

मंडव भय मंनियो उजरि प्रज भग्गि उजेंनिय ॥
सारंग पुर भय सून निकरि नट्ठी मृग नेनिय ॥ दहल परिय देवास धरनि गड्डियहि हेम धन ।। सुनिब ससंकि सिरोज चलिय चंदेरि चक्रित मन ॥ जहं तहं अवाज संके यवन जंजरि गढ़ करियहि यतन ॥ आयो सुसाहि यों अरिन पुर उभक अहो निसि मिटय नन॥३०॥

अवखें के असुरानि कंत तिल गहर न किज्जैं ।।
आवत कटत उदंड छंडि गृह के तनु छिज्जैं ।। कह सोवत सुख सेज उट्ठि उठ राखि सुआतम ।। सो कहुं पूरन मास गहु सुगिरि गुहा क्रमंक्रम ॥ बिलपंत बालके बाल तजि नट्ठि बनं घन गहन नग ।। सकबंध साह दल चढ़त सुनि बिभजि लोक ज्यों बन बिहंग ॥३१॥

बिंटि कोट बर बीर भंति गो सीस भुयंगम ॥
ज्यों पहार अरु जलधि प्रबल दल* दंति पवंगम ॥
किल्ला तजि तिहिं काल पुल्ले आसुर सु पठानी ॥ सेन असुर घन सहस मुक्कि साहस समुंदानी ॥ जगि लुट्टि

गृह गृह जनहिं जन कोन गहे कप्पर मुकर ।
केसर कपूर मृगमद कितक इंधन ज्यौं प्रजरे अगर ॥ ३२ ॥

कंसहि को कर गहें तंब गहि को तनु तोरें ।
करिय कहा कत्थीर जसद गंठहि को जोरें ॥ पाटहिं
को प्रतिग्रहे सूतपट कवन सुसंचै । अंगीकरे न अन्न खंड
घृत गुड़ कत खंचै ॥ बहु हेम रजत मौक्तिक बिमल
पन्ना पांच प्रवाल नग ॥ तुट्टंत लोक लच्छक सुलछि
जँह तँह लहत निधान जग ॥ ३३ ॥

जरी सूप सकलात मिश्र मुषमल रु मसज्जर ।
चीणी षीरोदक दुमास अतलस पीतांबर ॥ नारी
कुंजर ल्हाइ साहि बीतनु सुष मनसुष । बुलबुल-
चसमा पोट पामरी थुरमा बहु लष ॥ दरियाइ दुलीचा
चंद्रपट उत्तरपट गिनति न परत । पट कूल असूल
प्रसिद्ध पन बसु जन २ बिक्रय करत ॥ ३४ ॥

भैरव बरभरु बळी मिट्ठ मलमल महमूदी । भुंना
सिंदली सालु सुसी सेला सानंदी ॥ षासा षास अटान
पंचतोरे सु प्रकारे । इकतारे अीसाप चीर टुकरी चो-
तारे ॥ स दुसामि दुतारे चौरसे भीन पोत दुत्ति झल-
मलत । बदियेऽब किते बहु बिधि बसन पयदल पा-
इनि दलमलत ॥ ३५ ॥

नालिकेर ज्योजा बिदाम बर दाष चिरोंजिय ।
षारिक पिंड षजूरि भूरि मिश्री मन रंजिय ॥ मधुर २
मेवा मिठाइ घृत गुड़ अपरंपर । सकल अघाइय सेन
हत्थि हय करभ अनुच्चर ॥ एलची लवंग अहिफेन रस

सुंठि मरिच पीपरि प्रमुषि । सुक्रयाण सार अंबार सज धषत भार घन अग्नि सुष ॥ ३६ ॥

पनहिं न जिन पय हुती तिनहिं गृह भये तुरंगम । दूत भये दोरतें मिले तिन चढ़त मतंगम । दारिद जिन देषते लच्छि लच्छक तिन लीनी ॥ वामन जिन बपु हुते तिनहु सुषपाल सप्पनी । सपने न संपिखी सुंदरी तिन सुन्दरि युग २ मिलिय ॥ धसि नगर धार बर संहरत कनकहिं षलक निहाल किय ॥ ३७ ॥

दिन दस करिग मुकाम षग्ग बल रचि षलषंडह । नगर धार संहारि देस मालव करि दंडह ॥ नर बहु भए निहाल लच्छि अपरंपर पाए । करि सुबोल कंधाल उमगि उदयापुर आए ॥ मंत्रीश सुमति महाराण के कलह साहि सर भर करिय । अवदात यहै नित २ अचल अचल नाम जग बिस्तरिय ॥ ३८ ॥

इहिं परि धार उद्धंसि बत्त बर बिश्व बखानी । सुनि औरंग सुबिहान दूत मुष अव दुखदानी ॥ उर कलमलि अकलाय परयो अंदर पछितावत । किन्नो यहे कुमंत सकल परिजन समझावत ॥ आवै न हत्थ बिग्रह सुइह षुस षजान घन षुट्टए । अनमी सुराण हैं आदि के महि किन जाइ सुमिट्टए ॥ ३९ ॥

इति श्री मन्मान कबि बिरचिते श्री राज बिलास शास्त्रे साह दयाल मालपद्र देशे द्वंद्व कृतं तद्वर्णनंनाम सप्तदशमो बिलासः ॥ १७ ॥

दोहा ।

श्री जयसिंह कुंअार की, अब अवदात अनूप ।
राजसिंह महाराण के, पाट प्रभाकर रूप ॥ १ ॥
सतरा सै सैंतीस के, बर्स असाढ़ बषान् ।
मारे मीर मतंग महि, थिर चीतोर सुथान ॥ २ ॥
सामंतनि सनमानि के, किय सुमंत धर काज ।
असुर सँहारन ऊंमहे, गिरिधर अंबर गाज ॥ ३ ॥
आगे ज्यों कूंअरपने, उदयराण मुँह अग्ग ।
कुंअर प्रतापहिं नाम किय, षंडे घन षल षग्ग ॥ ४ ॥
सो सवंत सुबिचारि चित, बढ़े बीर रस बीर ।
कंठीरव जनु कोप करि, गर्ज्यौ गिरा गँभीर ॥ ५ ॥

कवित्त ।

चित्रकोट थानहि सुचंड ओरंग सुनंदन । सहि-
जादा अकबर सुसेन हय गय रथ स्यंदन ॥ अद्धुलाख
साहन अनीक सपलान सपरकर । सहस एक सिंधुर
सरूप जनु शैल पट्टफर ॥ पयदल असंष आराव गुरु
नारि गोर जंबूर घन । रहि राण धरा रिणथंभ
रुपि कोट ओट गह्रो यवन ॥ ६ ॥

दिशि दिशि देत दहल्ल धरा धुपटंत धान धन ।
गाम २ प्रतिगाहि ढाहि प्रासाद पुरातन ॥ पारि
पौरि प्राकार सुरहि बध करत न संकत । रहत छक्यो
दिन रेनि बेर बहु बहत अहंकृत ॥ ऐश्वर्य तरुन मद अंध

मन मेष भंति में में करत। सुलतान अकब्बर साहि सुत
धरनि न सुद्धे पय धरत ॥ ७ ॥

तषत रवां तपनीय तुंग नग जरित तरनि प्रभ।
तहँ सु बइट्ठो तपन तेज असहेज मान इत ॥ उभय
पाष चामर ढरंत इतमाम अनेकह। छरीदार प्रति-
हार अंग रक्षक सबिबेकह ॥ नरवे नवाब बहु पय
नवत सेवत ठट्ठे सत सहस। नित राग रंग पातुर
नृतति घुरत निसाननि घन घमस ॥ ८ ॥

कबहुं लरावहिं मल्ल कबहुं मद मत्ते कुंजर।
पायक कबहुं प्रचंड कुंत असि नग्न सकति कर ॥ कबहुं
सिंह करि कलह कबहुं डोरी डंडायुध। कबहुं सिंह
बन सहल कबहुं तिय सत्थ महल मध ॥ कबहूं क बग्ग
बर बाटिका सलिता सलिल समूह सुख। क्रीडंत केलि
नव नव सुदिन न लिहैकत ससि सूर रुष ॥ ९ ॥

॥ दोहा ॥

साहि सुतन के चरित सुनि, रत्त नैन करि रोस।
श्री जयसिंह कुंआर जब, गह्यो षग्ग कर कोस ॥ १० ॥
संहरिहों दिल्लीस सुत, क्यों रहि इह इन कोट।
असुर कहा हम आगए, सकल करं संलोट ॥ ११ ॥
हमहिं दयो इकलिंग हर, इह गढ़ आदि अनादि।
ध्रुव सुरव्य मेवार धर पाइय भाग प्रसाद ॥ १२ ॥
तो अब कौन बपुरो तुरक, गढ़ रहि मंडे गेह।

कितकु एह इत मुख करे, सुन्दरि सत्य सनेह ॥ १३ ॥
बीबी सों छू छू करे, भग्गो सोवत भोर ।
मध्य निसा रिन मंडि के, जीवित गहो सजोर ॥१४॥

कवित्त ।

अंबर इक आदित्य इक्क गिरि गुहा सिंह इक । असि इक इक प्रतिकार ठौर औरहिं न एह ठिक ॥ ए सुथान बहु मान नहीं असुरान थान इह । करों भंजि चकचूर साहिजादा रुसेन सह ॥ हम छतें कोन इहिं रहि सके आवो असुर अनेक दल । जब लों सु सिंह नहिं संचरें तबलों जानि कुरंग बल ॥ १५ ॥

तब लग तुम प्रस्तार तार उडुग्रह तबहीं लग । तब लग तस्कर जोर घूक द्रुग बल तबहीं लग ॥ तब लग रजनी रोर ढ़ोर तब लग गल बंधे । षह षद्योत उद्योत चक्क चकई चषु अंधे ॥ किन्नो प्रकास जब सहसकर तब न कोइ ग्रह तार तम ॥ कातिक कुंआार बद्दल कबिल बाहु बहें झूठो बिभ्रम ॥ १६ ॥

करें दहन कर गहन अवर अहि मुंह घर घल्लें । सिंह जगावै सुपत विषम बीरनि सँग बुल्लें ॥ उदधि तरन आसँगे षाइ बिष तनु सुष चाहें । त्यों ए तुरक अयान लरन हम सत्य उमाहें ॥ जिन दहे अद्रि बड़ बड़ अगनि तिन मुँह अग्र कितेक तरु । बारुनहिं उड़ावत बायु सों ती पूनी कहँ ओर बर ॥ १७ ॥

बुल्लय तब बर बीर कुँवर भगवंत सिंह भर । महा-राइ अरि सिंह नंद षट दरस उंच कर ॥ संग्रामहिं सुसमत्थ बेद बसुमति प्रति रक्खन । कबिल करिन केहरि समान बहु बिद्धि बिचक्खन ॥ इतो ऽब कोप इन परि कहा सकल बत्त सुबिशेषियहि ॥ संहरों माहि सेना सकल तो हम हत्य सुलेषियहि ॥ १८ ॥

कितक एह गुरु काम एह लहु हम तर लायक। कँवल उषारन काज कहा कुंजर दल नायक ॥ कट्टन कांस कुठार कहा केहरि कुरंग कजि। कहा कीटकनि केकि कहा मंडुकनि नाग सजि ॥ कितनैक कबिल ए युद्ध कर गड्डुर ज्यों सब घेरि घन। इक्केक हनों असि घाउ करि उथपि थान ओरँग सुतन ॥ १९ ॥

(अथ चंद्रसेन झाला के बचन) ॥ प्रथक ऊष ज्यों पीलि दलिग कन ज्यों घन दुज्जन । सूरत ज्यों उनमूरि दूरि नंषो दह दिसि तिन । करषनि ज्यों आकरषि षेत षल तिनु २ तत्थिय ॥ कुसुम कली ज्यों चूंट्टि षूंटि डिरनी ज्यों मिच्छिय। घन दाव घाव घन घंघलनि अरि असुरानि उथप्पिहों । कहि चंद्र-सेन झाला सुकर फिर निज थानहिं थप्पिहों ॥ २० ॥

(अथ चहुवान राव सबलसिंह को बचन)

सबल सिंह ज्यों सिंह तबहि गुंजो करि तामस ॥ सुनत गेन प्रति सद्द बिक्कट चहुवान बीर रस ।मारों मुगल

मसंद दंद दलमलहु साहि दल। रिण हम मुख को रहे कहा आसुर अनंत बल । भंजों ऽब भूरि गिरि बज्र ज्यों चून करों इन चंड चित । तो नंदराव बलिभद्र को अब उझंटि नंषो अहित ॥ २१ ॥

(अथ रावत रतनसी चोंडाउत के बचन) ॥

कवित्त ।

ज्यों अंबुधि अंचयो अगस्ति ज्यों तरणि रयनि तम । दावा ज्यौं बन द्रुम अनेक दहि दुर्ग असम सम । ज्यों बद्दल फारत वायु ज्यों इह असुरायन । महन रंभ आरंभ पारि पिशुननि पारायन ॥ इकलिंग ईश जो शीश पर तो ऽब कहा परवाह इन । करि प्रबल कोप रघुनंद कहि रावत चोंडाउत रतन ॥ २२ ॥

(तदनु सगताउत कुंअर गंगदास के बचन) ।
सगताउत रावत्त केसरी सिंह सुनंदन ॥ गरजे कूंअर गंग सैन बध असुर निकंदन ॥ कहें सभारथ कत्थ यूथ घन यवन सँहारों । पारथ ज्यों हों प्रबल म्लेच्छ कौरब दल मारों ॥ मधुसूदन ज्यों सायर मथिग हनु ज्यौं शैल समुद्धरों । गहि साहि नंद गजगाह बँधि कहा बत्त बहुते करों ॥ २३ ॥

॥ दोहा ॥

पंचो भट महराण के, पंचो भारथ भीम ।
पंचो मिलि किन्नो मतो, पंचो सुरगिरि सीम ॥ २४ ॥
पंचो दल सज्जें प्रबल, पंचो विश्व विष्यात ।

ध्रुव रक्खन मेवार धर, लरन असुर संघात ॥ २५ ॥
मंगि हुकम महराण पें, है ठढ्ढे शिर नाइ ।
तब बीरा रु कपूर बर, संकर अप्पै सांइ ॥ २६ ॥
शिर चढ़ाइ पुनि नाइ शिर, घुरिय निसाननि घाउ ।
बढ़ि अवाज असुरान पर, चढ़ि जय सीह सुचाउ ॥२७॥

कवित्त ।

प्रथम सुहोत निसान चढ़ति बज्जी चावद्दिशि । हय गय पक्खरि भर सनाह पहिरिय सुबंधि असि ॥ दुतिय निसान सुहोत हसम घमसान घनारँभ । मिले सबल सामंत सूर ज्यों समुद सलित अँभ ॥ बाज्यो सु तृतीय निसान जब तब जयसिंह चढ़े सुहय । चामर ढुरंत उज्जल उभय आतपत्र नग रूप मय ॥ २८ ॥

चन्द्रसेन झाला नरिंद गजगाह बंध गुरु । चढ़े राव चहुआन सिंघ ज्यों सबर सिंघ बरु ॥ बैरी सल्ल पवांर राय बीराधिबीर रण । सगताउत रावत सुमज्जि केहरि केहरि गुन ॥ रावत चोंडाउत रतन सी महुकम रावत बड़ सुमति । चहुवान केहरी सी चढ़ै चपल तुरंगम चंड गति ॥ २९ ॥

महाराय भगवंत सिंह रुषमांगद रावत । षीची राव सुरेश षेंग चढ़ि षुरिय नषावत ॥ मानसिंह रावत सुमंत महुकम सिंघ रावत । गंगदास कूंअर अभंग केहरि चोंड़ाउत ॥ माधव सुसिंह चोंडा मरद कन्हा

सगताउत सुकर । जसवत जैत झाला प्रमुख सजे सकल सामंत भर ॥ ३० ॥

दोहा ।

सबल एह सामंत भर, अनि उमराव अपार ।
सेन कुंअर जयसिंह की, करन असुर संहार ॥ ३१ ॥

छंद मौत्तिमालती ।

गंगगड़ धोंकि निसान धों करि भद्र भंभा भरहरे । झननंकि ताल कँसाल झननन द्रनन दुरबरि डंवरे । सहनाइ पूरि सँपूरि सिंधुअ ठनन तूर ठनंकियं । ढम-ढमकि ढोल ढमं ढमं फुनि २ नफेरि भनंकियं ॥ ३२ ॥

संचले दल मुख सबर सिंधुर गात अंजन गिरि-वरा । सत्तंग भूमि लगंत सुन्दर झरत गिरि ज्यों मद झरा ॥ सिंदूर तेल सुरंग शीशहिं मुत्ति माल मनोहरं । संढुरत उज्जल चोंर सिरि अव सिंह सों बन ओभरं ३३

मुह संड दंड उद्दंड मंडित तरुन तरु उनमूरते । दृढ़ दिग्घ दंत सभार शशि दुति सकल सोभ सँपूरते ॥ महकंत दांत कपोल मूलहिं गुंज रव अलिगन भ्रमें । ठनकंत घंट सुघंट कंठहिं चरन घुग्घर घमघमें ॥३४॥

सुसनद्ध बद्ध सनाह संकर तदपि षग गति पग धरे । गरजंत ज्यौं घन गुहिर जलधर भीम ऋतु भद्रव भरे ॥ सुपताक हरित सुरत्त पीतनि चिन्ह हरि रवि चंडियं । कर कनक अंकुसि धत्त धत्तह पीलवाननि तंडियं ॥ ३५ ॥

घर चलत अग्गरु पच्छ चरषी षून तदपि षरे षरे । बहु विरद बंके बंदि बोले भूमि तब इक पय भरे ॥ कर अग्ग करिनी केक करिबर शुद्ध चित तब संचरे । पर दलनि पेलन पील दलपति बिकट कोटनि जे अरे ॥ ३६ ॥

ढलकंत ढाल सवास ढंकित डोल बर किन पर कसें । गुरु नारि गोर जंबूर किन पर लोह कोष्टक किन लसें ॥ किन पिट्ठि नद्द निसान नौबत कनक के सुब्भर तरे । गजराज गुरु सुरराज के से स्याम घन जनु संचरे ॥ ३७ ॥

एराक आरब देश उतपति कासमीर कलिंग के । कांबोज कोकणि कच्छि कबिले हय उतंग सु-अंग के ॥ पय पंथ सिंधञ्र पवन पथ के तरणि रथ के से तुरी ॥ बहु बिबिधि रंग सुरंग मजनसु षेंग वर करते षुरी ॥ ३८ ॥

हंसिले हरडे हरी किरडे रंग लाषिय लीलड़े ॥ रोझीय सिंहलि भेर अंब रस बोर मसकी ढूग बड़े ॥ संजाब तुरज़े ताजि तुरकी किलकिले अरु कातिले । सुकुमेत गंगाजल किहाडे गरुड गुलरँग गुण निले ३८

जिगमिगति नग युत स्वर्ण साकति बेनि बर षंधे बनी । सुजवादि मंडि रु पाट पचरँग गुंथी मधि मौक्तिक मनी ॥ फबि विविधि फुंदावली रेसम

लुंब भुंब बषानिये । बढ़ि हेष २ सघ्राण बज्जत जोर सोर सुजानिये ॥ ४० ॥

नच्चंत घृत तततान नट ज्यों थाल मध्ययलं गने। सकुनीन पूजतु मग्ग संगहिं गिरि उत्तंगहिं ना गिने ॥ पर करे नष सिष सजर पर कर समर योग सराहिये ॥ मनु मरुत मित्र कि चित्र चित्रित चाल चंचल चाहियेे४१

रग चढ़े तिन पर राव रावत अन्य गुरु लहु उम्मरा ॥ बर बीर धीर सभीर नृप भर सिलह पूर सडंबरा ॥ घन घाघ रट थट सुघट अवघट घाट कीजत दल घने । बड़ि छोह जोह सकोह कंदल क्रर वर देखे बनें ॥ ४२ ॥

रथ भरति के घन कनक रूब अधुर्य जिन जोरा धुरा । गुरुनारि गंत्रिन सोर गोरिय तीर तरकस तोमरा । धनु कवच त्राण कृपाण भगवति कुंत कत्ती किलकिला । सुहँवारि सार छतीस आयुध करण षल दल कंदला ॥ ४३ ॥

पयदल प्रचंड उदंड संडति सनध बद्ध समायुधा । रिस रोस जोस सुरत्त लोयन सद्दबेधी संयुधा ॥ पति भक्त पर दल पूर पैरत पाइ नन पच्छें परें। धससहि धरनि न घरन धमकनि धकनि कोर्टात धरहरें ॥४४॥

दल मध्य दिनपति-सरिस तनुद्यति कुंअर श्री जयसिंह हैं । आरुहें हंस सुवंस हय वर सकल चक्ख

समीह हैं ॥ उतमांग चौंर ढुरंत उद्यल आतपत्र जराव को ॥ कबि ब्रंद छंद बदंत कीरति देवद्रुम सद भावको ४५

दिशि विदिशि दल २ ज्यों जलधि जल अचल चलचल ह्वै चले। थल गृहनि थलभल कुंति कल २ सलल श्रेशति सलसले ॥ कलकलिय कच्छप पिट्ठि कसमस धींग धसमस धावहीं। सुरतार तार प्रतार वह्यत जानि विश्व जगावहीं ॥ ४६ ॥

शिव संक सकबक इंद अकबक धीर धाता धकपके। सुर सकल सटपट चंद चटपट अरुण अटपट हकबके ॥ झलझलिय निधि रबि परिय झंषर पह उझंषर पिक्खए। सर सलित सलिल समूह संकुरि वर प्रयान विसिक्खए ॥ ४७ ॥

करिग पयान सकोप चमू सज्जीव चतुरंगनि। अरक बिंब आवरिय रेणु भरि गेण सोर भनि ॥ उलटि जानि जल उदधि कटक भट विकट उपट थट। झकित मग्ग सर मुकित चकित चहुं ओर ऊटपट ॥ डरजंत कुरंग बराह बर हरि धर बन पुर असम सम ॥ जयसिंह कुंआर सुकरन जय चढ़ि दल बद्दल गम अगम ॥ ४८ ॥

एक अग्ग अनुसरत एक धावंत वग्र तजि। एक कुदावत तुरग इक्क रहवाल चाल सजि ॥ हयनि हेष नासानिनाद प्रसि साद गैंन गजि। पर निज

सुद्धि न परति भीति धरि रिप्पुन बन भजि ॥ उन्नत पताक पँच रँग प्रवर तिन उरझत रबि तुरग पय । तिनतें अवंत सुगतानि कन जानि राज्य श्री अवति जय ॥ ४८ ॥

अडग डगति डगमगति अद्रि षरहरति अष्टकुल । चंड चसु चकचकति उघरि यल गति मुद्रित पल ॥ अचल चलति षलभलति झलकि झलझलति जलधि सर ॥ अढर ढरति ढरि परति धरनि धरहरति हयनि षुर ॥ अकबकति इंद हकबकति हर धकपकि धाता धीर नन । जयसिंघ सेन सजि चढ़त जब तब त्रिभुवन संकत सुमन ॥ ५० ॥

॥ दोहा ॥

प्रबल पयान दिसान प्रति, नाद पूरि रज पूरि ।
बन गिरि तुट्टि संघुट्टि बन, भय पर जनपद भूरि ५१
आलम के दल उप्परहि, तत्ते किए तुषार ।
आए तबही गढ़ उररि, श्री जयसिंघ कुंआर ॥५२॥
दिए मलीदा मँगलनि, रातब हयनि रसाल ।
सलिल प्पाइ छंटेव मुंह, बरत्यो समय बियाल ॥५३॥
बीरा मध्य कपूर बर, लहु एलची लवंग ।
नवल जायफल मागरस, रंजे सुभट सुरंग ॥ ५४ ॥
सिंधू गोरी बजत सुर, सूरति बढ़त सुछोह ।
त्रिन ज्यों तन धन तिन तजे, मानिनि माया मोह ॥५५॥
पलक जात रजनी परि, बियुरंधौ तम सुबिसाल ।

तुरकानी दल पर तुरी, तेल न लगे भुवाल ॥५६॥
तबही ष्वग्ग गहें तुरित, सकल सूर सामन्त ।
करें बीनती कुंवर सों, शीतल भाष सुमंत ॥ ५७ ॥

अथ झाला चंद्रसेन जी की अरदास ।

प्रभु हम प्राक्रम पेखियहि, धरहु आप मन धीर ।
प्रथम पदाति युधंत जुधि, तदनु सांइ बरबीर ॥ ५८ ॥

अथ चहुवान राव सबलसिंघ जी की अरदास ।

हम समान सेवक सहस, निपजें बहुरि नबीन ।
सांई सेवक लक्खकनि, पोषन कों प्रभु कीन ॥५९॥

अथ पंवार राव वैरीसाल जी की अरदास ।

सांईं इह सेना सकल, हय गय सुभट समाज ।
समर समय ही को सजे, कहा और हम काज ॥ ६० ॥

अथ सगताउत रावत केसरी सिंघ जी की अरदास ।

सांइ काम सेवक मरे, तो तित स्वर्गहिं ठौर ।
सांइँ पंखे संकरें, तिनहिं नरग नहिं और ॥ ६१ ॥

अथ चोंडाउत रावत रतनसिंघ जी की अरदास ।

सांई रक्खे सीस पर, सेवक लरे सुभाइ ।
जब सेवक साहस बढ़ें, तहं प्रभु करे सहाइ ॥६२॥

अथ सगताउत रावत महुकम सिंघ जी की अरदास ।

मनिधर ज्यें थिर यप्पि मनि, आप तास सुप्रकास ।
चेजा करत सचेत चित, त्यें हम लरन उल्हास ॥६३॥

अथ राव केसरी सिंद जी की अरदास ।

सांई सिरजे हुकम को, हुकम दिपाउनहार ।

हुकमी सांई के बहुत, जंगवार जोधार ॥ ६४ ॥

तदनंतर महाराजा भगवत सिंघ जी की अरदास ।

तोरि पताका तुरक के, नोबति लेइ निसान ।
आवैं तो उमराव तुम्ह, प्रभु हम बचन प्रमान ॥६५॥

तदनु चहुवान रुषमांगद रावत की बिनती ।

सांइ पचारत सेवकन्नि, हां भल बोलि हुस्यार ।
तब मन दूनों बल बढ़ैं, शत्रुनि करत संहार ॥६६॥

तदनु षीची राव रतन की अरदास ।

इह तन इह मन इह सुधन, इह सुष गेह सयान ।
हैं सांई ही के सकल, परिकर संयुत प्रान ॥६७॥

अथ रावत मानसिंह जी की अरदास ।

राखी पीठि मुरारि रिन, पंडव पंच प्रधान ।
कौरव दल तिल २ किये, हम मन एह मंडान ॥६८॥

अथ सगताउत रावत महुकम सिंघ जी की अरदास ।

सांइ भरोसे रक्खिये, हम अभंग रन हिंदु ।
कहर काल करवाल गहि, मारहिं मीर मसंद ॥६९॥

अथ सगताउत गंगदास कुंअर की अरदास ।

बिमल बंश जन के विदित, मात पिता प्रभु एक ।
ते सांई के कामतें, टरे न इह तिन टेक ॥ ७० ॥

अथ चोंडाउत रावत केसरी सिंघ की अरज ।

देषत चंदहि दूरितें, चुनत क्रसानु चकोर ।
त्यों सांई निरषत सुभट, रण झुमचावहिं रोर ॥७१॥

अथ माधोसिंघ चौंडाउत की अरदास ।

सांई सुष तें हम सुखी, सकल सूर सामंत ।
ज्यों तरु सींच्यो पेड़ तें, पात २ पसरंत ॥७१॥

अथ कन्ह सगताउत की अरदास ।

सांई सकल सयान हो, गुरु बंधे गजगाह ।
एक तमासो अनुग को, देषहु दंदहु बाह ॥७३॥
कर युग जोरि सुललित करि, करि निज २ अरदास ।
करि प्रसन्न जैसिंघ मन, बग्ग थंभि बरहास ॥ ७४ ॥
सहस सुभट हय वर सहस, प्रभु रक्खे निय पास ।
समर धसे हय सहस दस, सुभट सहस दस भास ॥७५॥

कवित्त ॥

सकल सूर सामंत अरज बित्ती सु अद्ध निशि । वरषागम बद्दल बियाल द्रग चाल बंध दिशि ॥ भेले भय भारथ सुभीम पतिसाहि सेन पर । त्रटकि जानि घन तरित भटकि चित चक्रित असुर भर ॥ वे चूक २ कबिला बकत जानि किसान लुनंत कृषि । बज्जी सुझाक झर षग्ग झट संयुग प्रलय समीर शिषि ॥७६॥

छंद मकुंदडामर ।

झननंकिय षग्ग सुबज्जि झटाझटि धाइधसंमस धींग धसें । कर कुंत सकन्ति रुकन्ति कटारिय लोह झलंमल झांइ लसें । जरि जोधनि जोध जनो जम जोरिय टोप कटक्कि करी करकैं । झटकंत सनाह कृपान झनंकति हड्डु कटक्कि बजें जरक्कैं ॥ ७७ ॥

मिलि कंकनि कंक सुधार षिरंतह अग्गि झरंत कि बिज्जु झला । तिन होत उदोत तकै उतमंगहिं कोपित सूर अनंत कला ॥ मचि कंदल मीर गंभीर कटैं मधि माझिय जेइ मसंद महा । तनु भार सभारिय षंध भुजा तिन भार पराक्रम षग्ग बहा ॥ ७८ ॥

बहि बज्र प्रहार गदा गुरु मुग्गर पक्खर भार सुढार ढरें । टुटि टोपनि टूक फटैं फुनि टट्टर सैद बिकैद से सून फिरैं ॥ लरि लुंब पठान छके छिलि लोहनि षंड बिहंड बितंड भये । प्रहनंत न अप्पन आन पिछानत जानि सुठाण के षंभ गये ॥ ७९ ॥

दुहुं ओर दुबाह उछाह उमाहिय आपने ईश की आन बदैं । तजि नेह सुदेह सुगेह सुमानिनि सांइंय काम सुहाम रुदैं ॥ करि ताक संभारि संभारि सुहक्कत बेधत बान अभंग बली । तनु त्रान संधान सुआन स प्रानहिं बेधत आनहिं होत रली ॥ ८० ॥

सर सोक बजंत सुढ़ंकिय अंबर डंबर जानि कि मेघ ग्रवैं । बहि रंग प्रबाह सुराह प्रबालिय चोल रँगे जनु चेल चुवैं ॥ फरसी हर हुल्ल गुपत्ति फुरंतह धीरज केइक धीर धरैं । भननंकिय गोर सुसोर भटक्किय गेन गजैं गिर शृङ्ग गिरैं ॥ ८१ ॥

धर पिट्ठि धसक्कि २ धराधर कायर जानि कुरंग भगे । घन घोष सुत्रंबक सिंधु तुरंतह ज्यों बर बीरनि

बीर जगे ॥ कुननंत किते कबिला कलहंगनि रुम्मि रुहिल्ल गोहल्ल रुरैं । मचि मारहु मार सुमार सुषं सुष भारिय भारत भूप भिरैं ॥ ८२ ॥

उतमांग पतंत कहैं केइ अल्लह के रसना तें रसूल ररें । घन घायल घाउ लगे घट घूमत झूमत ही धर घांसि परें ॥ हबसी उजबक्क बलोचिय भंभर गक्खरि भक्खरि कोन गिनें । परि सत्थर बित्थर घेरि रिनंगन बायक कैसे कहंत बनें ॥ ८३ ॥

कटि कंध कमंध सुअंध गहें असि नच्चत रूप बिरूप लगें। उबरंत परंत गिरंत कि गिंदुक जिंदु अटट्ट-टहास जगें ॥ गज बाजि फिरंत रिनंगन गाहत भंजि करं कनि भूक करें । तरफैं अधतंग तुटे नर आसुर ज्यों जलहीन सुमीन रुरें ॥ ८४ ॥

कर षग्ग कढ़ें शिर षंध लटक्कत आन झटक्कत झुंझि भरें । सुष मार बकंत हकंत हुस्यारिय झार प्रनार सुरंग झरें ॥ नट ज्यों भटकें किन बल्ल निपट्ट उलट्ट पलट्ट कुलट्ट नचें । अनतुंग अनोकुह अंत अलुज्झत मांस रु श्रोनित पंक मचें ॥ ८५ ॥

किन अश्व कटंब धयंत सुपाइन पाइ झरंत सुकुन्त बरें । रहि ठट्ट सुगट्ट कुधंत इकें करपार बदंतन क्षोनि परें ॥ बिन हत्थ किते धपि मारत मुंडहिं ज्यों बृष मेष महीष भिरें ॥ कढ़ि सत्थ लथब्बथ के

हय बाहु सुमुट्ठिन मुट्ठि ज्यों मल्ल जुरें ॥ ८६ ॥

भभकें करि सुण्ड बिहंड भसुण्डह चच्चर रत्त प्रवाह चलें ॥ उछरें अरि षंड सुजानि अजग्गर जंगल केलि करंत जलें ॥ उड़ि श्रोनित छिंछि उतंग अयासहिं संभ समान सुबान बढ़्यो ॥ बलि लेन बिताल रु बीर बिनोदिय चौंसठि युग्गिनि रंग चढ़्यो ॥ ८७ ॥

लगि लुत्थिन लच्छि उलच्छि पलच्छिय हत्थिन हत्थिय व्यूह अरे ॥ हय सत्थ किते हय ग्रीवह बस्सिय बाढ़ बिहस्सिय भूमि ढरे ॥ दुटि टोप रु त्रान कृपान सरासन तीर तरक्कस कुन्त तुटैं ॥ बर बेरष बंबरि भंड उभभरि नेज रु नारि अराब फटैं ॥ ८८ ॥

बहु रूप बिलास प्रहास समीहित ईशर अंबुज माल गुहें ॥ सब केक हकारि बकारि सुउट्टहिं गिद्धिनि तुंडनि मुंड गहें ॥ प्रहनंत दुहूं पष बीर पचारत बाहि समाहि बदंत बली ॥ तिन सद्द सुनंत सुनारद तुंबर रक्खस जक्ख सुहोत रली ॥ ८९ ॥

अरि मुंड किते हय गय पय ठिप्पर चोट चोगान की दोट भये । रनरंग रलत्तल रत्त महीतल चक्क चलंचल चंड जुए ॥ रस भैरव भूत पिचास महोरग दैतरु दानव दंद चहैं । सुर इंद सबै मिलि सूर सराहत हो हिंदुवान की जैति कहैं ॥ ९० ॥

हरि रुंड रु मुंडनि नाग मलेछनि सेन सुषंड

बिहंड भई ॥ प्रहरेक प्रमान महा झर मंडिय भारथ उद्धम भांति ठई ॥ बरें हूर समूर संपूर सुसूर सनेह गरें बर माल ठवें ॥ जयकार करंति अधाइ समुत्तिन मंगल गाय प्रसून स्रवें ॥ ८१ ॥

कवित्त ॥

प्रमुदित स्रवति प्रसून गीत रंभागन गावत ॥ बरत सु बर बर बीर बिमल मोतीन बधावत ॥ गरहिं घल्लि बर माल साषि दे सकल सूर सुर ॥ पंकजनैनी पढ़त बरयों मैं प्रगट एह बर ॥ बेताल फाल बिकराल बपु हास अट्ट हरषत हसत ॥ असि झरझरंत तुट्टत असुर धीर बीर रिण धर धसत ॥ ८२ ॥

असि अपार अकरार धार रिपुमार धपंतिय ॥ जंगवार जोधार भार करतार सुभंतिय ॥ झलमलंति झनकंति खिज्जि षल मत्थ बिपंतिय ॥ सोदामिनि-सोदरा समल सन अजय जपंतिय ॥ रँगी सुरँग रल-तल रुहिर सकल सत्रु संहारती ॥ हिंदवान थान रक्खन सुहृद भगवति प्रगटी भारती ॥ ८३ ॥

बिफुरि हिंदु बर बीर ढान असुरान ढंढोरत ॥ हय गय नर संहार भार घन झंड झकोरत ॥ लुट्टत लच्छि अलेष कूह फुट्टी अकरारिय ॥ सोवत सुंदरि सत्थ शाहिजादा भय भारिय ॥ षलभलिय सु षल-तिय कुल सकल अकुल बिकल हिय हरबरत ॥ भग्गो

सभीति गिरि बन गहन निसि अँधियारो अरबरंत॥८४॥

हिय हहरंति हुरम्म हार तुट्टत मोतिन गन ॥ परत हीर परवाल लाल श्रम भाल स्वेद कन ॥ निघ-टि स्वास निस्वास भरति लोचन मृगलोचनि ॥ यूथ भ्रष्ट मृग बधु समान चक्रित रस रोचनि ॥ धावंत उ-मग्गनि मग्ग तजि एकाकिनि गिरि गृह सजति । ए ए प्रताप जयसिंघ तुम अरिन बाम रन बन ब्रजति॥८५॥

लुट्टि षजान अमान लुट्टि हय गय सुबिहानिय । साहिगंज ढंढोरि तोरि तंबू तुरकानिय ॥ नौबति लेइ निसान भार रिपु थान सुभज्यौ । जानी सकल जिहान सकल सज्जन मन रंज्यौ ॥ बहुरे निसंक जय करि बहुत मिल्यौ म्लेछ तिन मारयौ । महाराण सुभट सामंत सजि बहु असुरान बिडारयौ ॥ ८६ ॥

दोहा ।

भगौ साहिजादा गयौ गढ़ अजमेर अनिट्ठ ॥
रहे न आसुर और रन नृपत बाव सब नट्ठ ॥ ८७ ॥
करैं सुमुजरो कुअर सों सकल सूर सामंत ॥
छवि छिलते रन छोहले बहु सुष पाय अनंत ॥ ८८ ॥
लहे सु जिन २ लुट्टि के हय बर हच्छी हेम ॥
कुंअर अग्ग ते भेट करि पोषिय प्रबर सुप्रेम ॥ ८९ ॥
रक्खन जोगे रक्खि के सनमाने सब सूर ॥
ग्राम ग्राम तिन देइ गुरु सज सिरपाव सनूर ॥१००॥

आए निज गृह जीति अरि करि बहु कंदल काम ॥
उथपि थान असुरेश को हृदय सुपूरिय हाम ॥ १०१ ॥
इहि परि रक्खे निज अवनि राजसिंघ महाराण ।
और हिंदु सेवे असुर षल षंडन षूमान ॥ १०२ ॥

अथ कलस कवित्त । अजमेरह अग्गरो काध दिल्ली धर धुज्जै । रिनथंभह रलतले लच्छि लाहौर लुटिज्जै ॥ षुरासान षंधार यटा मुलतान थरक्कै । चंदेरी चलचलय भीति उज्जैनि भरक्कै ॥ मंडवह धार धरनी मिलय डुलय देस गुजरात डर । औ दक्कै साहि औरंग अति राण सबल राजेश बर ॥ १०३ ॥

अचल युद्ध धर अकल अखल अज्जेज अभंगह ॥ अद्भुत अनम अनंत आदि अवनीस सु अंगह ॥ काल-किन केदार पापि कज्जे प्रयाग पहु ॥ महि सु गग मदवान बिरुद इहिं भांति जास बहु ॥ जगतेश राण सुअ जगत जस अच्छि देत बिलसंत अति ॥ कहि मान राण राजेस यौं सत्रीपन रक्खंत षिति ॥१०४॥

सज्जन सों सनमान दंड भरि थक्के दुज्जन ॥ जसकारक जाचकनि देत हय हच्छि दिन दिन ॥ न्याउ बेद बर नीति दूध कौ दूध जल जल ॥ अजा सिंघ थल इक्क सलिल ढुक्कत बिन संकल ॥ ध्रुवर अजास जौलौं धरा प्रगट बिरुद जिन हिंदुपति ॥ कहि मान राण राजेश यौं सत्रीपन रक्खंत षिति ॥१०५॥

इन्द्र रूप ऐश्वर्य्य दान जलधर ज्यौं दिज्जै ॥ राजतेज रवि रूप क्रोध रिपुकाल कहिज्जै ॥ लीला ज्यौं लच्छीस न्याय श्री राम निरतर ॥ अर्जुन ज्यौं सर अचल बिक्रमादित्य बचन बर ॥ कलियुग कलंक कप्पन बिरुद मलन असुरपति बिमल मति * ॥१०६॥

ऐं उत्तम आचार निबल आधार सबल नृप ॥ सुरहि संत जन सरन जग्य घन दान होम जप ॥ बिस्तारन बिधि बेद ईश प्रासाद उद्धरन ॥ असुरायन उत्थपन सुकवि घन बित्त समप्पन । दिन दिनहि सदा ब्रत षट दरस भुंजाई यदुनाथ भति । कहि मान राण राजेश यों छत्रीपन रक्खन्त षिति ॥ १०७ ॥

इति श्री मन्मान कवि विरचिते श्री राजविलास शास्त्रे महाराणा श्री जयसिंह जी कुंआरपदे श्रीचित्र-कूट महादुर्ग्गे पातिसाह औरंगसाहि कथ साहिजादा कब्बर तदुपरि रतिवाह वर्णनं नाम अष्टादसमो विलासः ॥ १०८ ॥

॥ इति श्री राजविलास ग्रन्थ संपूर्णः श्रीरस्तु ॥

* नोट– इस छंद का अंतिम चरण हस्तलिखित पुस्तक में नहीं लिखा, परंतु अनुमान से जान पड़ता है कि इसका भी अंतिम चरण वही होगा जो इसके पहले और पीछे वाले छंदों का है। अर्थात "कहि मान राण राजेश यों छत्रीपन रक्खंत षिति"।